हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 13.07.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 346 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये    RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति ने किया मन्नम स्मृति मंडपम का उद्घाटन



**नई दिल्ली** : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने रविवार को नई दिल्ली में मन्नम स्मृति मंडपम का उद्घाटन किया। यह मंडपम मन्नम इंटरनेशनल सेंटर में एक स्मारक कक्ष है। कार्यक्रम का आयोजन नायर सर्विस सोसाइटी की दिल्ली शाखा की ओर से किया गया। साथ ही उन्होंने समाज सुधारक और स्वतंत्रता सेनानी मन्नथु पद्मनाभन की प्रतिमा का अनावरण किया। कार्यक्रम में मन्नथु पद्मनाभन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने 1914 में नायर सर्विस सोसाइटी की स्थापना की थी और केरल में नायर समुदाय के उत्थान के लिए सामाजिक न्याय, शिक्षा, समानता और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी और एनएसएस दिल्ली के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### वांछित उग्रवादी राजेंद्र साहू गिरफ्तार

**खूंटी** : खूंटी पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) को दोबारा सक्रिय करने की कोशिश में जुटे वांछित उग्रवादी राजेंद्र साहू उर्फ राजेंद्र साव उर्फ मास्टर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक देसी पिस्टल और छह जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार उग्रवादी मुरहू थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव का रहने वाला है और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था।

### नक्सलियों के कई गुप्त डंप बरामद सोना, नकदी, हथियार और विस्फोटक जब्त

**दंतेवाड़ा** : छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में पुलिस और सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नक्सलियों के कई गुप्त डंप बरामद किए हैं। आत्मसमर्पित नक्सलियों की निशानदेही पर बारसूर थाना क्षेत्र के तोड़मा गांव के जंगल-पहाड़ी इलाके में चलाए गए अभियान के दौरान 116 ग्राम सोना, दो लाख रुपये नकद, आधुनिक हथियार, भारी मात्रा में गोला-बारूद, विस्फोटक और नक्सली सामग्री जब्त की गई। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रुपये बताई गई है।

## संसद के मानसून सत्र से पहले सरकार साधेगी सभी दलों से संवाद

# 19 जुलाई को होगी सर्वदलीय बैठक

एजेंसी

**नई दिल्ली** : संसद के मानसून सत्र से पहले केंद्र सरकार ने 19 जुलाई को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस बैठक में सरकार विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं से आगामी सत्र के एजेंडे पर चर्चा करेगी और संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने में सहयोग का आग्रह करेगी।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में लोकसभा और राज्यसभा में प्रतिनिधित्व रखने वाले सभी प्रमुख दलों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। बैठक में विपक्षी दल भी अपने प्रमुख मुद्दे सरकार के सामने रखेंगे।

मानसून सत्र के दौरान विपक्ष विभिन्न राष्ट्रीय और राजनीतिक मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की तैयारी में है। ऐसे में सर्वदलीय बैठक को सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलाने और गतिरोध कम करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।



### 20 जुलाई से शुरू होगा मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान सरकार कई महत्वपूर्ण विधेयकों और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा और पारित कराने की तैयारी में है।

### सरकार करेगी सहयोग की अपील

बैठक में सरकार सभी दलों से सकारात्मक सहयोग की अपील करेगी ताकि संसद में महत्वपूर्ण विधायी कार्य बिना व्यवधान के पूरे किए जा सकें। वहीं विपक्ष भी अपनी प्राथमिकताओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को बैठक में उठाने की तैयारी कर रहा है।

# साइप्रस के जहाज पर ईरान का हमला

## 11 भारतीय थे मौजूद, 10 सुरक्षित, 1 लापता

एजेंसी

**नई दिल्ली** : ओमान के तट पर साइप्रस के ध्वज वाले कंटेनर जहाज जीएफएस गैलेक्सी पर ईरान के हमले की भारत ने कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने वाणिज्यिक जहाजों पर लगातार हो रहे हमलों पर चिंता जताते हुए क्षेत्र में तनाव कम करने और सुरक्षित नौवहन बहाल करने के लिए तत्काल कूटनीतिक समाधान का आह्वान किया है।

हमले के समय जहाज पर 11 भारतीय नागरिक सवार थे। इनमें से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय नागरिक अब भी लापता है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान स्थित भारतीय दूतावास स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और खोज एवं बचाव अभियान में ओमान के अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है।

### भारत ने की कड़ी निंदा



विदेश मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों पर वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाया जाना बेहद चिंताजनक है। ऐसे हमले तत्काल बंद होने चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही एवं व्यापार जल्द बहाल किया जाना चाहिए।

भारत ने सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव कम करने और बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखना वैश्विक समुद्री व्यापार और सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

## प्रिंस खान गिरोह के दो गुर्गे गिरफ्तार फिरौती और लेवी नेटवर्क का खुलासा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चतरा** : चतरा पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान उर्फ हैदर अली के दो सहयोगियों को गिरफ्तार कर फिरौती और लेवी नेटवर्क का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिहार के भोजपुर निवासी अशफाक आलम और सद्दाब अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से मोबाइल फोन और लेवी की रकम के लेन-देन से जुड़े अहम डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक अनिमेष कुमार नैथानी ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि दोनों आरोपित प्रिंस खान के लिए लेवी की रकम एकत्र कर उसे पहुंचाने और उसके आपराधिक नेटवर्क को संचालित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे।



एसपी ने बताया कि हंटरगंज थाना क्षेत्र के पिंडरा गांव निवासी प्रेमचंद सिंह ने प्रिंस खान के खिलाफ एक करोड़ रुपये की फिरौती मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर हंटरगंज थाना कांड संख्या 206/25 में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विशेष जांच शुरू की गई।

## राम मंदिर दानपेटी प्रकरण पर आरएसएस ने जताया दुख, निष्पक्ष जांच की उम्मीद

एजेंसी

**बेलगावी** : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की दानपेटी से जुड़े कथित अनियमितता के मामले पर चिंता व्यक्त की गई। संघ ने कहा कि इस प्रकरण की जांच निष्पक्ष तरीके से पूरी होनी चाहिए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए।

कर्नाटक के बेलगावी में आयोजित वार्षिक अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले समेत देशभर के 226 कार्यकताओं ने भाग लिया।



बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों और समसामयिक विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

बैठक में वर्ष 2026 में आयोजित 83 संघ शिक्षा वर्ग और 12 कार्यकर्ता विकास वर्गों की समीक्षा की गई। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 18,842 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शाखा विस्तार अभियान, ग्राम विकास, परिवार प्रबोधन, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

संघ के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया। बैठक में जनगणना, जनसांख्यिकीय असंतुलन, नशामुक्ति अभियान तथा संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650वीं जयंती से जुड़े कार्यक्रमों पर भी मंथन हुआ।

## देशभर में सात ईएसआई स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन कल

एजेंसी

**नई दिल्ली** : केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया 14 जुलाई को देशभर में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) से जुड़ी सात स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। तेलंगाना के सनतनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 668 करोड़ रुपये की लागत वाली इन परियोजनाओं का शुभारंभ होगा। इनसे देशभर के लगभग 53 लाख बीमित व्यक्तियों एवं लाभार्थियों को आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार मनसुख मांडविया सनतनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल के नए बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) ब्लॉक का प्रत्यक्ष उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वे छह अन्य परियोजनाओं का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इनमें असम के बेलटोला में उन्नत 200-बिस्तरीय ईएसआईसी अस्पताल, तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में 100-बिस्तरीय अस्पताल, आंध्र प्रदेश के राजमहेंद्रवरम स्थित ईएसआईएस अस्पताल, गुजरात के सुरेंद्रनगर तथा राजस्थान के कोटा के उद्योग नगर में ईएसआई औषधालय एवं शाखा कार्यालय तथा राजस्थान के भवानी मंडी में ईएसआई औषधालय शामिल हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे भी उपस्थित रहेंगी।

### पुणे : तीन मंजिला बिल्डिंग हादसे का 83 घंटे में पूरा हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन

## 9 लोगों की मौत, मृतकों के परिजनों को 40 लाख रुपये की आर्थिक मदद

एजेंसी

**मुंबई** : पुणे जिले के मोशी इलाके में तीन मंजिला बिल्डिंग गिर जाने से हुए हादसे में 83 घंटे का रेस्क्यू ऑपरेशन रविवार को पूरा हो गया है। आज सुबह तक नौ कर्मचारियों के शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल में भेज दिए गए हैं। हादसे में कुल 9 लोगों को बचा लिया गया है। इस घटना में मृतक कर्मचारियों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से 40 लाख रुपये की मदद घोषित की गई है।

पिंपरी-चिंचवड़ के मोशी में 'वेस्ट टू एनर्जी' प्रोजेक्ट में 8 जुलाई को करीब दो बजे जमा किए गए कचरे के ढेर के पास तीन मंजिला एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग ढह गई थी। हादसे के समय बिल्डिंग में कुल 23 कर्मचारी कार्यरत थे, लेकिन हादसे की भनक लगते ही पांच कर्मचारी भाग कर बिल्डिंग से निकल गए थे, जबकि 18 कर्मचारी घटनास्थल पर बिल्डिंग के मलबे में अटक गए थे। इस घटना की सूचना मिलने पर पिंपरी नगर निगम की टीम, नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एनडीआरएफ), स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (एसडीआरएफ) की टीम, भारतीय सेना की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर करीब 83 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद रविवार को सुबह तक नौ कर्मचारियों के शव बाहर निकाले गए।






# ईरान ने जॉर्डन, कुवैत, बहरीन और कतर में अमेरिकी मिलिट्री ठिकानों पर किए हमले

एजेंसी

**तेहरान** : ईरान ने दावा किया है कि दक्षिणी ईरान पर अमेरिकी हमलों के जवाब में उसकी सेना और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (कक्कक्ष) ने जॉर्डन, कुवैत, बहरीन और कतर में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से जवाबी हमले किए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि अमेरिका ने आगे कोई सैन्य कार्रवाई की तो उसे और अधिक सख्त जवाब दिया जाएगा।

ईरान की सरकारी समाचार सेवा प्रेसटीवी के मुताबिक आईआरजीसी ने रविवार को जारी बयान में आरोप लगाया कि अमेरिका ने ओमान पर दबाव डालकर और होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिण में जहाजों की गतिविधियां बढ़ाकर तनाव पैदा किया। संगठन का दावा है कि ईरानी नौसेना ने इन प्रयासों को विफल कर दिया, जिसके बाद अमेरिका ने दक्षिणी ईरान के तटीय ठिकानों और संचार टावरों पर हवाई हमले किए।



ईरान के अनुसार, जवाबी कार्रवाई के पहले चरण में आईआरजीसी की एयरोस्पेस फोर्स ने जॉर्डन के प्रिंस हसन एयर बेस पर हमला किया। इसके बाद दूसरे चरण में कतर स्थित अमेरिकी अल-उदीद एयर बेस को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया गया। ईरान का दावा है कि हमले में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और कमांड एंड कंट्रोल सेंटर को नुकसान पहुंचा।

एक अलग बयान में ईरानी सेना ने कहा कि उसने कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर आत्मघाती ड्रोन से हमले किए। सेना के मुताबिक, कुवैत में पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम, गोला-बारूद डिपो और रडार साइट को निशाना बनाया गया, जबकि बहरीन में अमेरिकी संचार और रडार सुविधाओं पर ड्रोन हमले किए गए।

ईरान ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की ओर से सैन्य कार्रवाई जारी रही तो जवाब और अधिक कठोर होगा। साथ ही क्षेत्र में बढ़ने वाले तनाव और अस्थिरता की जिम्मेदारी अमेरिका और उसके सहयोगियों पर होगी।

इस बीच, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर दक्षिणी ईरान में सैन्य कार्रवाई की गई, जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान की नियंत्रण क्षमता को कमजोर करना था।

उधर, फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, अमेरिकी हमलों के बाद बुशहर प्रांत के असलूयेह और बंदर दायेर क्षेत्रों में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। इससे पहले आईआरजीसी नौसेना ने घोषणा की थी कि अगले आदेश तक होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा और इसे तब तक नहीं खोला जाएगा जब तक अमेरिका क्षेत्र में अपनी सैन्य गतिविधियां बंद नहीं करता।

# डीसी ने किया एसआईआर के द्वितीय चरण के तहत मतदाताओं से प्रपत्र भरकर जमा करने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमन्त सती आज 12 जुलाई को नगर निगम क्षेत्र के नूरा वार्ड नंबर 3 के मतदान केंद्र पहुंचे एवं संबंधित बीएलओ से SIR संबंधी कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान नगर आयुक्त ओम प्रकाश गुप्ता मौजूद रहे। उपायुक्त ने बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की समीक्षा की तथा स्वयं मतदाता केंद्र में बैठकर सामान्य नागरिकों द्वारा दिए जा रहे गणना प्रपत्र की जांच की। घर घर जाकर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया के तहत उपायुक्त ने पुलिस लाइन में एक मतदाता दिनेश कुमार के घर जाकर इनके परिजनों के बात की तथा गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया को समझाया।



**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त की अपील**

उपायुक्त द्वारा आज एसआईआर की प्रक्रिया की जांच के दौरान उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि सम्पूर्ण झारखंड के साथ-साथ हजारीबाग जिले में भी एसआईआर का दूसरा चरण सुचारू रूप से चलाया जा रहा है। उन्होंने जिले के तमाम मतदाताओं से इस महत्वपूर्ण और समयबद्ध प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईआर का यह दूसरा चरण 30 जून से शुरू हो चुका है और 29 जुलाई, 2026 तक जारी रहेगा। चूंकि यह पूरी प्रक्रिया समयबद्ध है, इसलिए 30 जुलाई तक इसे हर हाल में संपन्न किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

**प्रक्रिया के तहत तीन मुख्य कार्य किए जाने हैं:**

मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र का वितरण करना। मतदाताओं द्वारा उस गणना प्रपत्र को सही-सही भरना और उसे वापस बीएलओ को सौंपना। मतदाताओं से प्रपत्र प्राप्त होने के बाद बीएलओ द्वारा उसे डिजिटाइज करना। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चूंकि यह प्रक्रिया थोड़ी लंबी है, इसलिए सभी मतदाता अपने संबंधित बीएलओ से यथाशीघ्र संपर्क स्थापित करें। यदि किसी कारणवश किसी मतदाता को गणना प्रपत्र प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे तुरंत प्रपत्र प्राप्त कर उसे भरकर अपने बीएलओ को वापस लौटाएं। नगर निगम क्षेत्र के लिए विशेष पहल शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की जा रही है। नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी बीएलओ प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से लेकर रात 8:30 बजे तक समाहरणालय में उपस्थित रहेंगे। यदि किसी भी मतदाता को अपना गणना प्रपत्र जमा करना है या प्रपत्र भरने में किसी प्रकार की समस्या या परेशानी आ रही है, तो वे शाम 5:30 बजे के बाद समाहरणालय पहुंच सकते हैं। समाहरणालय परिसर में एक सुविधा केंद्र भी बनाया गया है, जहां से मतदाता अपने संबंधित बीएलओ का पता लगा सकते हैं।

## एक नजर

### रेलवे रोड में जलजमाव से यात्री परेशान



**बरही :** बरही रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर बारिश से जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सड़क की स्थिति इतनी बदतर हो गई है कि इस रास्ते से चलना यात्रियों के लिए मुश्किल हो गया है। इसी सड़क से होकर प्रत्येक दिन सैकड़ों रेल यात्री आना जाना करते है। बरसात के पहली बारिश में ही रेलवे रोड का स्थिति चरमरा गया है, अब सोचने वाली बात यह है कि अभी पूरा बरसात बाकी है। सड़क पर पानी जमा होने के कारण दो - पहिया चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने रेलवे एवं जिला प्रशासन से इस सड़क की निर्माण की मांग की है।

### 14 जुलाई को सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं बीएलए-2 की होगी द्वितीय बैठक



**बरही :** प्रखंड क्षेत्र के सभी बुथों पर 14 जूलाई को बीएलओ एवं बीएलए-2 की द्वितीय बैठक सह चुनाव पाठशाला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।इस निमित बीएलओ द्वारा पुनरीक्षण अवधि में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बीएलए-2 के साथ-साथ बैठक किया जाना है।इस सम्बंध में बीडीओ जयपाल महतो ने सभी राजनीतिक दल के बीएलए-2, प्रखंड क्षेत्र के सभी बीएलओ,सभी बीएलओ सुपरवाइजर,सभी प्रतिनियुक्त वॉलेंटियर को पत्र जारी कर बैठक का आयोजन करते हुए बैठक की कार्यवाही एवं फोटो का संधारण करने का निर्देश दिया?। उन्होंने निर्देश जारी करते हुए कहा कि प्रारूप ASDD की सूची BLA-2 के साथ साझा करते हुए उस पर सत्यापन हेतु विचार-विमर्श करना है।साथ ही अनमैप्ड मतदाताओं के संबंध में भी विचार-विमर्श किया जाना है। उन्होंने इस बैठक में आम मतदाताओं, सामाजिक कार्यकताओं, अन्य राजनीतिक कार्यकताओं को शामिल होने का अपिल किया। इस बैठक में गैर भारतीय व्यक्ति को शामिल नही किया जाएगा।

### मतदाता सूची में नाम सुरक्षित रखने के लिए एसआईआर प्रक्रिया जरूरी : बिनोद सिंह

**चौपारण:** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से चौपारण पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने पंचायत के सभी मतदाताओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के सत्यापन एवं अद्यतन की यह प्रक्रिया प्रत्येक मतदाता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। जानकारी के अभाव में किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से प्रभावित न हो, इसके लिए सभी लोग निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें। उन्होंने बताया कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची का सत्यापन और अद्यतन करना है। सभी पात्र मतदाता निर्धारित प्रपत्र भरकर आवश्यक दस्तावेज जमा करें, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सुरक्षित बना रहे। जिन मतदाताओं को अब तक फॉर्म प्राप्त नहीं हुआ है, वे अपना मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) लेकर पंचायत भवन पहुंचें। वहां उन्हें पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी और आवश्यक सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## घोरबंधा में जमीन की लड़ाई बनी जानलेवा इलाज के दौरान गई एक की जान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चलकुशा :** गैरमजरूवा जमीन के झगड़े ने ले ली एक व्यक्ति की जान चलकुशा थाना क्षेत्र के घोरबंधा गांव में 24 जून को दो पक्ष आमने-सामने हो गए। मारपीट इतनी बढ़ गई कि बंशी यादव पिता जोधी महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की खबर फैलते ही गांव में गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए परिजन रविवार सुबह 7 बजे मृतक का शव लेकर चलकुशा थाना गेट पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। उनके साथ स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव भी धरने में शामिल हुए। विधायक ने दोषियों पर जल्द कारवाई की मांग की है। वहीं परिजनों का साफ कहना था अगर पुलिस समय पर आ जाती तो ये नौबत नहीं आती। करीब 4 घंटे तक हंगामे के बाद जिला डीएसपी ज्ञानरंजन और बरही



एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद 11:30 बजे धरना खत्म हुआ। विवाद कोई नया नहीं ये जमीन विवाद पुराना है। इसी को लेकर पहले भी दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर केस किए थे। थाना में कांड संख्या 37/25, 38/25, 66/26 और 67/26 पहले से दर्ज हैं। ताजा मामले में आगजनी और मारपीट के आरोप में पुलिस ने कांड 64/26 और 65/26 दर्ज किया है। इसमें 8 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## 16 जुलाई की रथयात्रा से पहले सड़क और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की उठी मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** आगामी 16 से 18 जुलाई तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव की तैयारियों को लेकर श्री जगन्नाथ रथयात्रा प्रबंधन समिति ने विधायक मनोज यादव के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने आयोजन की तैयारियों की जानकारी देते हुए चैथी मोड़ से पूरे चौपारण बाजार तक सड़क की जर्जर स्थिति, गड्ढों और साफ-सफाई की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि रथयात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं की आवाजाही होगी, ऐसे में समय रहते सड़क मरम्मत और सफाई का कार्य पूरा होना आवश्यक है। समिति ने विधायक को बताया कि सड़क की खराब स्थिति के संबंध में निर्माण कंपनी एवं स्थानीय प्रशासन को आवेदन और मौखिक सूचना दी जा



चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि रथयात्रा में करीब 50 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, इसलिए यातायात, सुरक्षा और स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाना चाहिए। विधायक मनोज यादव ने समिति की मांगों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन एवं निर्माण एजेंसी से अविलंब आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि चौपारण की श्री जगन्नाथ रथयात्रा क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। इसके सफल और व्यवस्थित आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करना चाहिए। बैठक में समिति अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, सचिव राजदेव यादव, संयोजक अभिषेक सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, शिवकुमार यादव, सुबोध यादव, आनंद चंद्रवंशी, बीरेंद्र सिंह, राजकुमार यादव, बलराम दांगी, मुखिया गंदौरी दांगी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## केदारूत पंचायत में 423 लाभुकों के बीच साड़ी-धोती का हुआ वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के केदारूत पंचायत स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान, संचालिका कविता देवी के यहां झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत 423 लाभुकों के बीच साड़ी एवं 423 लाभुकों के बीच धोती का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लाभुकों ने भाग लेकर योजना का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत की मुखिया सरिता देवी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य गरीब, जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग के लोगों को सम्मानपूर्वक सहायता उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जन वितरण प्रणाली के माध्यम से संचालित योजनाओं का



लाभ प्रत्येक पात्र लाभुक तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे, इसके लिए जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभाग लगातार कार्य कर रहे हैं। मुखिया सरिता देवी ने लाभुकों से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की समस्या आती है तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन या जनप्रतिनिधियों को दें, ताकि उसका शीघ्र समाधान किया जा सके। वितरण कार्यक्रम के दौरान कुल 423 साड़ी एवं 423 धोती का वितरण किया गया। योजना का लाभ मिलने पर लाभुकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए झारखंड सरकार एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार जताया। मौके पर मुखिया सरिता देवी, पीडीएस दुकानदार कविता देवी, मुरली यादव, किशोरी यादव, जितेंद्र सिंह, आनंद यादव, पवन यादव, वार्ड सदस्य अंजू देवी, नीतु देवी, किरण देवी, रंगीला देवी, कंचन देवी, भीखनी देवी सहित कई गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में चला विशेष स्वच्छता अभियान, बाहरी क्षेत्र में बनेगा पाथवे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से बाबू वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में पिछले एक सप्ताह से विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम के महापौर अरविंद कुमार राणा की पहल पर जेसीबी की मदद से स्टेडियम परिसर एवं बाहरी क्षेत्र में उगी झाड़ियां, घास तथा अवांछित वनस्पतियों को हटाकर पूरे परिसर को व्यवस्थित किया जा रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 1967 में इस स्टेडियम का नामकरण महान स्वतंत्रता सेनानी वीर बाबू कुंवर सिंह के सम्मान में किया गया था। वर्तमान अभियान के तहत स्टेडियम के चारों ओर फैले क्षेत्र की साफ-सफाई कर उसे अधिक उपयोगी और आकर्षक बनाया जा रहा है। बाहरी क्षेत्र को पाथवे के रूप में किया जाएगा विकसित महापौर अरविंद कुमार राणा ने बताया कि यह विशेष स्वच्छता अभियान 19 जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के अंदर लगभग 400 मीटर तथा बाहरी क्षेत्र में लगभग 800 मीटर का ट्रैक है। बाहरी हिस्से की साफ-सफाई कर वहां पाथवे विकसित करने की योजना है, ताकि खिलाड़ी, मॉर्निंग वॉकर एवं आम नागरिक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में इसका उपयोग कर सकें। महापौर ने कहा कि "स्टेडियम के बाहरी क्षेत्र को पाथवे के रूप में विकसित कर खिलाड़ियों और शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है।"शहर की स्वच्छता प्राथमिकता महापौर ने बताया कि हजारीबाग उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल का मुख्यालय है। ऐसे में शहर की स्वच्छता, हरियाली और सौंदर्य बनाए रखना नगर निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी उद्देश्य के साथ शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों का कायाकल्प किया जा रहा है।

## हरियाली दूत दिनेश साव के नेतृत्व में सैकड़ों पौधों का वितरण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में रविवार को प्रखंड की बच्छई पंचायत स्थित सिंघरावां मोड़ में पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के निदेशक एवं हरियाली दूत दिनेश साव के नेतृत्व में सैकड़ों फलदार एवं छायादार पौधों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान पौधारोपण कर लोगों को हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक



उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, वनपाल प्यारे लाल साव, समाजसेवी रामलखन राणा, वरिष्ठ नेता गोपाल विश्वकर्मा, भाजपा नेता सुरेश साव, पंचायत समिति प्रतिनिधि बीरबल साहू एवं बिंदो साव ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने सिंघरावां मोड़ पर आम का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक पौधे लगाने की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा भी समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भगहर जंगल में हो रही अवैध पेड़ों की कटाई पर चिंता व्यक्त करते हुए वन विभाग से सख्त कार्रवाई की मांग की। वनपाल प्यारे लाल साव ने हरियाली दूत दिनेश साव के पर्यावरण संरक्षण के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें धरती पुत्र की संज्ञा दी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भगहर सहित अन्य जंगलों में अवैध कटाई रोकने के लिए वन विभाग पूरी गंभीरता से कार्रवाई करेगा। हरियाली दूत दिनेश साव ने बताया कि वे अब तक 30 हजार से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में योगदान दे चुके हैं। उनके द्वारा लगाए गए कई पौधे आज विशाल वृक्ष बन चुके हैं, जो लोगों को फल, छाया और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने पौधारोपण की वैज्ञानिक विधि एवं पौधों की देखभाल के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की पत्नी के निधन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने जताया शोक



**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू बड़कागांव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की पत्नी मोलनी देवी की निधन पर बड़का गांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोकनाथ महतो से मुलाकात कर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया। इसके पूर्व बड़कागांव आगमन पर आदित्य साहू का विधायक रोशन लाल चौधरी, बड़कागांव मंडल शिबू कुमार उर्फ शिव शंकर तथा उरीमारी मंडल अध्यक्ष विजय यादव व अन्य बीजेपी कार्यकताओं ने अभिनंदन किया। मौके पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अवनेश सिंह, रामगढ़ जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बाबला, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, डॉक्टर बालेश्वर महतो, मूलचंद साव, उमेश दांगी, उपेंद्र सिंह ,बद्री नारायण सिंह, शिबू कुमार उर्फ शिव शंकर, विजय यादव, बाल गोविंद प्रसाद सोनी, शेर सिंह, खेमलाल महतो, प्रभु राणा ,नौशाद आलम, मेवालाल नाग, आदित्य साहू सोनी, रामपति राम, संतोष कुमार शर्मा, कर्मचारी साव, किशोर राणा, इंद्र भूषण, नरसिंह प्रसाद, भागीरथ ठाकुर ,अवध किशोर यादव, सत्यजीत विद्या अलंकार,श्रीकांत निराला , उदय मेहता ,किशोर कुमार के अलावा दर्जनों भाजपाई उपस्थित थे।

### टीपीसी के नाम पर लेवी मांगने वाला को थाना प्रभारी ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**बड़कागांव :** उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर लोगों को धमकाने और लेवी मांगने वाले एक अप्राथमिकी अभियुक्त को बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि कांडतरी निवासी 22 वर्षीय प्रवीण कुमार पिता तालेश्वर महतो टीपीसी के नाम पर लोगों को फोन कर लेवी मांगता था।लेवी न देने पर वह अंजाम भुगतने की धमकी भी देता था। इस संबंध में बड़कागांव थाने में कांड संख्या 123/26 दर्ज है, जिसमें बीएनएस की धारा 308(3)/308(4), 61 और 17 सीएलए एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा।पुलिस ने अभियुक्त के पास से अपराध में इस्तेमाल किया गया।टीपीसी संगठन के नाम पर धमकी भरा पर्चा एवं मोबाइल फोन जब्त किया गया है। थाना प्रभारी के द्वारा कई कांडों का खुलासा कर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर निरंतर जेल भेजने का कार्य जारी है। इनके कार्य से आम जनता को पुलिसिंग पर विश्वास और बढ़ा है। छापामारी अभियान में मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, एसआई अभिषेक कुमार, राकेश खवास सहित पुलिस सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मलकोको प्रीमियर लीग का विजेता बना धुरंधर टाइगर, विक्रम 11 को हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा



**बरही :** बरही प्रखंड के मलकोको में चल रहे मलकोको प्रीमियर लीग का रविवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला धुरंधर टाइगर एवं विक्रम 11 के बीच खेला गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष सह पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम एवं मुखिया संघ अध्यक्ष सह स्थानीय मुखिया विजय यादव शामिल हुए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी धुरंधर टाइगर की टीम ने 12 ओवर में 97 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी विक्रम 11 की टीम 63 रन पर ही सिमट गई। इस प्रकार धुरंधर टाइगर की टीम विक्रम 11 को 34 रन से मात देकर एमपीएल का विजेता बना। वहीं विजेता टीम को अतिथियों ने 5 हजार रुपया और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, जबकि विक्रम 11 की टीम को 3 हजार और ट्रॉफी देकर स्वागत किया गया। इस दौरान जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास, तनाव कम करने, और अनुशासन व टीम - भावना जैसे जीवन कौशल सीखने के लिए जरूरी है। यह हमारे संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारने में मदद करता है। मौके पर ए.आई.एम.आई.एम नेता सूरज दास, सामाजिक कार्यकर्ता गुलाब दास, केदार राणा, शंकर दास, मो अब्दुल उर्फ संजय, हाजी जहूर, मो मुस्ताक एवं अजहरुद्दीन समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

### 4वीं जूनियर एवं सब-जूनियर जिला तैराकी चैंपियनशिप 2026 सफलतापूर्वक संपन्न



**हजारीबाग :** हजारीबाग तैराकी संघ के तत्वावधान में 4वीं जूनियर एवं सब-जूनियर जिला तैराकी चैंपियनशिप का सफल आयोजन रविवार को द अनंता बाय द हिल, कन्हरी, हजारीबाग स्थित स्विमिंग पूल परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए युवा तैराकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग से कुल 90 तैराकों तथा बालिका वर्ग से 25 तैराकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विभिन्न आयु वर्गों एवं स्पधाओं में किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना एवं प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल थे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। पुरस्कार वितरण एवं पदक समारोह प्रात: 11:00 बजे आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रद्धानंद सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ , विकास कुमार (वीभीयू), भैया अभिमन्यु प्रसाद, , शेफाली गुप्ता, अशोक कुमार, हर्ष अजमेरा अनवर हुसैन, सत्यदेव सिंह, रौनक ग्रोवर, आर्कश, कपिल जैन सुमित जायसवाल डॉक्टर जितेंद्र आकाश अंकुल, राकेश गुप्ता ,रचित ग्रोवर, विकास कुमार रंजन चौधरी सहित खेल एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

# छात्र आंदोलन का इतिहास फिर से दोहराने का वक्त आ गया है : सुबोधकांत सहाय



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** छात्र आंदोलन का इतिहास फिर से लिखने का वक्त आ गया है। छात्रों की गूंज दिल्ली दरबार में बैठे केंद्र की भाजपा सरकार के कानों तक गूंजने लगी है। इतिहास इस बात का हमेशा गवाह रहा है कि छात्रों की मांगों को जिस किसी ने भी नजरंदाज किया, उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। उक्त बातें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रविवार को मोरहाबादी मैदान में रांची जिला महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कही। सहाय ने कहा कि राहुल गांधी सर्वमान्य नेता हैं। वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को करारा जवाब देने में भी सक्षम हैं। उनसे आंख से आंख मिलाकर बात करने वाले राजनेता राहुल गांधी हैं। सहाय ने कहा कि छात्रों की मांगों को लेकर और उनका भविष्य संवारने के लिए कांग्रेस पार्टी ने राष्ट्रव्यापी अभियान का शुभारंभ किया है। यह गूंज थमने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि अहंकार में डूबी केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता व झारखंड सरकार के मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक राजेश कच्छप, विधायक नमन विक्सल कोंगारी, लोकप्रिय छात्र नेता व एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक कन्हैया कुमार, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चीब, प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी भूपेंद्र मराबी, रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुमार राजा, कांग्रेस नेता विनय सिंह दीपू, शिल्पी वर्मा, सौरभ अग्रवाल, अरुण मिश्रा पप्पू, धर्मराज राम, पंकज शर्मा सहित काफी संख्या में युवा कांग्रेस व एनएसयूआई के कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देशभर में लगातार हो रहे पेपर लीक और छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ नेता राहुल गांधी ने एक बड़ी लड़ाई का आह्वान किया है। इसी संकल्प के साथ छात्रों की गूंज अभियान की शुरूआत की गई है, ताकि देशभर के छात्रों की आवाज बुलंद हो सके और शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को मजबूती मिले।

### स्टूडेंट्स मैराथन आयोजित

इसी क्रम में छात्रों की गूंज, रांची द्वारा पेपर लीक के विरोध में स्टूडेंट्स मैराथन का आयोजन किया गया। प्रातः 6 बजे बापू वाटिका, मोरहाबादी से प्रारंभ होकर कचहरी चौक, फिरायालाल चौक होते हुए पुनः बापू वाटिका, मोरहाबादी में मैराथन का समापन हुआ। मैराथन के विजयी प्रतिभागियों को बिरसा हॉस्पिटल, खूंटी (बिरसा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च) की ओर से पुरस्कृत किया गया।

## सिटीजन फोरम ने वार्ड पार्षदों से विकास कार्यों में देरी पर जताई चिंता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची सिटीजन फोरम ने वार्ड पार्षदों से मुलाकात कर रविवार को विकास कार्यों में हो रही देरी पर चिंता जताई। फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि कार्यक्रम के तहत अब तक रांची नगर निगम के 53 में से 50 निर्वाचित वार्ड पार्षदों से उनके क्षेत्रों में जाकर इस तरह की मुलाकात की गई है। फोरम के प्रतिनिधिमंडल ने वार्ड छह की पार्षद मोनिका खलखो, वार्ड 18 की आशा गुप्ता और वार्ड 28 की रश्मि चौधरी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर ज्ञापन सौंपा। फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला ने कहा कि चुनाव हुए चार महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक स्थायी समिति, क्षेत्रीय समिति, वार्ड समिति, विषय समिति, तदर्थ समिति और संयुक्त समिति का गठन नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास कार्यों को केवल फंड की कमी का हवाला देकर रोका जा रहा है, जबकि रांची नगर निगम के आय-व्यय और विभिन्न निधियों की अद्यतन स्थिति सार्वजनिक नहीं की गई है। वार्ड पार्षदों ने बताया कि दो बोर्ड बैठकें होने के बावजूद विकास योजनाएं आगे नहीं बढ़ सकी हैं। उनका कहना था कि निर्वाचित पार्षदों को अब तक मानदेय भी नहीं मिला है, जिससे झारखंड नगरपालिका अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के अनुपालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। वार्ड छह की पार्षद मोनिका खलखो ने सामुदायिक भवन के निर्माण और गिफ्ट डीड की भूमि का उपयोग कर क्षेत्र की प्रमुख सड़कों के चौड़ीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिनिधिमंडल में रेणुका तिवारी, आशीष जायसवाल, कुमार अभिषेक दुबे शामिल थे।

## रांची में 115 राशन कार्डधारियों पर 3.5 करोड़ का जुर्माना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में फर्जी राशनकार्ड धारकों के खिलाफ लगातार ऐक्शन जारी है। यहां आपूर्ति विभाग ने शनिवार को रातू प्रखंड में अपात्र राशन कार्डधारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 115 लोगों पर करीब 3.5 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग ने सभी संबंधित कार्डधारियों को नोटिस जारी कर निर्धारित समय के भीतर जुर्माने की राशि जमा करने और अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया है। विभाग की जांच में 45 ऐसे राशन कार्डधारी मिले, जिनकी वार्षिक आय 6 लाख रुपये से अधिक है। वहीं 70 ऐसे लोग भी चिह्नित किए गए, जिनके पास चारपहिया वाहन है। बता दें कि सरकारी मानकों के अनुसार दोनों श्रेणियों के लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन कार्ड के पात्र नहीं हैं। इसके बावजूद वे लंबे समय से सरकारी अनाज का लाभ लेते रहे। जांच के बाद प्रत्येक अपात्र कार्डधारी पर 2.94 लाख रुपये से 3.19 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया गया है। विभाग का मानना है कि अपात्र होने के बावजूद सरकारी योजना का लाभ लेने से सरकारी राजस्व को नुकसान हुआ है, इसलिए नियमानुसार वसूली की कार्रवाई की जा रही है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि सरकार के निर्देश पर जिलेभर में अपात्र राशन कार्डधारियों की पहचान का अभियान चलाया जा रहा है। जांच के दौरान जिन लोगों ने गलत जानकारी देकर राशन कार्ड बनवाया या अपात्र होने के बाद भी लाभ लिया है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जांच अभियान जारी रहेगा और पात्रता के मानकों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी। इधर, जनवितरण प्रणाली के डीलरों ने बताया कि अब तक किसी भी अपात्र कार्डधारी ने जुर्माने की राशि जमा नहीं की है। अधिकांश लोग राशि जमा करने के बजाय विभाग के समक्ष अपना पक्ष रखकर राहत की मांग करने की तैयारी में हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पात्र ना होने के बावजूद इन लोगों ने अवैध रूप से राशन कार्ड बनावाया और सरकारी योजना का अवैध रूप से लाभ उठाया। अब जांच के दौरान इसका खुलासा हुआ है। खुलासे के बाद प्रशासन ने कार्रवाई करने का मूड बनाया और 115 लोगों पर कुल 3.5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगा दिया है। अब इनसे इन रुपयों की वसूली भी की जाएगी। इसके लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रशासन का कहना है कि इस तरह के अवैध राशन कार्ड धारकों की लगातार जांच की जा रही है और सबूत मिलने के बाद उनपर भी कार्रवाई की जाएगी।

## पंडरा में स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा स्थायी बाजार संजय सेठ और मेयर ने किया जगह चिन्हित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची के पंडरा क्षेत्र में सड़क किनारे दुकान लगाकर आजीविका चलाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स के लिए राहत की खबर है। लंबे समय से स्थायी बाजार की मांग कर रहे इन छोटे कारोबारियों को जल्द ही एक निश्चित स्थान मिल सकता है। इस दिशा में रविवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और रांची की मेयर रोशनी खलखो ने पंडरा क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया और संभावित स्थल का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पंडरा थाना के सामने तथा पंडरा पुल के बाद दाहिनी ओर स्थित खाली सरकारी जमीन का अवलोकन किया गया। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ इस बात पर चर्चा हुई कि इस भूमि को विकसित कर स्ट्रीट वेंडर्स के लिए एक सुव्यवस्थित स्थायी बाजार बनाया जाए, जिससे वे बिना किसी बाधा के अपना व्यवसाय संचालित कर सकें। पंडरा के ओटीसी मैदान से लेकर फ्रेंड्स कॉलोनी तक प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्ट्रीट वेंडर्स अपनी दुकानें लगाते हैं। स्थायी स्थान के अभाव में उन्हें आए दिन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, अस्थायी व्यवस्था और अन्य प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को रक्षा राज्य मंत्री एवं क्षेत्र के सांसद संजय सेठ पहले भी नगर परिषद की बैठक में प्रमुखता से उठा चुके हैं। प्रस्तावित योजना के तहत केवल बाजार ही नहीं, बल्कि दैनिक मजदूरों के लिए शेड और स्वच्छ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। इससे मजदूरों और छोटे कारोबारियों को एक ही स्थान पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और क्षेत्र में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकेगी। जनप्रतिनिधियों का मानना है कि स्थायी बाजार बनने से स्ट्रीट वेंडर्स को सम्मानजनक कार्यस्थल मिलेगा, उनकी आजीविका अधिक सुरक्षित होगी और शहर की यातायात एवं बाजार व्यवस्था भी अधिक सुव्यवस्थित हो सकेगी।

## ब्रह्माकुमारी विवि ने किया नशा मुक्त प्रतिज्ञा अभियान का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के मेडिकल प्रभाग और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को संचालित नशा मुक्त भारत अभियान हरमू रोड स्थित चौधरी बागान सेवा केंद्र में 10 करोड़ नशा मुक्त प्रतिज्ञा महाअभियान के साथ शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गोविंदराम कटारुका विद्यालय की प्रधानाचार्या शिप्रा ने कहा कि युवाओं का उज्ज्वल भविष्य शिक्षा के साथ उत्तम संस्कार और स्वस्थ जीवनशैली पर निर्भर करता है। बढ़ती नशे की प्रवृत्ति समाज के लिए गंभीर चुनौती है, जिससे जनजागरूकता के माध्यम से ही प्रभावी ढंग से मुकाबला किया जा सकता है। जवाहर नवोदय विद्यालय के उपप्रधानाचार्य प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि आज नशा युवाओं को गुलाम बना रहा है। इससे मुक्ति के लिए मानसिक जागरूकता आवश्यक है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने बताया कि अभियान के तहत देश के 372 जिलों में स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से 10 करोड़ लोगों को नशामुक्ति का संकल्प दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि राजयोग मेडिटेशन नशे की लत से बाहर निकलने में सहायक है। शिक्षकों ने भी राजयोग को मानसिक मजबूती का प्रभावी माध्यम बताया। नशे के दुष्प्रभावों पर नाट्य मंचन किया गया तथा आगामी जनजागरूकता गतिविधियों की रूपरेखा पर बैठक भी हुई।

## द ब्लैकबोर्ड के प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित हुए मेधावी छात्र





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** डंगराटोली स्थित शिक्षण संस्थान द ब्लैकबोर्ड में झारखंड बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदीप नरसरिया थे। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि, संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा, विनय सिंह एवं शिक्षकों ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समारोह को आकर्षक बनाया।

**राज्य मेरिट सूची में शानदार प्रदर्शन**

द ब्लैकबोर्ड के 10 विद्यार्थियों ने झारखंड बोर्ड की राज्य स्तरीय टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि 20 विद्यार्थियों ने टॉप-15 में जगह हासिल की। इसके अलावा 59 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

**नकद पुरस्कार और उपहार देकर किया सम्मानित**

समारोह में राज्य के टॉपर्स और अन्य मेधावी विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल, शील्ड, प्रशस्ति-पत्र तथा 51 हजार रुपये की सम्मान राशि प्रदान की गई। साथ ही स्मार्ट टीवी, स्मार्ट वॉच, साइकिल सहित कई आकर्षक पुरस्कार देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।

**गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया जोर**

संस्थान के निदेशक सुशांत मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल अच्छे अंक दिलाना नहीं, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना भी है।

समारोह में मौजूद अभिभावकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए संस्थान के शिक्षकों और प्रबंधन की सराहना की। कार्यक्रम का समापन सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## एक नजर

### आदित्य साहू ने लोकनाथ महतो की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने हजारीबाग जिले के बड़कागांव स्थित पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के आवास पहुंचकर उनकी पत्नी मोलनी देवी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं तथा दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो की धर्मपत्नी मोलनी देवी का हाल ही में निधन हुआ था। उनके निधन की सूचना मिलने पर आदित्य साहू बड़कागांव स्थित उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। इस अवसर पर आदित्य साहू ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में भारतीय जनता पार्टी का पूरा परिवार शोक-संतप्त परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति, धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार, प्रदेश प्रवक्ता अनिवेश सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

### रांची के संग्रामपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में शिवलिंग क्षतिग्रस्त

**रांची :** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र अंतर्गत संग्रामपुर गांव स्थित एक प्राचीन शिव मंदिर में रविवार सुबह शिवलिंग क्षतिग्रस्त मिलने से पूरे इलाके में तनाव का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु और स्थानीय लोग मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। लोगों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन की तरह रविवार सुबह भी श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे थे। मंदिर में प्रवेश करते ही उनकी नजर स्थापित शिवलिंग पर पड़ी, जो क्षतिग्रस्त अवस्था में था। यह दृश्य देखते ही श्रद्धालु स्तब्ध रह गए। कुछ ही देर में घटना की खबर पूरे गांव में फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर पहुंचने लगे। लोगों का कहना था कि यह घटना धार्मिक आस्था और भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली है तथा इसकी निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कांके थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों और श्रद्धालुओं से बातचीत कर उन्हें शांत कराया तथा कानून अपने हाथ में नहीं लेने की अपील की। इसके बाद पुलिस ने मंदिर परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र करने की प्रक्रिया शुरू की। जांच के क्रम में पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि घटना के समय संदिग्ध गतिविधियों और इसमें शामिल लोगों की पहचान की जा सके।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में 'विहंगम-2026' कला प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**रांची :** रांची स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में रविवार को कला प्रदर्शनी 'विहंगम-2026' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने शिक्षा, अध्यात्म, साहित्य, संगीत, स्वास्थ्य तथा दैनिक जीवन से जुड़े विभिन्न विषयों पर आधारित रचनात्मक और आकर्षक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की सृजनात्मकता और नवाचार ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाते हुए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। पारंपरिक एवं लोकनृत्यों के माध्यम से विद्यार्थियों ने देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का सुंदर प्रदर्शन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### 'आत्मबोध से विश्वबोध' विषय पर वैचारिक संगोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन




**रांची :** अखिल भारतीय साहित्य परिषद, रांची जिला इकाई के तत्वावधान में आत्मबोध से विश्वबोध विषय पर वैचारिक संगोष्ठी सह काव्य गोष्ठी का आयोजन विद्यापति भवन, रांची में गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष डॉ. राजश्री जयंती ने की। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आत्मबोध ही व्यक्ति, समाज एवं राष्ट्र के समग्र विकास का मूल आधार है तथा भारतीय साहित्य मानवता, संस्कृति और राष्ट्रचेतना का सशक्त संवाहक है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार सिंह ने भारतीय साहित्य की परंपरा एवं उसकी वर्तमान प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री डॉ. विजय प्रकाश ने आत्मबोध को विश्वकल्याण का आधार बताते हुए भारतीय चिंतन की वैश्विक उपयोगिता पर अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रशांत करण तथा सम्मानित अतिथि प्रदेश मंत्री इन्द्रजीत यादव एवं चंदन प्रजापति ने साहित्य की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय भूमिका पर सारगर्भित वक्तव्य दिए। संगोष्ठी के उपरांत आयोजित काव्य गोष्ठी में डॉ सुरेंद्र कौर नीलम , रेनू जा रेणुका, डॉ. ममता मनीष सिन्हा, असीत कुमार, रेणु बाला धार, ऋतुराज वर्षा, रूणा रश्मि 'दीप्त', स्मिता, संगीता वर्मा, विभा वर्मा, डॉ. अजय नन्दन, अनिरुद्ध साहू, निर्मला कर्ण ,करुणा सिंह कल्पना, प्रेम लता , सुधा कर्ण ,उमा सिंहा, सदानंद सिंह यादव, स्मिता पी, शालिनी नायक सहित अनेक कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का काव्य-पाठ किया। विशेष रूप से डॉ. ममता मनीष सिन्हा की ओजस्वी एवं भावपूर्ण प्रस्तुति ने श्रोताओं को विशेष रूप से प्रभावित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन इंद्रजीत यादव ने किया। उन्होंने कहा कि साहित्य समाज में संस्कार, संवेदना एवं राष्ट्रीय चेतना के संवर्धन का प्रभावी माध्यम है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए उन्होंने सभी अतिथियों, साहित्यकारों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### एमपीडब्ल्यू कर्मियों का बड़ा फैसला : 13 जुलाई से आंदोलन, श्रावणी मेला ड्यूटी का बहिष्कार

**रांची :** झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ ने अपनी वर्षों से लंबित मांगों को लेकर 13 जुलाई 2026 (सोमवार) से राज्यव्यापी चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो वे श्रावणी मेला प्रतिनियुक्ति-2026 का सामूहिक बहिष्कार करेंगे। इस आंदोलन को झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ का भी समर्थन प्राप्त है। संघ ने मांग कि है कि पिछले 18 वर्षों से कार्यरत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (पुरुष) का सृजित पदों पर स्थायी समायोजन हो। जेएसएससी द्वारा क्षेत्रीय व बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता के लिए निकाली गई त्रुटिपूर्ण अधियाचना/विज्ञापन को तुरंत रद्द किया जाए। वर्ष 2016 से 2025 तक श्रावणी मेला ड्यूटी के बकाया टीए/डीए भत्ते का अविलंब भुगतान हो और इस वर्ष ड्यूटी से पहले भुगतान सुनिश्चित किया जाए। आंदोलन की रूपरेखा : 13 – 16 जुलाई : काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। 17–20 जुलाई : मांगों से संबंधित संदेश तख्ती लगाकर विरोध करेंगे। 21–23 जुलाई : नियमित कार्य के साथ भूख हड़ताल। 24–25 जुलाई : जिलों में सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन। 27 जुलाई : मांगें पूरी न होने पर नेपाल हाउस (रांची) स्थित स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव के कार्यालय का शांतिपूर्ण घेराव। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार और महासचिव मंगल हेंब्रम ने कहा कि वर्षों की सेवा के बाद भी समायोजन न होने से कर्मियों में भारी आक्रोश है। सरकार से अपील है कि वे जल्द निर्णय लेकर आंदोलन की स्थिति को टालें।

### जलवायु परिवर्तन और स्वास्थ्य पर मां फाउंडेशन का राज्यव्यापी जागरूकता अभियान शुरू




**रांची :** रांची स्थित मां फाउंडेशन 'एक संकल्प' संस्था ने जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर बढ़ते दुष्प्रभावों को लेकर राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान की शुरूआत की है। अभियान का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, पौधरोपण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है, ताकि बदलते मौसम से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सके। संस्था की अध्यक्ष सुमन झा ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा और बदलते जलवायु चक्र का सीधा असर मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। डेंगू, चिकनगुनिया सहित कई मौसमी बीमारियों के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने की आवश्यकता है। संस्था के सचिव आकाश पात्रा ने बताया कि अभियान के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक, विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रैली और जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके माध्यम से लोगों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों और उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। संस्था के संरक्षक विनय कुमार झा ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, जल संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि झारखंड में सहज उपलब्ध सहजन, करेला, जामुन, आंवला और मडुआ जैसे पौष्टिक एवं औषधीय खाद्य पदार्थों का नियमित सेवन कई गंभीर बीमारियों से बचाव में सहायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए चिकित्सकों, पर्यावरणविदों, समाजसेवियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग लिया जा रहा है। संस्था का लक्ष्य पर्यावरण संरक्षण और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जनभागीदारी बढ़ाकर समाज में जागरूकता का व्यापक वातावरण तैयार करना है। साथ ही आने वाले दिनों में राज्य के विभिन्न जिलों में इस अभियान का विस्तार करते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने की योजना बनाई गई है।

### अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर रिम्स में आज स्मृति क्विज और शैक्षणिक कार्यक्रम

**रांची :** राजधानी रांची में स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के प्लास्टिक सर्जरी विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक सर्जरी दिवस के अवसर पर 13 जुलाई को स्मृति क्विज एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में नवीनतम वैज्ञानिक जानकारियों का आदान-प्रदान, चिकित्सकों के बीच अकादमिक संवाद को बढ़ावा देना तथा युवा चिकित्सकों को इस विशेषज्ञता से जुड़े नवीन शोध एवं तकनीकों से अवगत कराना है। आयोजन के दौरान प्लास्टिक सर्जरी विषय से संबंधित वैज्ञानिक प्रस्तुतियां, विशेषज्ञों के व्याख्यान और स्मृति क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर प्लास्टिक सर्जरी के क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों, आधुनिक उपचार पद्धतियों और जटिल सर्जिकल तकनीकों पर भी विस्तार से चर्चा होगी। कार्यक्रम में रिम्स के वरिष्ठ प्रशासनिक पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य, चिकित्सक, रेजिडेंट डॉक्टर तथा रांची के प्रतिष्ठित प्लास्टिक सर्जन भाग लेंगे।

एक नजर

### मारवाड़ी युवा मंच ने चलाया पर्यावरण संरक्षण का अभियान

**रामगढ़ :** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट चेतना शाखा के तत्वावधान में रविवार को पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल के सम्मान में पर्यावरण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के अंतर्गत पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें शाखा के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही पूर्व में लगाए गए पौधों को जल देकर उनकी देखभाल का संकल्प लिया। साथ ही पौधों के पूर्ण रूप से विकसित होने तक उनकी नियमित सेवा और संरक्षण किया जाएगा। स्वच्छता अभियान के तहत सदस्यों ने आसपास के क्षेत्र की सफाई की और समाज को स्वच्छ और हरित वातावरण बनाए रखने के लिए जागरूक किया। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी देखभाल करने और स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर चेतना शाखा की अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल, सचिव शिखा अग्रवाल और कोषाध्यक्ष सिद्धि जैन ने अभियान को सफल बनाने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहभागिता और सेवा-भाव से ही ऐसे सामाजिक अभियान सफल होते हैं।

### उम्मीद विद्यालय के बच्चों को गर्मी से राहत के लिए कुलर की भेंट

**रामगढ़ :** शहर के मेन रोड स्थित बालिका मध्य विद्यालय के उम्मीद विद्यालय में इनर व्हील क्लब की ओर से एयर कूलर लगाया गया, ताकि विद्यार्थियों को गर्मी से राहत मिल सके। गर्मी और उमस को देखते हुए यह पहल बच्चों को स्वच्छ एवं ठंडी हवा उपलब्ध कराने और उनके लिए बेहतर अध्ययन वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई। इस अवसर पर उपस्थित क्लब के सदस्यों ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सहयोग के लिए सभी सहयोगकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में काफी राहत मिलेगी। संस्था ने भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक कल्याण से जुड़े ऐसे जनहितकारी कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन, सचिव नवलजीत कौर, प्रियंका जैन, ममता अग्रवाल, जसमीत सोनी, रंजू अरोड़ा, नीति अरोड़ा, मीडिया प्रभारी प्रियंका जैन सहित क्लब की अन्य सदस्य मौजूद थी।

### नकली विदेशी शराब फैक्ट्री में छापेमारी 350 पेटी शराब जब्त

**गिरिडीह :** उत्पाद विभाग और गिरिडीह पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए नकली विदेशी शराब की फैक्ट्री का खुलासा कर लाखों रुपये की नकली विदेशी शराब और अन्य सामग्री जब्त की है। पुलिस ने जिले के बेंगाबाद थाना इलाक के घाघरा में छापेमारी कर 350 पेटी नकली शराब जब्त की है। इसके अलावा शराब निर्माण में प्रयुक्त सामानों की भी बरामदगी हुई है । मामले को लेकर अधीक्षक उत्पाद शिवकुमार साहू एवं थाना प्रभारी अमन कुमार ने रविवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान अधीक्षक उत्पाद ने बताया कि जिलाधिकारी रामनिवास यादव ने सख्त निर्देश दे रखा है कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध शराब का कारोबार नहीं चलना चाहिए। डीसी के निर्देश के आलोक में लगातार सूचना एकत्र की जा रही थी। इस बीच सूचना मिली कि बेंगाबाद के घाघरा नामक स्थान पर अवैध रूप से शराब निर्माण किया जा रहा है।

# विधि महाविद्यालय में मुख्य प्रवेश तोरण व चारदीवारी का शिलान्यास, नई शिक्षा नीति पर राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** झारखंड एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय विधि महाविद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश तोरण एवं चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। साथ ही ₹नई शिक्षा नीति-2020 की विधि शिक्षा में प्रासंगिकता और आवश्यकता₹ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए सहायता कक्ष तथा छात्राओं हेतु अलग फीस काउंटर का भी उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मुख्य प्रवेश तोरण और चारदीवारी के शिलान्यास से हुई। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. चंद्र भूषण शर्मा सहित अन्य अतिथियों का स्वागत झारखंड की पारंपरिक आदिवासी नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं मंगलाचरण के साथ राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ हुआ।संस्था के संस्थापक सचिव डॉ. डी.एन. मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ. चंद्र भूषण शर्मा ने नई शिक्षा नीति-2020 के तहत विधि शिक्षा में हो रहे बदलावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि कानून की पढ़ाई को अधिक व्यावहारिक, आधुनिक और रोजगारपरक बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने वर्ष 2003 में स्थापित महाविद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए घोषणा की कि इसी शैक्षणिक सत्र से यहां एलएलबी (तीन वर्षीय ऑनर्स) एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों की मान्यता प्रदान की जाएगी। उनकी इस घोषणा का सभागार में उपस्थित शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।सेमिनार में कुलानुशासक सादिक रजा, नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर, सीएनएलयू पटना के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, पटना लॉ कॉलेज के प्रो. डॉ. सलीम जावेद, झारखंड बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला, एमजी काशी विद्यापीठ के विभागाध्यक्ष प्रो. जी.पी. पांडेय, शिक्षाविद् डॉ. विद्यानंद पांडे तथा साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रो. डॉ. अवधेश कुमार सहित कई विशेषज्ञों ने नई शिक्षा नीति की उपयोगिता, पारदर्शिता तथा विधि शिक्षा में इसकी भूमिका पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में महाविद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न सांस्कृतिक, रंगोली तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार के समापन से पूर्व प्रश्नोत्तरी सत्र आयोजित हुआ, जिसमें वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के बीच विषय पर सार्थक संवाद हुआ। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।कार्यक्रम का संचालन संस्था के संस्थापक व्याख्याता एवं वरीय अधिवक्ता प्रो. आत्मानंद कुमार पांडे, झारखंड शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय यादव तथा झारखंड इवनिंग डिग्री कॉलेज की प्रो. मजहबी परवीन ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर समाज एवं संस्थान के दानदाता सदस्यों कला देवी, डॉ. मनीष पंकज तथा डॉ. प्रियंका को भी सम्मानित किया गया।मौके पर बार काउंसिल के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, प्रदीप कुमार सिंह, विनोद सिन्हा, अभियंता विजय कुमार सिंह सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाए 305 पौधे, स्वच्छता का भी दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच, झुमरीतिलैया शाखा द्वारा झारखंड प्रांतीय कार्यक्रम 'सृजन से सम्मान तक' के अंतर्गत 9 दिवसीय सेवा श्रृंखला के चौथे दिन पर्यावरण एवं स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान का शुभारंभ झुमरीतिलैया नगर परिषद के अध्यक्ष रमेश हर्षधर ने मुख्य अतिथि के रूप में पौधारोपण कर किया। उन्होंने मंच के इस कार्य की सराहना की और कहा 'पेड़ लगाए जीवन बचाएं'। "पर्यावरण को बेहतर बनाना है,तो सभी को पेड़ लगाना है। उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच के बारे में कहा कि अपने छोटे-छोटे कामों से यह मंच बड़ा होता जा रहा है। मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान के तहत महाराणा प्रताप चौक स्थित पार्क, विश्वकर्मा भगवान मंदिर परिसर में फूलों की विभिन्न किस्मों के 175 पौधे लगाए गए। वहीं स्थानीय गौशाला परिसर में 130 फलदार पेड़ रोपे गए। इस तरह कुल 305 पौधे लगाए गए। पौधारोपण के साथ पार्क में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मंच के सदस्यों ने पार्क में फैले कचरे को एकत्र कर उसकी सफाई की। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों से पौधारोपण कराया गया,और उन्हें 'स्वच्छ भारत' अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## डाक विभाग कराएगा 'राखी बनाओ और भेजो' प्रतियोगिता, मात्र ₹70 में पहुंचेगा बहन का प्यार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** इस बार रक्षाबंधन के पावन अवसर पर बहनों को अपने भाई तक राखी पहुंचाने के लिए डाकघर की लंबी कतारों में खड़े होकर परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। डाक विभाग इस वर्ष स्कूलों से ही सीधे राखी की स्पीड पोस्ट कराने की एक बेहद खास और अनूठी व्यवस्था करने जा रहा है।

इसके साथ ही, नई पीढ़ी के बच्चों को भारतीय संस्कृति, कला और भाई-बहन के अटूट रिश्ते से गहराई से जोड़ने के लिए ह्यह्यराखी बनाओ और भेजोह्लह्ल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। डाक निरीक्षक विकास रंजन ने बताया कि रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि स्नेह और विश्वास का प्रतीक है। डाक विभाग की कोशिश है कि दूरी चाहे कितनी भी हो, हर भाई की कलाई पर समय पर बहन का प्यार पहुंचे और इस खूबसूरत परंपरा को स्कूली बच्चे भी करीब से महसूस कर सकें।

**स्कूल परिसर से ही मिलेगी स्पीड पोस्ट की सुविधा**

डाक विभाग की इस विशेष पहल के तहत प्रतियोगिता में शामिल छात्राएं अपने हाथों से खूबसूरत और रचनात्मक राखी तैयार करेंगी। इसके बाद डाक विभाग की एक विशेष टीम सीधे संबंधित स्कूल पहुंचेगी। वहीं से स्पीड पोस्ट के माध्यम से इन राखियों को उनके भाइयों तक भेजने की प्रक्रिया पूरी करेगी। इस डिजिटल और ऑन-स्पॉट सुविधा से बच्चों और अभिभावकों को अलग से डाकघर जाने की जरूरत नहीं होगी। विभाग का मानना है कि इससे बच्चों में रचनात्मकता बढ़ेगी और भारतीय डाक सेवाओं के प्रति उनका जुड़ाव व समझ मजबूत होगी।

**विजेता बच्चों को मिलेगा विशेष पुरस्कार**

प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रत्येक स्कूल से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पूरे कोडरमा जिला से चुने गए 10 सबसे उत्कृष्ट और रचनात्मक प्रतिभागियों को विशेष महा-पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

## कोडरमा में पहली बार निकलेगी भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**झुमरीतिलैया :** कोडरमा जिले के धार्मिक इतिहास में पहली बार भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। आगामी 19 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ के तत्वावधान में झुमरीतिलैया शहर में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर रविवार को कोडरमा रेलवे स्टेशन स्थित काली मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित कर आयोजन की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए इस्कॉन हजारीबाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. केशव आनंद दास ने बताया कि इस्कॉन द्वारा प्रत्येक वर्ष हजारीबाग, चौपारण सहित विभिन्न स्थानों पर रथ यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष पहली बार कोडरमा की पावन धरती पर भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा आयोजित की जा रही है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। उन्होंने बताया कि यात्रा में शामिल होने वाला रथ झारखंड के सबसे बड़े एवं आधुनिक तकनीक से लैस रथों में से एक होगा। रथ की ऊंचाई लगभग 40 फीट होगी, जिसे आवश्यकता पड़ने पर 16 फीट तक कम किया जा सकेगा। यह पूरी तरह रिमोट ऑपरेटेड होगा। इसकी चौड़ाई लगभग 12 फीट है तथा आकर्षक सजावट में जापानी सिल्क का उपयोग किया गया है। रथ के शीर्ष पर तीन फीट ऊंचा सुदर्शन चक्र स्थापित किया गया है, जबकि आगे चार घोड़ों की प्रतिकृति इसे और भव्य स्वरूप प्रदान करेगी। रथ के दोनों ओर 100 से 150 फीट लंबी रस्सियां लगाई जाएंगी, जिन्हें हजारों श्रद्धालु खींचते हुए भगवान की यात्रा को आगे बढ़ाएंगे।

## अवैध तरीके से जमीन कब्जा करने के लिए महिला और बुजुर्गों के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** शहर के राजागढ़ में गरीब परिवार की जमीन पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की गई है। इस मामले में पीड़िता मनी देवी (६५) ने रामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि कुंवर टोला भुइंयाटोली में उनकी जमीन खाता नंबर दो प्लॉट नंबर 1820 रकबा ०2 एकड़ गैरमंजरूआ खास मौजूद है।

पारे बस्ती पानी टंकी रोड के पास उनकी जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। जब मनी देवी के परिजन उस जमीन पर अपना घर बनाने के लिए गए तो महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के साथ लगभग 17 लोगों ने मिलकर मारपीट की। मनी देवी ने पुलिस को बताया कि झुंड में आए लोगों ने महिलाओं, बच्चों की हत्या करने का भी प्रयास किया। जिन लोगों ने उनके साथ मारपीट की, उसमें सुनील मुंडा, रवि मुंडा, रंजीत मुंडा, अनिल मुंडा, जगदीश मुंडा, पिंटू मुंडा, रामसेवक मुंडा, सनी मुंडा, रविंद्र मुंडा, संतोष मुंडा, सहदेव मुंडा, सविता देवी, सरिता देवी, चिरिया देवी, बसंत मुंडा, प्रकाश मंडा, सूरज कुमार सहित अन्य शामिल थे। उन लोगों ने गरीब परिवारों की भूमि पर पहले से ही बुरी नजर रखी थी। सभी कमजोर परिवारों को डरा धमकाकर उनकी जमीन पर अवैध कब्जा करना उनकी मंशा थी। पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर कार्रवाई कर रही है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समाज के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला : सुरेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**जयनगर :** रविवार को अखिल भारतीय धोबी महासंघ, जिला इकाई कोडरमा द्वारा जयनगर स्थित सांस्कृतिक भवन में "ज्ञान रत्न प्रतिभा सम्मान समारोह" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं संत गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। उद्घाटन महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष खगेंद्र राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनिंदर राम ने तथा मंच संचालन सुमित कुमार एवं मिथिलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सह कांके विधानसभा के विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है। मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान नहीं, बल्कि पूरे समाज को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे बड़ा हथियार बताया था। उनके विचार आज भी समानता, न्याय और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कार को जीवन का आधार बनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाल गोविंद राम ने कहा कि संगठन प्रत्येक वर्ष मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित करता है। इससे प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन होता है तथा अन्य विद्यार्थियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है। अध्यक्षीय संबोधन में जिला अध्यक्ष मनिंदर राम ने कहा कि ज्ञान रत्न प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले वर्षों में इस कार्यक्रम का दायरा और व्यापक बनाया जाएगा। जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि स्वतंत्रता के 79 वर्ष बाद भी सामाजिक भेदभाव चिंता का विषय है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संवैधानिक आदर्शों को व्यवहार में उतारते हुए समानता, सामाजिक न्याय और भाईचारे की स्थापना के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा।

संक्षिप्त खबरें

### हनुमान संकीर्तन मंडल के साप्ताहिक भजन-कीर्तन में गूंजे श्रीराम के जयकारे



**झुमरीतिलैया :** श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की ओर से साप्ताहिक भजन-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन बजरंग नगर स्थित देवनारायण मोदी के आवास पर श्रद्धा एवं भक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मंडल के सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम और हनुमान जी के भजनों का सामूहिक गायन कर क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के यजमान देवनारायण मोदी एवं मुन्नी देवी रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना का अनुष्ठान पुरोहित विजय पाण्डेय ने संपन्न कराया। मंडल की परंपरा के अनुसार सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा एवं श्री हनुमानाष्टक का पाठ किया गया। भजन संध्या का शुभारंभ राकेश कपसीमे द्वारा गणेश वंदना से किया गया। इसके बाद नवीन सिन्हा ने "श्रीराम ने कलयुग तुम्हारे नाम कर दिया" सहित कई भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। हारमोनियम पर अनूप बर्नवाल एवं सत्येंद्र सिन्हा तथा ढोलक पर सुधांशु पाण्डेय एवं सुशील सिन्हा ने मधुर संगत कर भजनों को और अधिक आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष विजय सिंह, संचालक राकेश कपसीमे, अमित सुरोलिया, बबलू पाण्डेय, गौतम पाण्डेय, राजेश वर्मा, अमृत वर्मा, सुमित सिंह, ओमप्रकाश साव, विमल मोदी, विकास साव, आशुतोष भदानी, मनोज माथुर, रामानुज सिंह, सचिन लोहानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में सामूहिक रामधुन के साथ महाआरती संपन्न हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण "जय श्रीराम" और ₹जय बजरंगबली₹ के उद्घोष से भक्तिमय बना रहा।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने शिक्षकों के लिए फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में आयोजित किया शानदार स्टाफ पिकनिक



**झूमरी तिलैया :** मॉडर्न पब्लिक स्कूल, झूमरी तिलैया, कोडरमा के प्रबंधन द्वारा रविवार को विद्यालय के सभी शिक्षकों और शिक्षेत्तर कर्मचारियों के लिए एक भव्य स्टाफ पिकनिक का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधन का सदैव यह मानना रहा है कि बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों का भी मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य उत्तम होना अनिवार्य है। यदि शिक्षक और कर्मचारी मानसिक रूप से तनावमुक्त और खुश रहेंगे, तभी वे शिक्षण कार्य में अपना शत-प्रतिशत योगदान दे पाएंगे। इसी उद्देश्य के साथ सभी को झूमरी तिलैया स्थित एडवेंचर पार्क के प्रसिद्ध फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में ले जाया गया। पिकनिक के दौरान सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने तिलैया डैम की खूबसूरत वादियों के बीच फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में सैर का आनंद लिया और विभिन्न लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा। रोजमर्रा के शैक्षणिक कार्य और व्यस्त दिनचर्या से मिले इस खुशनुमा ब्रेक का शिक्षकों ने भरपूर लाभ उठाया। सभी ने संगीत, नृत्य, खेल और सेल्फी का जमकर आनंद लिया। इस बेहतरीन और मनोरंजक आयोजन के लिए सभी स्टाफ सदस्यों ने स्कूल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री गुरु चरण वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "इस तरह के रचनात्मक ब्रेक हमारी रोजमर्रा की व्यस्त दिनचर्या को रिफ्रेश करते हैं। इससे शिक्षकों को एक नई ऊर्जा मिलती है, जो उन्हें और अधिक उत्साह के साथ शिक्षण कार्य करने में मदद करेगी। वहीं, संस्था की निर्देशिका संगीता शर्मा ने अपने संदेश में कहा, ₹विद्यालय के सभी कर्मचारी हमारे लिए एक परिवार की तरह हैं। मॉडर्न पब्लिक स्कूल हमेशा से अपने इस वृहद परिवार को खुशियां देने का कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा। यह पिकनिक हमारे शिक्षकों को एक नई ऊर्जा से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी, ताकि हम सब मिलकर विद्यालय के बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करते रहें।
पिकनिक का यह आयोजन बेहद सफल और यादगार रहा, जिसने सभी कर्मचारियों के बीच आपसी सामंजस्य और टीम भावना को और मजबूत किया।

### सक्रिय संगठन और जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की पहचान : प्रकाश रजक



**कोडरमा :** कांके विधानसभा के कांग्रेस विधायक माननीय सुरेश कुमार बैठा के कोडरमा आगमन पर जिला परिसदन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर आत्मीय एवं गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित संगठनात्मक बैठक में जिले में संगठन की मजबूती, पार्टी की आगामी रणनीति तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय विधायक सुरेश कुमार बैठा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक पात्र मतदाता की भागीदारी से सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान सभी कांग्रेस कार्यकर्ता, बूथ लेवल एजेंट एवं पदाधिकारी बूथ लेवल अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने कोडरमा जिला कांग्रेस द्वारा किए जा रहे संगठनात्मक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत संगठन और सक्रिय कार्यकर्ता ही कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी ताकत हैं। अपने संबोधन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि मतदाता सूची केवल एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक अधिकार का आधार है। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना लोकतंत्र को मजबूत बनाने की हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय होकर पात्र मतदाताओं को जागरूक करने, उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने तथा इछड के साथ समन्वय स्थापित कर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी, जनसंपर्क और संगठनात्मक एकजुटता के बल पर कांग्रेस पार्टी जनहित के प्रत्येक मुद्दे को मजबूती से उठाती रहेगी तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के अपने दायित्व का निर्वहन करती रहेगी।

## एक नजर

### कमलपुर पुलिस ने एक आरोपी को भेजा जेल



**पटमदा** : कमलपुर थाना क्षेत्र के कटीन बाजार निवासी राशन दुकानदार को न्यायालय अर्पणा कुमारी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर न्यायालय से निर्गत गैर जमानती अधिपत्र कांड संख्या- 1-3134/18 के अभियुक्त श्रवण कुमार अग्रवाल उर्फ कालू दा को गिरफ्तार कर को जेल भेजा गया है। जानकारी देते हुए कमलपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध न्यायालय से गैर जमानती वारंट भेजा गया था। वही मामला पैसे के लेनदेन पर मामला दर्ज होने का बताया जा रहा हैं।

### युवक पर तलवार से हमला, जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी सिंहभूम** : गोलमुरी थाना क्षेत्र के आनंद नगर विकास भवन के समीप शनिवार देर रात पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर धारदार तलवार से जानलेवा हमला कर दिया गया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके हाथ का पंजा बुरी तरह कट गया और पेट में भी चोट आई है। घायल का इलाज कराने के बाद पुलिस ने उसकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घायल की पहचान नामदा बस्ती (नानक नगर) निवासी रोहित सिंह के रूप में हुई है। रोहित ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि शनिवार रात वह वह सिद्धाश्रम मंदिर के पास अपने कुछ दोस्तों के साथ खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। इसी दौरान आनंद नगर लाइन नंबर-2 निवासी चंद्र प्रकाश सिंह वहां पहुंचा और बिना किसी उकसावे के गाली-गलौज करने लगा। जब रोहित और उसके साथियों ने इसका विरोध किया तो आरोपित आगबबूला हो गया और अपने पास मौजूद धारदार तलवार निकालकर हमला कर दिया। रोहित के अनुसार, आरोपित ने पहले उसकी गर्दन पर वार करने का प्रयास किया। उसने हाथ आगे कर अपनी जान बचाई, जिससे तलवार का वार सीधे उसके हाथ के पंजे पर लगा और गहरा जख्म हो गया। इसके बाद आरोपित ने पेट पर भी हमला किया, जिससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों के जुटने पर आरोपित मौके से फरार हो गया। घायल युवक किसी तरह गोलमुरी थाना पहुंचा, जहां से पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

### करंट से मृत मजदूर के परिजनों को मिला 10 लाख रुपये मुआवजा

**पूर्वी सिंहभूम** : एमजीएम थाना क्षेत्र के जयपाल कॉलोनी से बालीगुमा टंकी तक पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान करंट लगने से जान गंवाने वाले मजदूर चेतन यादव के परिजनों को आखिरकार 10 लाख रुपये का मुआवजा रविवार को प्रदान कर दिया गया। ठेकेदार की ओर से एक लाख रुपये नकद तथा छह लाख और तीन लाख रुपये के दो चेक मृतक के परिवार को सौंपे गए। मुआवजा वितरण गिरिडीह से आए जनप्रतिनिधियों और स्थानीय सामाजिक-राजनीतिक प्रतिनिधियों की मौजूदगी में संपन्न हुआ। मृतक चेतन यादव गिरिडीह जिले के पेशम पंचायत अंतर्गत पेशम गांव के निवासी थे। मुआवजा राशि के वितरण के लिए उनकी पत्नी कौशल्या देवी और दोनों पुत्रों को लेकर पेशम पंचायत की मुखिया रागिनी सिंहा के प्रतिनिधि मनीष सिंह जमशेदपुर पहुंचे। इस दौरान पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद वर्मा तथा गद्दी पंचायत की मुखिया गुलाबती देवी के पति दिनेश यादव भी मौजूद रहे। सभी की उपस्थिति में मृतक की दोनों पत्नियों के परिवार के बीच आपसी सहमति से मुआवजा राशि का वितरण कराया गया।

# बहरागोड़ा में डेढ़ करोड़ रुपये के पन्ना के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार, बाइक, मोबाइल और नकदी जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले की बहरागोड़ा पुलिस ने कीमती रत्न पन्ना की अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से करीब 1.095 किलोग्राम (1095 ग्राम) पन्ना बरामद किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान दो मोटरसाइकिल, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 2300 रुपये नकद भी जब्त किए गए हैं। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) शुभम खंडेलवाल ने रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर बहरागोड़ा बस स्टैंड के समीप कीमती पन्ना की खेप लेकर सौदा करने वाले हैं। सूचना की पुष्टि के बाद घाटशिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया और संदिग्ध स्थान पर घेराबंदी की गई। पुलिस टीम के पहुंचते ही दो मोटरसाइकिलों के पास खड़े तीन युवक भागने लगे, लेकिन पुलिसकर्मियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपित विनय पातर की स्कूटी की डिक्की से सफेद प्लास्टिक में पैक 1.095 किलोग्राम पन्ना बरामद किया गया। इसके अलावा दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन और 2300 रुपये नकद भी जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के मुराकाटी निवासी विनय पातर, सिद्धेश्वर कालिंदी तथा श्यामासुन्दरपुर निवासी स्नेहाशिश मंगराज के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपित विनय पातर के खिलाफ वर्ष 2018 में गुड़ाबांदा थाना में एक आपराधिक मामला दर्ज किया जा चुका है। पुलिस ने अदालत में पेश करने के बाद तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही यह पता लगाने के लिए जांच तेज कर दी गई है कि बरामद पन्ना की खेप कहां से लाई गई थी, इसके पीछे कौन-सा तस्करी नेटवर्क सक्रिय है और इसे किस व्यक्ति या गिरोह तक पहुंचाया जाना था। एसपी शुभम खंडेलवाल ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच जारी है और इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में खनिज एवं बहुमूल्य रत्नों की अवैध तस्करी के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा। इस कार्रवाई में घाटशिला के एसडीपीओ के अलावा बहरागोड़ा थाना के सह थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, रामप्रवेश राय, राहुल कुमार, पंकज कुमार पासवान, ओम शरण तथा अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## विश्व आदिवासी दिवस समारोह की तैयारी तेज, मुख्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रविवार आदिवासी छात्र संघ केन्द्रीय समिति के संस्थापक सदस्यों की बैठक ट्राइबल हॉस्टल मोराबादी में सम्पन्न हुई। बैठक में 8 जुलाई में हुई महाधिवेशन कार्यक्रम की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति की घोषणा की गई। आगामी 9 अगस्त 2026 का विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम मोराबादी मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन तथा विशिष्ट अतिथि आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा जी होंगे। समीक्षात्मक बैठक में सरना कोड लागू कराने तथा परिसीमन का विरोध किया गया। कार्यक्रम में धर्म और जाति से ऊपर उठकर आदिवासीयत की एकता के लिए लोग भाग लेंगे। आदिवासी छात्र संघ का गठन इसी उद्देश्य से किया गया था। विश्व आदिवासी दिवस के दिन हमारे आदिवासी भाई बहन हजारों हजार की संख्या मे अपनी पारम्परिक वेश-भूषा में उपस्थित होंगे तथा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। बैठक में वक्ताओं द्वारा कहा गया कि जबतक देश में अंग्रेजों ने आदिवासियों की जनगणना आदिवासी पहचान के साथ किया लेकिन स्वतंत्र भारत में एक षड्यंत्र के तहत 1961 ई० में कांग्रेस की सरकार अपनी मनुवादी सोच के तहत किसी और जनगणना में आदिवासियों की जनसंख्या को घटाने का काम किया है। इसका प्रभाव आरक्षण और परिसीमन को देखने को मिल रहा है।सरना कोड लेने के लिए आदिवासी छात्र संघ पुरजोर आंदोलन करेगा। आज की बैठक में 8 जुलाई का महाधिवेशन में आए सभी सहभागियों को धन्यवाद दिया गया। आज की बैठक में डा.सुशील कुमार मिंज, सतीश कुमार भगत, प्रो.सत्यनारायण उराँव, सुरेश टोप्पो, प्रो.अमित पातर मुण्डा, सुखदेव कच्छप, संदीप सिंह मुण्डा, संदीप भगत, आशीष उराँव, प्रियांशु टोप्पो, सुभाष उराँव, विजय उराँव, बासुदेव उराँव, सत्यलोक उराँव, मनीष भगत, अर्जुन उराँव,विकास उराँव, जतरू उराँव, प्रेम प्रकाश मिंज, महावीर उरांव, प्यारू उरांव सहित सैकड़ों छात्रगण उपस्थित थे।

## करंट से मजदूर की मौत पर विधायक और भाजपा नेता ने दोषियों पर की कार्रवाई की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : एमजीएम थाना क्षेत्र के जयपाल कॉलोनी में बालिगुमा पानी टंकी तक राइजिंग पाइपलाइन बिछाने के दौरान शनिवार को करंट लगने से मजदूर चेतन यादव की मौत के मामले में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय और भाजपा नेता विकास सिंह ने घटना को गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दोनों नेताओं ने कहा कि पाइपलाइन बिछाने का कार्य बिना पर्याप्त तकनीकी अध्ययन और आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किए कराया गया। उनका आरोप है कि कार्य के दौरान बिजली विभाग से समुचित समन्वय और अनुमति नहीं ली गई, जिसके कारण यह दुखद हादसा हुआ।

उन्होंने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह तय किया जाए कि दुर्घटना के लिए कौन-कौन जिम्मेदार हैं और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सरयू राय और विकास सिंह ने कहा कि चेतन यादव गिरिडीह से रोजी-रोटी कमाने के लिए जमशेदपुर आए थे, लेकिन कार्यस्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी। उनका कहना है कि किसी भी विकास कार्य में मजदूरों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इस प्रकार की लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। दोनों नेताओं ने मुख्यमंत्री से मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग करते हुए कहा कि मृतक के आश्रितों को सरकार, संवेदक (ठेकेदार) और संबंधित एजेंसियों की ओर से उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही, जांच में जिन अधिकारियों या अन्य संबंधित लोगों की लापरवाही सामने आए, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## नर्रा में लूट के बाद बदमाशों ने बाइक फूंकी, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड के नर्रा पंचायत के निवासी महेश महतो के पुत्र के साथ सोमवार रात एक गंभीर अपराध हुआ। जानकारी के अनुसार पीड़ित चंद्रपुरा स्थित एक एटीएम से नकदी निकालकर घर लौट रहे थे, तभी छेरवाटांड़ के पास अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और नकद रुपए छीन लिये। मौके पर मौजूद जानकारी के अनुसार, लुटेरों ने पीड़ित का मोबाइल भी छीन कर तोड़ दिया और उसकी अपाचे बाइक (रजिस्ट्रेशनः जे एच 09बी एन 5734) पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। बदमाश घटना के बाद मौके से फरार हो गए। आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों ने जलती बाइक की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चंद्रपुरा थाना की टीम मौके पर पहुंची और खाद्य-सुरक्षा उपाय अपनाते हुए अग्निशमन एवं पुलिस जांच शुरू कर दी। पुलिस ने प्राथमिक रूप से घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य एकत्रित किए और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने तथा अज्ञात आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं। पुलिस अधिकारीयों ने बताया कि पीड़ित का स्वास्थ्य सामान्य है और मामले की आगे की जांच चल रही है। स्थानीय लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता व्याप्त है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ती चोरी-चकारी और लूट की घटनाओं पर नाराजगी जताई और पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की। चंद्रपुरा थाना ने घटनास्थल के आस-पास गश्त बढ़ा दी है और संभावित संदिग्धों की दबिश जारी है।

## टांगटोना पंचायत में किशोरियों एवं युवा महिलाओं के लिए जीवन कौशल प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कसमार** : सहयोगिनी संस्था द्वारा कसमार के टांगटोना पंचायत भवन में किशोरियों एवं युवा महिलाओं के लिए जीवन कौशल (लाइफ स्किल) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किशोरियों एवं युवा महिलाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, प्रभावी संवाद, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, भावनात्मक संतुलन तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता विकसित करना था, ताकि वे अपने जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं लेने में सक्षम बन सकें। इस दौरान प्रशिक्षक मनोहर कुमार महतो ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ जीवन कौशल का ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आज के युवाओं को डिजिटल साक्षरता, आलोचनात्मक चिंतन (क्रिटिकल थिंकिंग), प्रभावी संवाद (कम्युनिकेशन) तथा समस्या समाधान जैसे जीवन कौशल से भी लैस होना होगा, ताकि वे भविष्य की चुनौतियों एवं रोजगार के अवसरों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में नियमित रूप से भाग लेने तथा सीखी गई बातों को अपने परिवार और समुदाय तक पहुंचाने का आग्रह किया। प्रशिक्षण के दौरान रोल प्ले, समूह चर्चा, प्रश्नोत्तर, अनुभव साझा करने तथा अन्य सहभागितापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को व्यावहारिक रूप से सीखने का अवसर प्रदान किया गया। इस दौरान आत्मसम्मान, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, लैंगिक समानता, बाल विवाह की रोकथाम, प्रभावी संवाद, नेतृत्व क्षमता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी पर विस्तार से चर्चा की गई।

# खेती-बाड़ी के बावजूद रक्तदान शिविर में लोगों का दिखा उत्साह, 65 यूनिट रक्त संग्रह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के बिड़रा (डांगा) में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के तत्वावधान में एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमशेदपुर के सहयोग से एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। खेती-बाड़ी के व्यस्त मौसम के बावजूद क्षेत्र के युवाओं, महिलाओं एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शिविर में भाग लेकर रक्तदान के प्रति अपनी जागरूकता, सामाजिक जिम्मेदारी एवं मानवता के प्रति समर्पण का परिचय दिया।

रक्तदाताओं के उत्साहपूर्ण सहयोग से शिविर में कुल 65 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर जेएलकेएम के जिला वरीय उपाध्यक्ष सुब्रत महतो ने कहा कि रक्तदान शिविर का मुख्य उद्देश्य पटमदा-बोड़ाम क्षेत्र के जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराना तथा मानवता की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से नियमित अंतराल पर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। कार्यक्रम में केंद्रीय संयुक्त महासचिव देवव्रत महतो, जिला वरीय उपाध्यक्ष सुब्रत महतो सहित फनी महतो, मृत्युंजय महतो, अनिल बास्के, सुभाष चंद्र महतो, प्रताप महतो, साहेब राम महतो, बुद्धेश्वर महतो, श्याम सुंदर महतो, कृष्ण प्रसाद महतो, प्रबोध महतो, राजेश कुंभकार, निर्मल महतो, शिव शंकर महतो, सैकत महतो, गोपाल महतो, पूर्ण सिंह, उत्तम महतो, प्रदीप महतो, बिकल महतो, सरोज महतो, सुकुमार महतो, विकास महतो, चंदन महतो, शक्तिपद महतो, दया सागर महतो, जयंत महतो, हरे कृष्ण महतो, अंकुर महतो, हरि महतो, सुमित प्रमाणिक, भागवत प्रमाणिक, इंद्रजीत महतो, आकाश महतो, लाल मोहन महतो, विलास कुमार, अंबुज गोराई, अमित दत्त, गोपेन कुमार, नीलकमल महतो, रंजन गोप, सुकुमार कुंभकार, धनंजय महतो, त्रिदेव मिश्रा, प्रशांत कुमार, सोमनाथ कुमार, लालटु महतो, जलधर महतो, प्रफुल्ल कुमार, अजय कुमार, अनित कुमार, दयामय कुमार, मंगल कुंभकार, विकास कुंभकार, असिम कुमार, उपेन्द्र कुमार, नित्यानंद मांझी, उज्वल मांझी, रासबिहारी कुमार, सुभाष बास्के, विनोद महतो, राजेश कुमार महतो, मंगल महतो, कृष्ण महतो, गौतम महतो एवं भागवत महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया नगर पंचायत के वार्ड-7 में विशेष शिविर को मिला जनसमर्थन



**सरिया** : सरिया नगर पंचायत के वार्ड नंबर 7 में रविवार के साप्ताहिक अवकाश के दिन भी लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला। छुट्टी का दिन होने के बावजूद स्थानीय निवासियों ने एसआईआर के कार्यों और अभियान में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। यह विशेष कैंप मध्य विद्यालय सरिया (बालक) में आयोजित किया गया था, जहाँ सुबह से ही लोगों का आना शुरू हो गया था। शिविर को सफल बनाने और इसमें सक्रिय रूप से हिस्सा लेने वालों में मुख्य रूप से रेणु देवी, किरण देवी, विकास जैन, अंबर जैन और विनीता डागा सहित भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग व वार्ड वासी शामिल रहे। कैंप में आए लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से क्षेत्र के विकास और लोगों की समस्याओं के समाधान में बड़ी मदद मिलती है। रविवार को भी कैंप में दिखी इस भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि वार्ड नंबर 7 के लोग क्षेत्र की तरक्की के लिए पूरी तरह जागरूक और एकजुट हैं।

### सरिया में सवर्ण मोर्चा की बैठक रिंकू सिंह बने कार्यवाहक अध्यक्ष



**सरिया** : सवर्ण मोर्चा सरिया प्रखंड की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार, 12 जुलाई 2026 को सुबह 10 :30 बजे स्थानीय धर्मशाला, ठाकुरबाड़ी टोला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देवाशीष बादल ने की। कार्यक्रम की शुरूआत देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद भरत तिवारी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर और उन्हें नमन करते हुए की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, विगत दिनों में किए गए कार्यों और मोर्चा की उपलब्धियों पर विस्तार से समीक्षा की गई। उपस्थित सदस्यों के सुझावों और विचारों के बाद सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। मोर्चा को हर क्षेत्र में मजबूत करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे और नए क्षेत्रों में इकाइयों का गठन होगा। सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देते हुए नियमित रूप से रक्तदान करने हेतु एक विशेष कोष (फंड) बनाने का निर्णय लिया गया। संगठन के बेहतर संचालन के लिए पुनर्गठन का प्रस्ताव पारित हुआ। वर्तमान अध्यक्ष देवाशीष बादल ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए मोर्चा के उपाध्यक्ष रिंकू सिंह को कार्यवाहक अध्यक्ष की कमान सौंपी। संगठन ने जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी दी है, मैं उसे निभाने का पूरा प्रयास करूंगा। हमारे सामूहिक नेतृत्व में समाज को नई ऊर्जा व दिशा मिलेगी और संगठन को और मजबूती दी जाएगी। बैठक में तय हुआ कि जल्द ही संगठन का पूर्ण पुनर्गठन कर नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाएगा। तब तक रिंकू सिंह कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में मोर्चा का नेतृत्व करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में सचिव सतेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, रामावतार, गौरी शंकर पाण्डेय, राहुल कुमार, रविन्द्र पाण्डेय, लखनलाल पाण्डेय, सुरेश कुमार पाण्डेय, सुमित राय, अमरनाथ सिंह, प्रयाग सिंह, सुनील पाण्डेय, प्रहलाद सिंह, केदार पाण्डेय, अशोक पाण्डेय सहित दर्जनों कार्यकर्ता और प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

### मुंगो में भव्य लाठी खेल प्रतियोगिता, युवाओं ने दिखाए करिश्माई करतब

**बोकारो** : यादें हुसैन कमेटी मुंगो की ओर से रविवार को कार्बला के समीप मैदान में भव्य लाठी खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसने भारी संख्या में दर्शकों को आकर्षित किया। प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन पूर्व मंत्री व बाल संरक्षण आयोग की प्रदेश अध्यक्ष बेबी देवी, झामुमो जिला प्रवक्ता गोरी शंकर महतो, झामुमो प्रखंड सचिव गुलाम सरवर व समाजसेवी रऊप हुसैन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में के एम सी क्लब भर्रा बस्ती (बोकारो), नौजवान अंजुमन इस्लामिया कमेटी कोलबंडी, अंजुमन नुरे एलाही पथुरिया (बोकारो), यादें हुसैन घटियारी चंद्रपुरा सहित आसपास के गांवों के लाठी प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर खिलाड़ियों ने कई हैरतअंगेज करतब दिखाए, जिन पर दर्शकों ने जोरदार तालियों से प्रतिक्रिया दी। आयोजन स्थल पर मुंगो और आस-पास के गांवों से परिवार, युवा और बुजुर्गों की अच्छी-खासी भीड़ जमा रही। प्रतियोगिता के दौरान खेल के साथ ही पारंपरिक उत्साह का माहौल बना रहा और मैदान में भाईचारे की भावना साफ झलकती रही। मुख्य अतिथि बेबी देवी ने कहा कि यादें हुसैन कमेटी का यह प्रयास प्रशंसनीय है। उन्होंने बताया कि लाठी खेल हमारी संस्कृति और विरासत का अहम हिस्सा है और आज के समय में युवाओं को मोबाइल से दूर होकर ऐसे खेलों से जुड़ना चाहिए। इस तरह के आयोजनों से आपसी एकता और भाईचारा भी बढ़ता है, इसलिए कमेटी को आगे भी नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहने चाहिए ताकि युवा पीढ़ी में खेलों के प्रति जागरूकता बढ़े। कार्यक्रम के अंत में अंगतुक अतिथियों ने विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों ने भी आयोजन और प्रतिभागियों की प्रशंसा की।

### उलीडीह में 10 दुकानों से लाखों की चोरी

**पूर्वी सिंहभूम** : उलीडीह थाना क्षेत्र के टीचर कॉलोनी डिमना रोड स्थित राजस्थान भवन के समीप चोरों ने लगातार दो रातों तक आतंक मचाते हुए कुल 10 दुकानों को निशाना बनाया। शुक्रवार और शनिवार की रात हुई इस सिलसिलेवार चोरी की घटनाओं से पूरे बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। शनिवार देर रात अकेले आठ दुकानों में चोरी और चोरी के प्रयास की घटना सामने आई है। चोर कई दुकानों के ताले तोड़कर नकदी, कीमती सामान और अन्य सामग्री लेकर फरार हो गए, जबकि कुछ दुकानों में ताले तोड़े जाने के बावजूद चोरी नहीं हो सकी। जानकारी के अनुसार चोरों ने किराना, मेडिकल, हार्डवेयर और अन्य प्रतिष्ठानों को अपना निशाना बनाया। चोरी किये गये प्रतिष्ठानों में श्याम जनरल स्टोर, विष्णु भंडार, मां वैभव वैष्णो मेडिकल, मनोज केजरीवाल हार्डवेयर, रामाझा आटा चक्की, राधा कृष्ण ट्रेलर और शुभम स्टोर समेत कई अन्य दुकानें शामिल हैं। कई दुकानों के शटर और ताले तोड़कर चोर अंदर घुसे और गल्ले में रखी नकदी के अलावा अन्य कीमती सामान भी उठा ले गए। कुछ दुकानों का सेंट्रल लॉक नहीं खुलने के कारण वहां चोरी की कोशिश नाकाम रही, लेकिन ताले टूटे हुए मिले। स्थानीय व्यवसायी सर्वजीत तिवारी ने बताया कि शुक्रवार और शनिवार की रात को मिलाकर कुल 10 दुकानों में चोरी की वारदात हुई है।

### सिमरिया थाना को मिले नए थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता

**सिमरिया** : सिमरिया थाना में सब इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता ने नए थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। उनके पदभार संभालने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। लोगों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी तथा आम जनता को निष्पक्ष, त्वरित और बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध होगी। साथ ही अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में प्रभावी कार्य किए जाएंगे।

# भारत और इण्डोनेशिया के अंतस छंदस एक

दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम आबादी वाला देश इण्डोनेशिया है। वह भारत को लेकर पारिवारिक रिश्ते की घोषणा कर चुका है। इण्डोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भारत के साथ इण्डोनेशिया के संबंधों का खूबसूरत उल्लेख किया है। इण्डोनेशिया की यात्रा पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति सुबियांतो ने आगे बढ़कर मोदी की प्रशंसा की।

भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष प्राचीन है। अपने जन्म स्थान भारत में इस संस्कृति और सभ्यता की जड़ें गहरी हैं। व्यवसायिक व अन्य कारणों से भारत छोड़कर विदेश में रहने वाले भारतीय सभ्यता और संस्कृति को लेकर स्वाभिमान अनुभव करते हैं। 28 करोड़ आबादी वाला इण्डोनेशिया भारतीय संस्कृति से भरा पूरा है। यहां लगभग 10000 उपासना स्थल व मंदिर हैं। श्रीराम इण्डोनेशिया की संस्कृति में छाए हुए हैं। पूरे देश के कोने-कोने में रामकथा होती रहती है। इण्डोनेशिया और भारत के रिश्ते बहुत पुराने हैं। इण्डोनेशिया के लोग अपने अंतःकरण में भारत को अनुभव करते हैं। इण्डोनेशिया की हवाई सेवा का नाम गरुड़ एयरवेज रहा है। भारत में जो उपजिलाधिकारी प्रशासक होते हैं, इण्डोनेशिया में उन्हें महिपाल कहते हैं। इण्डोनेशिया के लोग विजयादशमी, होली आदि भारतीय त्योहारों का आनंद लेते हैं। इण्डोनेशिया में रामलीला होती है और उसके अधिकांश पात्रों का मजहब इस्लाम होता है। इण्डोनेशिया के लोग मानते हैं कि वे धर्म से और मजहब से इस्लामी हैं लेकिन संस्कृति से भारतीय हैं। यही संस्कृति इण्डोनेशिया और भारत का एकात्मक स्वरूप गढ़ती है।

प्रधानमंत्री के इस दौरे में स्वाभाविक ही दोनों पक्ष बढ़-चढ़कर एक-दूसरे की आवभगत कर सकते थे लेकिन यहां बात कुछ दूसरी ही थी। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने भावुक होकर कहा कि उन्होंने अपना डीएनए टेस्ट करवाया और पाया है कि उनका डीएनए भारतीय है। यही कारण है कि वे भारतीय संगीत सुनते समय शरीर को थिरकता हुआ पाते हैं। बात सही भी है। अपनी जड़ों से जुड़ना सबको आनंदित करता है। इण्डोनेशिया की संस्कृति और भारत की संस्कृति की जड़ें एक हैं। इन जड़ों को सींचते रहना सबका दायित्व है। जैसे जड़ से सूखे पेड़ पर फूल नहीं खिलते। उन पर पक्षी गीत नहीं गाते।

पाकिस्तान को ही लीजिए पाकिस्तान और भारतीय संस्कृति की जड़ें एक हैं। इस सभ्यता का विकास सिन्धु और सरस्वती नदियों की जड़ों से निकला है। पाकिस्तान अपनी मूल संस्कृति से पृथक है। जिन्ना और मुस्लिम लीग ने भारत को दो देश माना था। मजहब के आधार पर देश बनाने से राष्ट्रीय क्षति हुई है। पाकिस्तानी भूभाग में उदासी रहती है। नदियां उदास होकर बहती हैं। मजहबी कट्टरपंथ के कारण पाकिस्तान आतंकवाद की यूनिवर्सिटी बन चुका है। वे संस्कृति सत्य स्वीकार नहीं करते। यह संस्कृति हजारों वर्ष के साहचर्य से विकसित हुई है। पूर्वजों ने दीर्घकाल के अनुभवों के आधार पर इसे बड़े प्यार से गढ़ा है। दर्शन और विज्ञान ने इस सांस्कृतिक अभियान का नेतृत्व किया है। यहां हजारों वर्ष प्राचीन सांस्कृतिक निरंतरता है। वैदिक काल के पूर्व के समाज में संपूर्ण मनुष्यता के प्रति एक प्रेमपूर्ण प्रवाह है। ऋग्वेद में उसकी झलक मिलती है। फिर उत्तर वैदिक काल में भी वही सांस्कृतिक निरंतरता प्रकट होती है। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने कहा है कि, हमारी सभ्यता और संस्कृति पर भारतीय सभ्यता का गहरा प्रभाव है। उन्होंने बताया है कि, उनकी भाषा का लगभग पचास प्रतिशत हिस्सा संस्कृत से आया है। हमारे बहुत से नाम संस्कृत में हैं इसलिए हमारे बीच ऐसी स्वाभाविक निकटता है। संस्कृति का निर्माण दीर्घकाल में होता है। प्रकृति प्रतिपल नया गढ़ती है। मनुष्य प्रकृति के सत्य, शिव और सुंदर को अंगीकृत करते हैं। ऐसे ही मनुष्य संस्कृति गढ़ते हैं।

## सूडोकु नवताल- 7854

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 7853 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

# विदेश से भारत की संप्रभुता-सुरक्षा के खिलाफ डिजिटल वार

संजय सक्सेना




दुनिया में युद्ध का स्वरूप तेजी से बदल रहा है। कभी देशों को कमजोर करने के लिए सीमा पर सेना उतारी जाती थी, अब वही काम मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जरिए किया जा रहा है। इस युद्ध में न तो टैंक दिखाई देते हैं और न ही मिसाइलें, लेकिन इसका असर किसी पारंपरिक युद्ध से कम नहीं होता। इसका लक्ष्य दुश्मन के शहरों पर कब्जा करना नहीं, बल्कि उसके समाज में अविश्वास, भय और विभाजन पैदा करना होता है। भारत, जो दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ-साथ सबसे बड़ा डिजिटल समाज भी बन चुका है, पिछले एक दशक से इसी अदृश्य युद्ध का प्रमुख निशाना बना हुआ है। भारत में इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या 95 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जबकि सोशल मीडिया से जुड़े लोगों की संख्या 50 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। हर दिन करोड़ों भारतीय मोबाइल पर समाचार देखते हैं, राय बनाते हैं और उसे आगे भी भेजते हैं। यही वजह है कि भारत दुनिया के उन देशों में शामिल हो गया है, जहां सूचना को हथियार बनाकर सामाजिक माहौल प्रभावित करने की सबसे अधिक कोशिश होती है। सुरक्षा एजेंसियां कई बार संकेत दे चुकी हैं कि सीमा पार बैठे संगठित नेटवर्क भारतीय नामों, तस्वीरों और स्थानीय भाषाओं का इस्तेमाल कर ऐसे फर्जी खाते तैयार करते हैं, जिन्हें देखकर सामान्य व्यक्ति यह समझ ही नहीं पाता कि उसके सामने बैठा व्यक्ति वास्तव में किसी दूसरे देश से अभियान चला रहा है।


इस डिजिटल हमले की पहली गंभीर झलक 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों में दिखाई दी। हिंसा भड़काने के लिए पाकिस्तान का नहीं, बल्कि दूसरे देश का एक पुराना वीडियो उत्तर प्रदेश का बताकर प्रसारित किया गया। जांच में वीडियो फर्जी निकला, लेकिन तब तक समाज में तनाव फैल चुका था। यही वह दौर था जब पहली बार यह महसूस किया गया कि मोबाइल स्क्रीन पर चलने वाला झूठ जमीन पर खून-खराबे की वजह बन सकता है। इसके बाद 2017 और 2018 में बच्चा चोरी की अफवाहों ने पूरे देश को झकझोर दिया। व्हाट्सएप पर कुछ सेकंड के वीडियो और झूठे संदेशों ने ऐसी दहशत फैलाई कि असम, महाराष्ट्र, कर्नाटक, झारखंड, त्रिपुरा और तमिलनाडु सहित अनेक राज्यों में भीड़ ने निर्दोष लोगों को बच्चा चोर समझकर पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस जांच में अधिकांश मामलों में कोई संगठित बच्चा चोरी गिरोह नहीं मिला, लेकिन सोशल मीडिया पर फैली अफवाहें इतनी मजबूत हो चुकी थीं कि सच की कोई कीमत नहीं रह गई थी।

कोरोना महामारी के दौरान यह सूचना युद्ध और खतरनाक हो गया। किसी समुदाय को संक्रमण फैलाने वाला बताया गया, कहीं झूठे घरेलू इलाज वायरल किए गए, तो कहीं वैक्सीन को लेकर तरह-तरह की अफवाहें फैलाई गईं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 'इन्फोडेमिक' कहा, यानी ऐसी महामारी जिसमें बीमारी से ज्यादा झूठ फैलता है। भारत में भी करोड़ों लोगों तक ऐसे संदेश पहुंचे जिनका चिकित्सा विज्ञान से कोई संबंध नहीं था। इसके बाद नागरिकता संशोधन कानून, दिल्ली हिंसा और किसान आंदोलन के दौरान सोशल मीडिया पूरी तरह राजनीतिक युद्ध का मैदान बन गया। वास्तविक मुद्दों के साथ-साथ हजारों ऐसे वीडियो और तस्वीरें साझा की गईं जिनका घटना से कोई संबंध नहीं था। कुछ पुराने वीडियो नए बताकर वायरल किए गए तो कुछ तस्वीरों को संदर्भ से काटकर प्रस्तुत किया गया। किसान आंदोलन के दौरान तथाकथित टूलकिट विवाद ने यह सवाल खड़ा किया कि क्या भारत के आंतरिक आंदोलनों को विदेशी डिजिटल नेटवर्क दिशा देने की कोशिश कर रहे हैं। जांच एजेंसियों ने कई डिजिटल कड़ियों की जांच की और यह स्पष्ट हुआ कि सोशल मीडिया अब केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि रणनीतिक अभियान चलाने का औजार भी बन चुका है। 2023 में मणिपुर हिंसा ने इस खतरे को और स्पष्ट कर दिया। कई ऐसे वीडियो, जो महीनों पुराने थे या दूसरे देशों के थे, उन्हें मणिपुर का बताकर वायरल किया गया। एक फर्जी वीडियो ने हजारों किलोमीटर दूर बैठे लोगों के मन में भी गुस्सा और अविश्वास पैदा कर दिया। यह दिखाता है कि डिजिटल दुष्प्रचार अब किसी एक राज्य तक सीमित नहीं रहता, बल्कि पूरे देश का माहौल प्रभावित कर सकता है। 2024 के आम चुनावों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इस युद्ध को नया आयाम दिया। नेताओं की आवाज बदलकर भाषण तैयार किए गए, नकली वीडियो बनाए गए और ऐसे संदेश प्रसारित किए गए जिन्हें सामान्य व्यक्ति आसानी से पहचान नहीं सकता था। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि आने वाले वर्षों में डीपफेक लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है। 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े सैन्य तनाव ने इस खतरे को वास्तविक रूप में सामने ला दिया। जैसे ही सीमा पर सैन्य गतिविधियां तेज हुईं, सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो की बाढ़ आ गई। गाजा युद्ध के दृश्य भारत-पाक संघर्ष बताकर चलाए गए। पुराने विस्फोटों के वीडियो को ताजा सैन्य कार्रवाई बताया गया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार तस्वीरों ने भ्रम और बढ़ा दिया। कुछ विदेशी खातों ने भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले के झूठे दावे किए, जबकि दूसरी ओर भारतीय कार्रवाई को लेकर भी मनगढ़ंत वीडियो फैलाए गए। बाद में सरकारी एजेंसियों ने ऐसे अनेक दावों का खंडन किया और बड़ी मात्रा में भ्रामक सामग्री को हटाने की कार्रवाई की। विशेषज्ञों का कहना है कि आधुनिक डिजिटल युद्ध का सबसे बड़ा हथियार 'बॉट नेटवर्क' हैं। हजारों स्वचालित खाते एक ही समय में एक जैसा संदेश प्रसारित करते हैं। इससे किसी झूठे विषय को भी ऐसा दिखाया जाता है, जैसे पूरा देश उसी पर चर्चा कर रहा हो। इसके साथ ही भुगतान लेकर काम करने वाले ट्रोल समूह, नकली समाचार वेबसाइटें और कृत्रिम बुद्धिमत्ता से तैयार सामग्री मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं कि सामान्य नागरिक के लिए सच और झूठ में अंतर करना कठिन हो जाता है। इस पूरे खेल का आर्थिक पक्ष भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। सोशल मीडिया पर जितना अधिक विवाद होगा, उतनी अधिक पहुंच मिलेगी। पहुंच बढ़ेगी तो विज्ञापन और कमाई भी बढ़ेगी। यही कारण है कि कुछ प्रभावशाली खाते बिना किसी सत्यापन के सनसनीखेज सामग्री साझा करते हैं। कई बार उन्हें यह भी पता नहीं होता कि उनका साझा किया गया संदेश किसी विदेशी दुष्प्रचार अभियान का हिस्सा बन चुका है। भारत सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को सख्त बनाया, सोशल मीडिया मंचों की जवाबदेही बढ़ाई और डीपफेक जैसी नई चुनौतियों को लेकर लगातार परामर्श जारी किए। साइबर सुरक्षा एजेंसियों की क्षमता भी बढ़ाई गई है। लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि केवल कानून इस लड़ाई को नहीं जीत सकते। जब तक नागरिक स्वयं डिजिटल रूप से जागरूक नहीं होंगे, तब तक किसी भी विदेशी अभियान को रोकना कठिन रहेगा। आज सबसे बड़ी आवश्यकता डिजिटल साक्षरता की है। लोगों को यह सिखाना होगा कि किसी वीडियो का स्रोत कैसे जांचें, किसी तस्वीर की वास्तविकता कैसे परखें और किसी वायरल संदेश पर विश्वास करने से पहले आधिकारिक पुष्टि क्यों जरूरी है। यदि समाज तथ्य जांच की आदत विकसित कर ले, तो दुष्प्रचार की सबसे मजबूत कड़ी अपने आप टूट जाएगी। भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी विविधता, लोकतांत्रिक व्यवस्था और सामाजिक समरसता है। इसलिए विदेशी दुष्प्रचार का पहला निशाना भी यही बनता है। डिजिटल युद्ध का उद्देश्य केवल झूठ फैलाना नहीं, बल्कि भारतीयों के बीच भरोसा खत्म करना है। आने वाले समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डीपफेक और स्वचालित प्रचार तंत्र इस चुनौती को और गंभीर बनाएंगे। ऐसे दौर में सीमा पर तैनात सैनिक जितने आवश्यक हैं, उतना ही जरूरी हर वह नागरिक भी है जो मोबाइल पर आए हर संदेश को आंख बंद करके सच नहीं मानता। आधुनिक भारत की सुरक्षा अब केवल सीमा चौकियों पर नहीं, बल्कि हर हाथ में मौजूद मोबाइल स्क्रीन पर भी तय होगी।

# साम्राज्वाद के विरोध में ईरान का प्रतीक : 'बंद मुट्ठी'

तनवीर जाफरी

ईरानी सुप्रीम लीडर शहीद आयतुल्लाह खामनेई की पिछले दिनों 4 से 9 जुलाई के मध्य हुई विश्व की सबसे बड़ी अंत्येष्टि को दुनिया ने देखा। लगभग एक सप्ताह तक चले अंत्येष्टि के इस आयोजन में ईरान व इराक में लगभग दो हजार किलोमीटर की शवयात्रा निकाली गयी, करोड़ों की भीड़ को विभाजित करने के लिये तेहरान साहित कई प्रमुख शहरों में नमाज-ए-जनाजा पढ़ाई गयी। यह ऐतिहासिक जनसैलाब न केवल अमेरिका इस्राईल के मिसाईल हमले में शहीद अपने रहबर व उनके शहीद परिजनों को रोते बिलखते हुये श्रद्धांजलि दे रहा था बल्कि भारी गुस्से का भी इजहार कर रहा था। लाखों लोग बदले का प्रतीक लाल परचम उठाये हुये थे जबकि सैकड़ों बैनर पोस्टर पर अंग्रेजी में 'किल ट्रंप' लिखकर अमेरिका को ईरानियों का सीधा सन्देश भी दिया गया था। गम और गुस्से के संदेशों से भरे इन्हीं परचमों,पोस्टर्स व बैनर्स के बीच एक 'विशेष प्रतीक' ने भी पूरी दुनिया का ध्यान खींचा। यह था 'बंद व बुलंद मुट्ठी ' का प्रतीक। खबर है कि शहादत के वक़्त भी उनकी मुट्ठी बंधी हुई थी। दरअसल बंद मुट्ठी का अर्थ आम तौर पर प्रतिरोध, एकजुटता, और संघर्ष को जारी रखने का संकेत होता है। आयतुल्लाह खामनेई की शहादत के संदर्भ में इसे उनके समर्थकों व राजनीतिक व धार्मिक पक्षों की तरफ से यह संदेश माना गया कि वे उनकी विरासत, उनके विचार और ईरान की मौजूदा सत्ता-रचना के साथ खड़े हैं। इतिहास गवाह है कि 'बंद मुट्ठी' दुनिया भर में पहले भी कई वैश्विक आंदोलनों में खासकर साम्राज्यवादी शक्तियों के विरोध और दृढ़ता का प्रतीक रही है। इस प्रतीक को केवल शोक का ही नहीं, बल्कि हम पीछे नहीं हटेंगे हम डटे रहेंगे व हमारा संकल्प दृढ़ है,हम संगठित हैं जैसे राजनीतिक संदेशों के रूप में भी समझा जाता है। इसी तरह खामनेई की शहादत के बाद जो पोस्टर लगाए गए, उनमें बंद मुट्ठी को उनकी सत्ता, विचारधारा और समर्थक नेटवर्क की निरंतरता के प्रतीक की तरह इस्तेमाल किया गया। इसका आशय यह भी हो सकता है कि उनके अनुयायी इसे केवल मृत्यु नहीं, बल्कि संघर्ष और प्रतिरोध के नए चरण की शुरूआत मान रहे हैं। वैसे भी दास्तान-ए-करबला से प्रेरणा लेने वाली शिया कौम में राजनीति और प्रतीकों में शोक, प्रतिशोध और न्याय की भाषा बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसलिए ऐसी छवियाँ भावनात्मक रूप से यह भी कहती हैं कि समुदाय अपने नेता की शहादत या मृत्यु को निजी दुख के साथ-साथ सामूहिक संकल्प में बदल रहा है। बंद मुट्ठी का मतलब यह भी है कि हम शोक में तो जरूर हैं लेकिन हम कमजोर नहीं हैं और हम विरोध का अपना रास्ता




भी जारी रखेंगे। बंद मुट्ठी का प्रतीक यह भी दर्शाता है कि हम कमजोर, बिखरे हुये या नेतृत्व-हीन नहीं हैं बल्कि हमारा संगठन, विचारधारा और सामूहिक अनुशासन अभी भी मजबूत है। पोस्टर और प्रतीक केवल तर्क से नहीं, भावना से भी काम करते हैं। बंद मुट्ठी, शोक को क्रोध, स्मृति और प्रतिशोध की राजनीति में बदल देती है, जिससे समर्थकों में एक सामूहिक पहचान और हम बनाम वे की भावना मजबूत होती है। ऐसे पोस्टर आंतरिक सत्ता-संघर्ष में भी काम आते हैं, क्योंकि वे उत्तराधिकार या नेतृत्व-रिक्ति के समय समर्थकों को एक धुरी के चारों ओर इकट्ठा करते हैं। इससे जनता को यह संदेश जाता है कि सत्ता या व्यवस्था अभी भी नियंत्रण में है और बिखराव नहीं हुआ। आम तौर पर ऐसे प्रतीक तीन स्तरों पर अपना व्यापक प्रभाव छोड़ते हैं। एक तो सड़क पर समर्थकों का मनोबल बढ़ाने में,दूसरा नेतृत्व की वैधता दिखाने और तीसरे अपने विरोधियों को यह संकेत देने में कि संघर्ष वैचारिक रूप से जारी रहेगा। इसलिए इसे केवल एक चित्र नहीं, बल्कि राजनीतिक संचार की रणनीति समझना चाहिए। साथ ही बाहरी दुनिया के लिए भी यह प्रतीक एक तरह की चेतावनी है कि ईरान-समर्थक धड़ा किसी भी स्वयंभू महाशक्ति के दबाव में झुकने वाला नहीं है। ईरान में शहीद खामनेई की अंत्येष्टि में करोड़ों शोकाकुल लोगों के बीच इस तरह के संकेत का पोस्टर बैनर्स में नजर आना साथ ही बार बार उपस्थित करोड़ों लोगों द्वारा गुस्से में यही प्रतीक बनाकर और बुलंद कर व अमेरिका, इजराइल के विरुद्ध गगनचुंबी नारे लगाकर प्रतिद्वंद्वियों को सीधा संदेश दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व उनके खास सहयोगी देश इस्राईल के साम्राज्वादी इरादों को दुनिया देख ही रही है। गजा, फिलिस्तीन, लेबनॉन, सीरिया, यमन, ईरान, इराक, वेनेजुएला आदि अनेक देशों को बर्बाद करने में अमेरिका इस्राईल ने कोई कसर बाकी नहीं राखी। जब चाहे जिस देश को चाहें धमकियाँ देते रहते हैं। यहाँ तक की देश पर कब्जा करने की भी धमकी दे बैठते हैं। यह साम्राज्यवादी देश, दूसरे देशों की धन सम्पदाओं,प्राकृतिक संसाधनों यहाँ तक कि उनपर बलात कब्जा जमाकर उनकी संप्रभुता से खिलवाड़ करने की सोच रखते हैं। और अपने इन नापाक इरादों को पूरे करने के लिये बांटो और राज करो,पड़ोसी देशों में भय और अविश्वास पैदा करने जैसे घिनौने खेल खेलते हैं और इसी की आड़ में अपने हथियार बेचते हैं। दुनिया के तमाम देश इनकी ताकत की वजह से इनसे सीधे टकराव नहीं चाहते। परन्तु ईरान ने विश्व इतिहास में अब तक के इस मिथक को मिटा दिया है कि इन साम्राज्यवादी देशों का मुकाबला नहीं किया जा सकता। सैन्य ताकत से लेकर राजनैतिक व कूटनीतिक सभी क्षेत्रों में स्वयंभू सर्वशक्तिमान अमेरिका,इस्राईल व इनका साथ देने वाले उसके सभी सहयोगियों को दिखा दिया कि सच्चाई के रास्ते पर चलते हुये 'बंद मुट्ठी ' की ताकत दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश को भी घुटनों पर ला सकती है।और अब दुनिया यह स्वीकार करने लगी है कि विश्व व्यवस्था अब सम्रज्वादी अमेरिका के इशारों पर नहीं चलने वाली। ऐसे में सवाल यहउठता है कि क्या अब खामनेई की 'बंद मुट्ठी' साम्राज्वाद के विरोध में ईरान का नया प्रतीक बनेगी?

# सिंधु जल संधि : भारत का सख्त रवैया और पाकिस्तान की बढ़ती बेचैनी

मृत्युंजय दीक्षित

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ जब से सिन्धु जल समझौता रद्द किया है, पाकिस्तान लगातार पूरी दुनिया के समक्ष पीड़ित देश होने का नाटक कर रहा है और हाथ-पांव मार रहा है कि किसी तरह दबाव में आकर भारत सिंधु जल समझौता बहाल कर दे। इसके साथ ही उसके पूर्व विदेश मंत्री और पीपीपी नेता विलावल भुटटो भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देने लगे हैं। भारत के कड़े तेवरों के कारण सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की बैचेनी अब चरम पर पहुंच चुकी है। इस्लामाबाद में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन भी आयोजित किया गया जिसमें पाकिस्तानी मंत्रियों और सांसदों ने भारत को धमकी देने का प्रयास किया। पाक उपप्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि सिंधु जल संधि सिर्फ पानी बांटने का समझौता नहीं अपितु दक्षिण एशिया में शांति, स्थिरता और सहयोग की मजबूत नीव है।

दूसरी ओर संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों में भारत एक माह में ही चार बार पाकिस्तान को आईना दिख चुका है। बिलावल ने धमकी देते हुए बयान दिया कि अगर पाकिस्तान के पानी को रोकने का प्रयास हुआ तो यह पाकिस्तान के अस्तित्व पर हमला माना जाएगा और यह परमाणु प्रतिक्रिया जैसी स्थिति पैदा कर सकता है। आज पाकिस्तान सिंधु जल के लिए तरस रहा है और उसका असर वहां की आम जनजीवन पर दिखलाई पड़ने लगा है। इतना होने पर भी पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज आने को तैयार नहीं है। वह लगातार भारत के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों को चला रहा है और आतंकियों को संरक्षण दे रहा है। अतः रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी पाकिस्तान को स्पष्ट सन्देश दे दिया है कि अब वह सिंधु जल समझौता पूरी तरह से भूल जाए क्योंकि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता।

इस बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम यह हुआ है कि भारत और पाकिस्तान की तथाकथित 116 बुद्धिजीवी हस्तियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखकर शांतिवार्ता पुनः शुरू करने की वकालत की है जिसे भारत सरकार ने स्पष्ट रूप से ठुकरा दिया है। एक बार फिर बता दिया है कि अब खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता।

सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस के अध्यक्ष ओपी शाह की तरफ से 116 प्रमुख हस्तियों ने हस्ताक्षर किए हैं, जिसमें 60 भारत व 56 पाकिस्तान से है। अब इन हस्तियों में जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का नाम भी जुड़ गया है। भारत की जिन 61 हस्तियों ने इस पत्र में हस्ताक्षर किए हैं उनमें अधिकतर वही लोग हैं जिन्होंने भारत पर हुए अब तक के किसी भी आतंकवादी हमले की ना तो निंदा की और न पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त की। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की सदा से पाकिस्तान के प्रति ही संवेदनाएं रही हैं, उन्हें पाकिस्तान के प्रति प्रेम रहा है, उनके बयान पाकिस्तानी मीडिया में छाए रहते है।

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 का पटाक्षेप होने के बाद से महबूबा मुफ़्ती सईद और फारुख अब्दुल्ला परिवार पाकिस्तान प्रेम में छटपटा रहा है। राजद सांसद मनोज झा जिनकी भारत में कोई राजनैतिक हैसियत नहीं है ऐसे ही पाकिस्तान प्रेमी 61 लोगों की सूची देखने के बाद इन सभी की मंशा स्पष्ट हो रही है कि ये लोग वास्तव में शांति के नकली नायक बनकर भारतीयों और दुनिया के तमाम लोगों का ध्यान खींचना चाह रहे हैं और अपनी उपस्थिति का एहसास बिल्कुल उसी तरह कराना चाह रहे हैं और जिस प्रकार अमेरिका-ईरान युद्ध के दौरान पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर और शाहबाज शरीफ मध्यस्थ बनकर शांति का ढिंढोरा पीट रहा था।

यह अत्यंत दुर्भाग्य की बात है शांति का ढिंढोरा पीटने वाले 1970 से लेकर पहलगाम तक जितने भी आंतकी हमले हुए उन्हें भूल चुके हैं। भारत ने पाकिस्तान को शांति वार्ता करने के कई अवसर दिए और बारंबार दिए। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तो बस लेकर पाकिस्तान गए थे, उसके बाद भारत को कारगिल का युद्ध लड़ना पड गया। पाकिस्तान भारत के खिलाफ न केवल आंतकवाद की समस्या पैदा कर रहा है अपितु भारत में शाति भंग करने व विकास कार्यों में बाधा पहुँचाने के लिए हर प्रकार की घृणित व विकृत साजिशों को लगातार अंजाम दे रहा है। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ही साजिशें रच रही थी। आज जिन लोगों ने भारत और पाकिस्तान के साथ शांतिवार्ता शुरू करने की जो वकालत की है वे लोग तब कहाँ चले गए थे जब बांग्लादेश में हिंदुओं का कत्लेआम हो रहा था, हिन्दू बहिन-बेटियों पर क्रूर और शर्मनाक अत्याचार किये जा रहे थे। इन लोगों ने अपना पत्र ऐसे समय में लिखा है जब पाकिस्तान पाक अधिकृत कश्मीर में अपना दमनचक्र चला रहा है। पूरा पीओजेके पाकिस्तान के वर्चस्व से स्वतन्त्र होना चाह रहा है। अतः इन हस्तियों को ऐसे समय में पीओजेके के आंदोलनकारियों के समर्थन में आना चाहिए था और पाकिस्तान से कहना चाहिए था वह पाक अधिकृत कश्मीर को पूरी तरह से स्वतंत्र करे और बलूचिस्तान को भी आजादी दे। किंतु इन लोगों ने ऐसा कोई मुद्दा अपने पत्र में नहीं उठाया है जिससे इन लोगों की मंशा पर संदेह उत्पन्न होना स्वाभाविक ही है। सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि इन लोगों ने अपने पत्र के माध्यम से पुलवामा में 40 जवानों की शहादत से लेकर पहलगाम हमले की निंदा तक नहीं की और उसे इतनी आसानी से भूल गए।

## दैनिक पंचांग

**13 जुलाई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | मिथुन में |
| चंद्र | मिथुन में |
| मंगल | वृष में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | कर्क में |
| शुक्र | सिंह में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| कर्क | 05.43 बजे से |
| सिंह | 07.59 बजे से |
| कन्या | 10.11 बजे से |
| तुला | 12.21 बजे से |
| वृश्चिक | 14.36 ब.से |
| धनु | 16.52 बजे से |
| मकर | 18.57 बजे से |
| कुंभ | 20.44 बजे से |
| मीन | 22.16 बजे से |
| मेष | 23.47 बजे से |
| वृष | 01.27 बजे से |
| मिथुन | 03.25 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 194 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्दशी 18.50 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 05.42 बजे तदनन्तर आर्द्रा 02.52 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ध्रुव 16.01 बजे को समाप्त। **करण** विष्टि 08.40 बजे, शकुनि 18.50 बजे तदनन्तर चतुष्पद 05.01 बजे प्रात: को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 51'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872769
**जूलियन दिन** 2461234.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** मोहर्रम **तारीख** 27

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# बरहरवा पुलिस ने चोरी कांड का किया खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बरहरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी के मामले में संलिप्त युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बरहरवा पुलिस निरीक्षक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दिनांक 05 जुलाई 26 को बरहरवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम छाताडंगाल स्थित घर में चोरी होने के संबंध में वादी रॉनी सुदीप कुजुर, पिता स्व० आर.ई.वी. कुजुर (आई०पी०एस०), के लिखित आवेदन के आधार पर घर में चोरी होने के आरोप में बरहरवा थाना कांड संख्या 177/20, 08 जुलाई 20, धारा 305/331(4) भारतीय न्याय संहिता के अन्तर्गत पोल्ट्री के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया। जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को दिया गया। वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार कांड के उद्बेदन हेतु पुलिस निरीक्षक बरहरवा प्रभाग के नेतृत्व में टीम गठित कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में 11 जुलाई 2026 को गुप्त सूचना के आधार पर पोल्ट्री उर्फ लक्ष्मण यादव पिता विजय यादव, साकिन रतनपुर, थाना बरहरवा, जिला साहेबगंज एवं उसके स्वीकारोक्ति ब्यान के आधार पर नंदन शाह उम्र 24 वर्ष, पिता स्व० लालु साह, साकिन रतनपुर, प्रकाश साह उम्र 19 वर्ष पिता झंटु साह साकिन पतना चौक तेलीपाडा, सोहन कुमार यादव उम्र 23 वर्ष, पिता स्व० विरजु यादव, साकिन पतना चौक तेलीपाडा, राहुल कुमार साह उम्र 18, वर्ष पिता गोपाल साह, साकिन पतना चौक तेलीपाडा, सभी का थाना बरहरवा, जिला साहिबगंज को गिरफ्तार कर पुछताछ किया गया तो इनके द्वारा वादी के घर से चोरी करने की बात स्वीकार की गई तथा इनलोगो के निशानदेही पर खिडकी में लगाने वाला एल्मुनियम का फ्रेम, सिलिंग फैन चार पीस, एसी का कंप्रेसर बरामद कर जत किया गया। इसके साथ ही इनलोगो द्वारा अपने स्वीकारोक्त ब्यान में पांच माह पूर्व स्तनपुर स्थित खुश्बु कुमारी के बंद घर से चोरी करने की बात स्वीकार किया गया है। अन्य बिन्दुओं पर अनुसंधान जारी है। अन्य थानों में कई युवक का अपराधिक इतिहास भी थाना में दर्ज है। सभी अभियुक्त को कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापामारी दल में पुनि संतोष कुमार, बरहरवा प्रभाग, पुअनि अनिल कुमार यादव, पुअनि सह अनुसंधानकर्ता सुदामा सिंह, सअनि राजनाथ साव, सअनि रंजय कुमार यादव, सहित सशस्त्र बल, शामिल थे।

## एक नजर

### एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया पौधरोपण और जल संरक्षण जागरूकता अभियान

**साहिबगंज:** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई–1 एवं इकाई–2 द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन गोद लिए गए ग्राम सालबनी एवं भोटोटोला में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने दोनों गांवों में वृक्षारोपण किया तथा ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न उपायों, वृक्षों के महत्व तथा पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर कैच द रेनस्अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण के महत्व पर भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को वर्षा के जल का संग्रह एवं संचयन करने, भू–जल स्तर को बनाए रखने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वर्षा जल का संरक्षण भविष्य की जल आवश्यकताओं की पूर्ति तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने का प्रभावी उपाय है। यह कार्यक्रम एनएसएस इकाई–1 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रमजान अली एवं इकाई–2 के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अमित कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दोनों इकाइयों के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और स्वच्छ एवं हरित भारत के निर्माण हेतु जन–जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### फ्रेंड्स क्लब में जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न



**साहिबगंज:** शहर के फ्रेंड्स क्लब में जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न प्रखंडों से डीलर एवं स्वयं सहायता समूह के ग्रुप के लोग उपस्थित हुए। प्रदेश पर्यवेक्षक के रूप में उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साह, प्रदेश सचिव मोहम्मद सलाम, विनोद कुमार भगत, चंदेश्वर प्रसाद सिंह पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित हुए। पर्यवेक्षकों ने चुनाव संबंधी सारी प्रक्रियाएं डीलरों के समक्ष रखा। इसके बाद चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। जहाँ आपसी सहमति बनने के बाद प्रस्तावक ने अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मत से जयप्रकाश सिहां का नाम रखा,जिसे समर्थकों ने ध्वनि मत से पारित किया। वही उपाध्यक्ष महेंद्र पासवान, सचिव अशोक शाह, कैलाश यादव, अजीत शर्मा, रामलाल भगत, मनोज चौधरी, कोषाध्यक्ष भगवान जोशी, ग्रामीण क्षेत्र एवं साहिबगंज नगर से प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र शाह उपाध्यक्ष बासुकीनाथ यादव, महासचिव मंत्लाल पासवान, सचिव महेश मलिक, कोषाध्यक्ष रामावतार सिंह को बनाया गया। वही बैठक मे निर्णय लिया गया, कि विभिन्न प्रखंडों की घोषणा एवं कमेटी का विस्तार भी प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार कर दिया जाएगा। मौके पर जयप्रकाश सिहां, महेंद्र पासवान, राजेंद्र शाह, शंभू प्रसाद यादव, महेश मलिक, प्रभु नाथ यादव, मो. जमीरउद्दीन, भगवान जोशी, मनोज चौधरी,यदु, बासुकीनाथ यादव, जनार्दन दास, रिंकी, आरती, शशिकांत दुबे, विमल गुप्ता, रेशमा मुस, संजय पोद्दार, नागेश्वर पोद्दार, मो. कुर्बान, भोला शर्मा, कैलाश यादव, अनंत यादव, मो. हन्नान, गोपाल शाह, मो. मेराज, आशा समेत भारी संख्या में विभिन्न प्रखंडों से डीलर उपस्थित हुए,जिन्हें जिला एवं प्रखंड कमेटी में शामिल की गई है।

## अमड़ापाड़ा हत्याकांड का खुलासा, एक बालक निरुद्ध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अमड़ापाड़ा :** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में विगत 8 जुलाई को घर में सो रही एक महिला की धारदार हथियार से हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक बालक को निरुद्ध किया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टांगी, खून से सना टी-शर्ट तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 8 जुलाई 2026 को अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में एक महिला की घर में सोए रहने के दौरान सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में अमड़ापाड़ा थाना कांड संख्या 54/26 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महेशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम में अमड़ापाड़ा थाना पुलिस, तकनीकी शाखा, एफएसएल रांची तथा डॉग स्क्वॉड को शामिल किया गया। मानव सूचना, तकनीकी जांच एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मामले का सफल उद्भेदन करते हुए एक बालक को निरुद्ध किया। पुलिस ने निरुद्ध बालक की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लकड़ी के बेंट वाली टांगी, खून से सना टी-शर्ट तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अनुप रोशन भेंगरा, पु.अ.नि. बुदीलाल मुर्मू, चंदन कुमार, सुखदेव साहा (तकनीकी शाखा) सहित तकनीकी शाखा एवं अमड़ापाड़ा थाना के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, स्पेशल ट्रेन से 78 बोतल विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** बरहरवा रेलवे स्टेशन पर रविवार को आरपीएफ और सीपीडीएस (मालदा) की संयुक्त टीम ने विशेष जांच अभियान चलाकर उधना स्पेशल फेयर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 09034 अप) से 78 बोतल विदेशी शराब बरामद की। इस दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, साहिबगंज को सौंप दिया गया। बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के पर्यवेक्षण में विश्वसनीय गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान में सीपीडीएस मालदा के सहायक उपनिरीक्षक सुरेश पासवान, हेड कांस्टेबल मो. शमीम खान, कांस्टेबल कनैया कुमार, कांस्टेबल राजा यादव तथा आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के सहायक उपनिरीक्षक अजय कुमार हांसदा एवं हेड कांस्टेबल डी.के. मंडल शामिल थे। जांच के दौरान सुबह करीब 10:40 बजे ट्रेन के बरहरवा स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर पहुंचने के बाद कोच संख्या एस-10 की तलाशी ली गई। सीट संख्या-11 के नीचे एक हरे रंग का ट्रॉली बैग और एक काले रंग का बैकपैक संदिग्ध अवस्था में मिला। तलाशी लेने पर दोनों बैगों से बड़ी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में सीट संख्या-11 पर यात्रा कर रहे युवक ने अपना नाम प्रेमसागर कुमार (19 वर्ष), पिता जब्बार पासवान, निवासी टोपखाना बाजार, कटघर, थाना कोतवाली, जिला मुंगेर (बिहार) बताया। युवक विदेशी शराब के संबंध में कोई वैध लाइसेंस, परमिट या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह मालदा रेलवे स्टेशन से शराब लेकर सवार हुआ था और जमालपुर पहुंचाकर मुंगेर क्षेत्र में अवैध रूप से बेचने की योजना थी। बरामद शराब में आइकॉनिक व्हाइट व्हिस्की की 30 बोतल, रॉयल स्टेज व्हिस्की की 24 बोतल, माउंटेन ओक व्हिस्की की 20 बोतल तथा ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की की 4 बोतल शामिल हैं। कुल 78 बोतलों की अनुमानित कीमत 23,720 रुपये आंकी गई है। आरपीएफ ने दोनों बैगों सहित शराब को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## वन विभाग की घेराबंदी कार्य पर उठे सवाल, निष्पक्ष जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हिरणपुर :** पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत धौंवडंगा पंचायत भवन के समीप वन विभाग द्वारा कराए जा रहे घेराबंदी (फेंसिंग) कार्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं। सरिया, सीमेंट और बालू से तैयार किए जा रहे पक्के खंभों के निर्माण कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता तथा सरकारी राशि के उपयोग को लेकर स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर जारी है। इसी बीच झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के पाकुड़ जिला अध्यक्ष हसन अंसारी ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर वन विभाग की ओर से घेराबंदी का कार्य कराया जा रहा है, लेकिन कार्य कर रही एजेंसियों एवं ठेकेदारों की वैधता, निर्माण की गुणवत्ता, विभागीय निगरानी तथा सरकारी मानकों के अनुपालन को लेकर कई गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। हसन अंसारी का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित नियमों और तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं कराया जा रहा है, तो सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने वन विभाग के वरीय अधिकारियों से मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता, लापरवाही या वित्तीय गड़बड़ी सामने आती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का उद्देश्य जनहित है, इसलिए उनके क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना विभाग की जिम्मेदारी है। साथ ही चेतावनी दी कि यदि समय रहते मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो जनहित में इस मुद्दे को उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाया जाएगा। फिलहाल इस संबंध में वन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और लोगों की निगाहें विभाग की प्रतिक्रिया तथा संभावित जांच पर टिकी हुई हैं।

### शॉर्ट सर्किट से बंद घर में लगी आग

## महत्वपूर्ण दस्तावेज समेत हजारों की संपत्ति जलकर राख

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के मिजाचौकी थाना क्षेत्र के नयाटोला गांव में शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक बंद घर में आग लग गई। इस हादसे में जीवन बीमा से जुड़े कागजात, बैंक पासबुक सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं हजारों रुपये मूल्य का घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हालांकि ग्रामीणों की तत्परता से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के मकानों को बड़ी क्षति से बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार नयाटोला निवासी पवन मालाकार रोजगार के सिलसिले में दिल्ली की एक फैक्ट्री में कार्यरत हैं। घटना के समय घर बंद था। देर रात अचानक घर से आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही उपमुखिया प्रतिनिधि राजेश राम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा अधिकांश सामान जल चुका था। ग्रामीणों ने दूरभाष के माध्यम से घटना की जानकारी पवन मालाकार को दे दी है। बताया जा रहा है कि उनके घर लौटने के बाद ही आग से हुई वास्तविक क्षति का सही आकलन हो सकेगा।

# मतदाता सूची के डिजिटाइजेशन अभियान को मिली रफ्तार वरीय पदाधिकारियों ने कैंपों का किया सघन निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले में लोकतंत्र की आधारशिला मानी जाने वाली मतदाता सूची को अधिक सुदृढ़, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में चल रहे डिजिटाइजेशन कार्य की गति बढ़ाने के लिए रविवार को विभिन्न प्रखंडों एवं नगर परिषद क्षेत्र में विशेष डिजिटाइजेशन कैंप आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, पाकुड़ मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार इन कैंपों के प्रभावी संचालन, अनुश्रवण एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारियों ने अपने- अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर कार्यों का सघन निरीक्षण किया। लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लिट्टीपाड़ा प्रखंड में अनुमंडल पदाधिकारी, हिरणपुर प्रखंड में जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा अमड़ापाड़ा प्रखंड में परियोजना निदेशक, आईटीडीए द्वारा कैंपों का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पाकुड़ प्रखंड में उप विकास आयुक्त एवं नगर परिषद क्षेत्र में उप निर्वाचन पदाधिकारी ने डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का जायजा लिया। वहीं महेशपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महेशपुर प्रखंड में जिला आपूर्ति पदाधिकारी तथा पाकुड़िया प्रखंड में भूमि सुधार उप समाहर्ता द्वारा कैंपों का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारियों ने बीएलओ, सुपरवाइजर एवं संबंधित कर्मियों द्वारा मतदाता प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रपत्रों की शुद्धता, डेटा एंट्री की गुणवत्ता एवं कार्य की गति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक मतदाता से संबंधित जानकारी का डिजिटाइजेशन पूरी सावधानी एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए, ताकि मतदाता सूची अधिक विश्वसनीय एवं त्रुटिरहित बन सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि डिजिटाइजेशन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए तथा प्रतिदिन की प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सही एवं अद्यतन रूप में दर्ज हो, इसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### तोड़ाई पंचायत के गणना शिविर का जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**हिरणपुर :** पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत तोड़ाई पंचायत भवन में गणना प्रपत्र भरने के लिए आयोजित विशेष शिविर का जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में चल रही गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया, अभिलेखों के संधारण तथा कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि गणना कार्य पूरी पारदर्शिता, शुद्धता और निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रपत्र भरने में किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही नहीं होनी चाहिए तथा प्रत्येक परिवार का विवरण सही एवं पूर्ण रूप से दर्ज किया जाए। उन्होंने शिविर में प्रतिनियुक्त कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। साथ ही आम लोगों से अपील की कि वे सही एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर गणना कार्य को सफल बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान प्रखंड एवं पंचायत स्तर के संबंधित अधिकारी, कर्मचारी तथा गणना कार्य में लगे कर्मी उपस्थित थे।

### व्यवहार न्यायालय में ई-कोर्ट प्रोग्राम के संबंध में अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिक को दी गई ट्रेनिंग




**साहिबगंज:** व्यवहार न्यायालय साहिबगंज मे ई–कोर्ट फाइलिंग प्रोसेस की जानकारी को लेकर रविवार 12 जुलाई को एक कार्यशाला सह प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मास्टर ट्रेनर अमरेंद्र कुमार मोहंती ने बताया कि झालसा के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार साहिबगंज के मार्गदर्शन में आयोजित ई–कोर्ट प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम के माध्यम से ऑन लाइन मुकदमा फाइल करने का समय आ गया है अब सभी को ऑन लाइन ही केस फाइल करना होगा। मौके पर राजमहल के मास्टर ट्रेनर विकास कुमार एवं ओम प्रकाश सिंह ने अधिवक्ता एवं अधिवक्ता लिपिक को ई –कोर्ट ट्रेनिंग प्रोग्राम में ई–फीलिंग से संबंधित जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिवक्ता को अपना मोबाइल फोन में ई–कोर्ट फाइलिंग ऐप अपलोड कर अपने–अपने नाम से रजिस्ट्रेशन करना होगा। तब आप अपने नाम से कोई भी दस्तावेज या केस को ई–फाइलिंग के माध्यम से कोर्ट में दाखिल कर सकेंगे। उक्त ट्रेनिंग प्रोग्राम में जिला अधिवक्ता संघ साहिबगंज के सचिव विजय कारण, साहिबगंज के अधिवक्ता देव नारायण यादव,गौतम प्रसाद सिंह उर्फ दारा, मुनीलाल मंडल, लालबाबू यादव, सुनील कुमार, बालमुकुल पंडित, नवीन निर्माण,अरुण कुमार सिन्हा, विवेक कुमार, जितेंद्र मालाकार, सुभाष गुप्ता, बम बम, ज्योति ओझा, राहुल रितेश एवं अन्य शामिल थे। घोष सुमित कार्यक्रम के अंत में संघ के सचिव विजयकुमार कर्ण एवं देव नारायण यादव ने भी अधिवक्ता को जानकारी दिया।

### श्रीमद् भागवत कथा को लेकर 501 कलश के साथ निकली भव्य शोभायात्रा



**साहिबगंज:** जिले के मंडरो प्रखंड क्षेत्र के बाबूपुर गांव में रविवार को 501 कलशों की भव्य शोभायात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा का शुभारंभ श्रद्धा और उत्साह के माहौल में सुरु हुआ। कथा के प्रथम दिन छात्र युवक बाल संघ एवं ग्रामीणों के संयुक्त सहयोग से गाजे–बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा स्थानीय काली मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर पक्की सड़क स्थित गंगा छठ घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने गंगा जल भरकर कलश पूजन किया। गंगा जल से भरे 501 कलश सिर पर धारण किए महिलाओं एवं बच्चियों ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ शोभायात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा बाबूपुर गांव के विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते हुए पुन: काली मंदिर परिसर पहुंची। यहां विधिवत पूजा–अर्चना के बाद कलश स्थापना की गई जिसके साथ सात दिनों तक चलने वाले श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा का शुभारंभ हुआ। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक मणिकांत बाबा द्वारा किया जा रहा है। कथा स्थल पर पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबकर कथा श्रवण किया तथा क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। आयोजन को सफल बनाने में मुखिया लक्ष्मण यादव, सरपंच राजू मंडल, शिव शंकर यादव, नवीन शाह, संजय मंडल, सर्वेश मंडल, नंदलाल मंडल सहित छात्र युवक बाल संघ के सदस्यों एवं दर्जनों ग्रामीणों की सक्रिय भूमिका रही। आयोजकों ने बताया कि सातों दिनों तक प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, भजन–कीर्तन एवं श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा।

### राजमहल में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा लापरवाही पर सिविल सर्जन सख्त

**साहिबगंज:** सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान की अध्यक्षता में रविवार को अनुमंडल अस्पताल राजमहल के सभागार में राजमहल प्रखंड की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुष्मान आरोग्य केंद्रों सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की बारीकी से समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने स्पष्ट निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्यकर्मी एवं पदाधिकारी 24 घंटे किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहें तथा आम लोगों को बेहतर और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में कम उपलब्धि वाले आयुष्मान आरोग्य केंद्रों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को मौके पर ही स्पष्टीकरण जारी किया गया। साथ ही उन्हें चेतावनी देते हुए निर्देश दिया गया कि अगले माह तक कार्यों में गुणवत्तापूर्ण सुधार नहीं होने पर सेवा मुक्त करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी। बैठक में अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. उदय टुडू, डॉ. राजकुमार सिंह, डॉ. जितेंद्र भगत, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार, प्रखंड डाटा प्रबंधक नितिन मुर्मू, जिला डाटा प्रबंधक तौसीफ अहमद सहित सहिया साथी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# नकली ब्रांडेड सामान बनाने वाले बड़े गिरोह का भंडाफोड़, गोदाम संचालक गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कसमार :** कसमार थाना क्षेत्र के तेलमुंगा ब्लॉक चौक स्थित एक गोदाम में पुलिस व कंपनियों की अधिकृत जांच टीम ने संयुक्त छापेमारी कर नकली ब्रांडेड उत्पाद बनाने और बेचने वाले बड़े गिरोह का पदार्फाश किया। मौके से गोदाम संचालक गौतम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है और भारी मात्रा में नकली सामान बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार की गई कार्रवाई में बरामद सामान में नकली पतंजलि व फॉर्च्यून ब्रांड के सरसों तेल की बोतलें, घरेलू उपयोग का




क्लीनर हार्पिक, व सर्फ एक्सेल जैसे डिटर्जेंट के रैपर, हजारों प्लास्टिक रैपर, खाली बोतलें, विभिन्न केमिकल, पैकिंग मशीनें तथा तैयार व अर्द्धनिर्मित नकली उत्पाद शामिल हैं। गोदाम से बड़ी संख्या में पैकिंग सामग्री व लेबल भी जब्त किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरोह सस्ते व घटिया गुणवत्ता वाले तेल व अन्य केमिकल का उपयोग कर इसे नामी कंपनियों के लेबल व पैकिंग में भरता था और बाजार में उच्च दाम पर बेचता था। जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि नकली सामान का नेटवर्क शहर और आसपास के जिलों तक फैला हुआ हो सकता है। गोदाम संचालक गौतम कुमार से पूछताछ जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कंपनियों के अधिकृत प्रतिनिधि की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर कसमार थाना में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है और पूरे नेटवर्क की तह तक जाने के लिए छानबीन तेज कर दी गयी है। पकड़े गए माल की गुणवत्ता परीक्षण के लिए संबंधित कंपनियों के लैब और स्थानीय फूड/ड्रग विभाग को भेजा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस तरह के नकली उत्पाद उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हैं और बाजार में भ्रांतिप्रेरक तरीके से बेचकर आर्थिक लाभ उठाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को संदिग्ध पैकिंग या कम दाम पर ब्रांडेड उत्पाद मिलें तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

## एक नजर

### सदर अस्पताल में 5.5 किलोग्राम वजनी विशाल गर्भाशय फाइब्रॉइड का सफल ऑपरेशन



**बोकारो :** सिविल सर्जन, बोकारो डॉ. अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं सदर अस्पताल, बोकारो के उपाधीक्षक डॉ. एन.पी. सिंह के सहयोग से आज सदर अस्पताल, बोकारो में भारा बस्ती, चास निवासी 52 वर्षीय महिला का जटिल एब्डॉमिनल हिस्टेरेक्टॉमी सफलतापूर्वक किया गया। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि मेधा ने बताया कि मरीज के गर्भाशय में अत्यधिक बड़ा यूटराइन फाइब्रॉइड था, जिसके कारण उन्हें इलाज हेतु सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। आवश्यक चिकित्सकीय जांच एवं मूल्यांकन के उपरांत विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। शल्यक्रिया के दौरान मरीज के गर्भाशय से लगभग 5 किलोग्राम वजनी विशाल फाइब्रॉइड को सुरक्षित रूप से निकाला गया। ऑपरेशन के दौरान किसी प्रकार की गंभीर जटिलता नहीं हुई तथा मरीज की स्थिति पूरी तरह स्थिर रही। इस सफल ऑपरेशन को स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. रश्मि मेधा के नेतृत्व में डॉ. पंकज सिन्हा तथा एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. सौरभ सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। ऑपरेशन के उपरांत मरीज की स्थिति संतोषजनक है। उन्हें आवश्यक दवाइयां, दर्द निवारण, संक्रमण से बचाव एवं नियमित चिकित्सकीय निगरानी प्रदान की जा रही है। चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श एवं निर्देश भी दिए गए हैं।

### दिन दहाड़े सिटी थाना क्षेत्र से सोने की चेन झपट कर दो बाइक सवार फरार

**बोकारो :** बोकारो के सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 2 सी के स्ट्रीट संख्या 9 के क्वार्टर नंबर 1011 निवासी शैलेंद्र यादव उर्फ मुन्ना यादव के गले से सोने की चेन झपट कर भाग निकला। घटना रविवार को दिन करीब तीन बजे की है, जब बाइक सवार दो बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने शहर में नाकेबंदी कर बाइक तथा बदमाशों की खोज आरंभ कर दी। ग्लेमर बाइक में सवार से बदमाश – घटना के संबंध में शैलेन्द्र यादव ने बताया कि वो सड़क पर पैदल चल रहें थे। तभी बाइक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। इनमें से एक हेलमेट पहने हुए था, जबकि दूसरा टोपी लगाए था। स्थानीय थाना पुलिस ने कहा कि बाइक की पहचान कर ली गई है, जल्द ही दोनों बदमाश पुलिस के शिकंजे में होंगे। शहर में नाकेबंदी कर बाइक और सवार दोनों की तलाश तेज कर दी गई है।

## रोटरी क्लब बोकारो स्टील सिटी की पहली बैठक में नई कार्ययोजना पर मंथन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की रोटरी वर्ष 2026-27 की प्रथम साप्ताहिक बैठक 11 जुलाई 2026 को उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ रोटेरियन संध्या राज एवं डॉ. राजदीप द्वारा रंग-बिरंगे पार्टी पॉपर्स के साथ क्लब अध्यक्ष रोटेरियन पूनम त्रेहन एवं उनकी टीम के भव्य स्वागत से हुआ। इसके पश्चात अध्यक्ष रोटेरियन पूनम त्रेहन ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए नए रोटरी वर्ष के लिए अपनी कार्ययोजना एवं प्राथमिकताओं से अवगत कराया। बैठक में रोचकता का समावेश करते हुए समय से पहले पहुंचने वाले सदस्यों का चॉकलेट देकर स्वागत किया गया। साथ ही एक भाग्यशाली अर्ली बर्ड रोटेरियन को लकी ड्रॉ के माध्यम से आकर्षक उपहार भी प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बोकारो जनरल हॉस्पिटल के पूर्व निदेशक डॉ. मानक लाल चौरड़िया तथा बोकारो



स्टील प्लांट की मुख्य महाप्रबंधक सुश्री नीता बा को औपचारिक रूप से रोटरी परिवार में शामिल किया गया। बैठक का एक भावनात्मक क्षण तब आया जब क्लब के दिवंगत रोटेरियनों की धर्मपत्नियों–कृष्णा कक्कड़, उमा सेठ, पुष्पा शर्मा, माला त्रिपाठी एवं बीना गुप्ता–को उनकी रोटरी परिवार से निरंतर जुड़ाव एवं योगदान के सम्मानस्वरूप ऑनरेरी रोटेरियन की सदस्यता प्रदान की गई। बैठक में सामान्य से अधिक संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही, जो नए रोटरी वर्ष के प्रति उनके उत्साह एवं प्रतिबद्धता का परिचायक थी।

बैठक का समापन रोटेरियन संध्या राज एवं डॉ. राजदीप द्वारा आयोजित शानदार फेलोशिप के साथ हुआ।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान संपन्न, कार्यकर्ताओं को संगठन के दिए गए गुर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** भारतीय जनता पार्टी बोकारो नगर के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के तहत मंडल प्रशिक्षण वर्ग का रविवार, 12 जुलाई 2026 की शाम को सफलतापूर्वक समापन हो गया। 11 जुलाई से प्रारंभ हुए इस दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता बोकारो नगर अध्यक्ष विशाल गौतम ने की, जबकि पूरे कार्यक्रम का कुशल संचालन युवा मोर्चा के महामंत्री लाल बाबू ने किया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी बोकारो नगर के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य एवं समर्पित कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में जुटे वरिष्ठ पदाधिकारीशनिवार को आयोजित भव्य उद्घाटन सत्र में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र राज जिला मंत्री



अंजना सिंह, भाजपा बोकारो जिला के वरिष्ठ नेता एवं युवा समाजसेवी विवेक सिंह जी, नगर के निवर्तमान अध्यक्ष अनिल सिंह और जिला प्रशिक्षण टोली के संयोजक संजय त्यागी, नगर महामंत्री अमित कुमार ,उपाध्यक्ष मनजीत सिंह, नीरज पांडे ,मनोज झा, लालबाबू सिंह, राजा बाबू ,महिला मोर्चा अध्यक्ष ममता गोस्वामी, मंजू सिंह ,ओबीसी मोर्चा के मिथलेश, ज्ञानचंद साहू, विक्की लोहरा जी,अमित कुमार, शंकर त्रिपाठी, अतुल सिंह,अमृत सिंह,लक्ष सिंह, अंकुर, धनजीत, शिवम कुमार, रवि शाह समेत भाजपा बोकारो के शक्तिकेंद्र प्रभारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यकताओं की वैचारिक मजबूती के लिए इस विशेष वर्ग का विधिवत शुभारंभ किया था। दो दिनों में संपन्न हुए कुल आठ महत्वपूर्ण वैचारिक व तकनीकी सत्रइस दो दिवसीय सांगठनिक महाअभियान के दौरान कुल आठ महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए, जिसमें प्रदेश और जिला स्तर के वरिष्ठ वक्ताओं ने अलग-अलग विषयों पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया: प्रथम सत्र: जिला अध्यक्ष द्वारा लिया गया, जिसमें उन्होंने प्रशासनिक तालमेल, जागरूकता और एसआईआर प्रक्रियाओं पर प्रकाश डाला।

## बरही चौक पर पुलिस का जागरूकता अभियान जनता से अपराध नियंत्रण में सहयोग की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** समाज में बढ़ रही नशाखोरी, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ बरही अनुमंडल पुलिस ने रविवार को बरही चौक पर जनजागरूकता अभियान चलाया। "बरही अनुमंडल पुलिस आपके द्वार" कार्यक्रम के तहत आयोजित नुक्कड़ सभा में पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से सीधे संवाद कर अपराध नियंत्रण में सहयोग की अपील की।

**अपराध मुक्त समाज के लिए जनसहयोग जरूरी: एसडीपीओ**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने कहा कि अपराध मुक्त समाज के निर्माण में पुलिस के साथ आम जनता की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि लोगों के सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना



तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

**नशा और अंधविश्वास विकास में बाधक: थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी विनोद कुमार ने कहा कि नशा और अंधविश्वास समाज के विकास में बाधक हैं। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। महिला थाना प्रभारी राधा रागिनी ने महिलाओं एवं छात्राओं से सुरक्षा से जुड़े मामलों में बिना संकोच पुलिस से संपर्क करने को कहा। वहीं पुलिस अवर निरीक्षक संतोष कुमार ने साइबर अपराध से बचाव और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग की जानकारी दी।

**जनप्रतिनिधियों ने भी किया समर्थन**

विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही समाज में शांति और सुरक्षा का माहौल कायम किया जा सकता है। नशा, अंधविश्वास और अपराध जैसी समस्याओं से निपटने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

## निजी नर्सिंग होम में महिला की मौत के बाद कथित समझौते की चर्चा, निष्पक्ष जांच की उठी मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले में एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान महिला की मौत के बाद हुए कथित समझौते को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। चर्चा है कि बीती रात हुई मौत के मामले में परिजनों के विरोध-प्रदर्शन के बाद कथित तौर पर 4 लाख में मामला सुलझाया गया। हालांकि इस समझौते की अभी तक प्रशासनिक या पुलिस स्तर से आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**मामला क्या है**

सुशीला देवी पति किशोरी भुइयां, निवासी तिलैडीह, पदमा की नवाबगंज स्थित एक निजी नर्सिंग होम में बच्चेदानी के ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। बाद में परिजनों और अस्पताल प्रबंधन के बीच बातचीत के बाद शव को हटा लिया गया। सवाल सिर्फ पैसे का नहीं, व्यवस्था का है

यदि यह खबर सही है तो यह मामला केवल एक परिवार का नहीं रह जाता। यह पूरे स्वास्थ्य तंत्र की जवाबदेही पर सवाल खड़ा करता है।

**जान की कीमत:** क्या किसी व्यक्ति की जान की कीमत कुछ लाख रुपये तय की जा सकती है। इलाज में लापरवाही हुई है तो निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं अगर लापरवाही नहीं हुई है तो तथ्यों को सार्वजनिक कर भ्रम की स्थिति खत्म की जानी चाहिए।

**निजी अस्पतालों की निगरानी:** जिले में संचालित निजी नर्सिंग होमों की नियमित जांच, पंजीकरण, मानकों के पालन और जवाबदेही की व्यवस्था कितनी प्रभावी है यदि कहीं अवैध संचालन या नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो उस पर सख्त कार्रवाई प्रशासन की जिम्मेदारी है।

**जनता का भरोसा :** यह मामला किसी एक अस्पताल तक सीमित नहीं है। यह उन तमाम मरीजों और परिवारों के भरोसे का सवाल है जो बेहतर इलाज की उम्मीद लेकर निजी अस्पतालों का दरवाजा खटखटाते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### सहिया अनिता देवी के निधन से क्षेत्र में शोक सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा की मांग



**चौपारण :** प्रखंड के मानगढ़ गांव की सहिया कर्मी अनिता देवी के कथित रूप से समय पर समुचित इलाज नहीं मिलने के कारण निधन हो जाने से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। इस घटना के बाद ग्रामीणों और सहिया कर्मियों ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए गंभीर मरीजों को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही ढुठी क्लस्टर की बीटीटी सविता देवी अपने क्लस्टर की सभी सहिया बहनों के साथ शोक संतप्त परिवार के घर पहुंचीं। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस दौरान सहिया बहनों ने बताया कि अनिता देवी ने वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव और जनस्वास्थ्य जागरूकता अभियान में पूरी निष्ठा के साथ कार्य किया। उनके निधन को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों ने भी गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि गंभीर मरीजों के लिए समय पर बेहतर इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में किसी अन्य परिवार को ऐसी पीड़ा का सामना न करना पड़े। मौके पर ग्रामीणों ने सहिया कर्मियों की समस्याओं को भी उठाया। उनका कहना था कि सहिया दीदियां बेहद कम मानदेय पर गांव–गांव जाकर स्वास्थ्य सेवाएं लोगों तक पहुंचाती हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा नहीं मिलती। उन्होंने सरकार से सहिया कर्मियों के लिए सम्मानजनक मानदेय, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, बीमा सुरक्षा तथा सेवा के दौरान मृत्यु होने पर आश्रित परिवार को कम से कम 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग की।

### डिवाइन संस्था ने एसआईआर को लेकर चास प्रखंड में चलाया जागरूकता अभियान



**बोकारो :** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अभियान को लेकर जन जागरूकता के लिए रविवार को बोकारो जिला जनसंपर्क विभाग की ओर से डिवाइन संस्था के द्वारा चास प्रखंड के तेलीडीह मोड़ एवं बांधगोड़ा साइड में एसआईआर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान डिवाइन संस्था के कलाकारों ने एसआईआर से जुड़े मतदाताओं के इन्यूमरेशन फॉर्म समय पर भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करने की अपील की। नुक्कड़ नाटक एवं गीत के माध्यम से बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसलिए सभी पात्र मतदाता निर्धारित समय के भीतर अपना इन्यूमरेशन फॉर्म भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करें, ताकि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे। फॉर्म भरने में किसी तरह की त्रुटि हो रही है तो अपने बीएलओ से संपर्क करें, क्योंकि बीएलओ उन्हें त्रुटिरहित फॉर्म भरने में मदद करेंगे। नुक्कड़ नाटक के दौरान ही कई मतदाताओं ने अपने फॉर्म में त्रुटि के निराकरण की जानकारी ली, जिसे कलाकारों ने फॉर्म भरने की पूरी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान डिवाइन संस्था के सचिव हलधर महतो ने बताया कि बीएलओ को घर–घर जाकर प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंचने और अभियान को शत–प्रतिशत सफल बनाने का जो लक्ष्य दिया गया है, उस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हर मतदाता व जागरूक लोगों से लेकर जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवी का सहयोग जरूरी है। मौके पर जिला जनसंपर्क विभाग बोकारो के सतीश कुमार, मनोज हेंब्रम समेत डिवाइन संस्था के संजय वर्मा, कुलदीप महतो, रामकिसुन महतो, रामेश्वर करमाली, शेखर, नीरू देवी, कविता देवी, पविता देवी एवं रूपा देवी व अन्य कलाकार मौजूद थे।

### हजारीबाग को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं : विधायक प्रदीप प्रसाद



**हजारीबाग :** हजारीबाग को नशामुक्त, स्वस्थ और जागरूक बनाने के संकल्प के साथ रविवार को डिफेंस एसोसिएशन के बैनर तले कर्जन ग्राउंड में भव्य 1600 मीटर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रेरणादायक जन जागरूकता अभियान मे मुख्य अतिथि हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित हुए। प्रतियोगिता में जिले के हजारों युवा एवं युवतियों ने उत्साह, अनुशासन और जोश के साथ भाग लेकर "नशामुक्त हजारीबाग" के संकल्प को बुलंद किया। दौड़ प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों का उत्साह, अनुशासन और ऊर्जा देखते ही बन रही थी। युवाओं ने यह संदेश दिया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करता है। इसलिए नशे के विरुद्ध जनजागरण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि युवा शक्ति सही दिशा में आगे बढ़े, तो हजारीबाग ही नहीं, पूरा देश विकास और समृद्धि की नई ऊँचाइयों को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि खेल केवल शरीर को स्वस्थ नहीं बनाते, बल्कि युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सकारात्मक सोच और राष्ट्रसेवा की भावना का भी विकास करते हैं। इसलिए युवाओं को खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि "नशामुक्त हजारीबाग" केवल एक अभियान नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का एक व्यापक जनआंदोलन है। इसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा खेलों के माध्यम से आत्मविश्वास, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग को नशामुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं।

## एनएमडीसी टोकीसूद नॉर्थ कोल खनन परियोजना में लोकल सेल चालू करने की मांग को लेकर विस्थापित रैयतों की बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत एनएमडीसी टोकीसूद नॉर्थ कोल खनन परियोजना के विस्थापित प्रभावित रैयतों की बैठक उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवगढ़ के खेल ग्राउंड में की गई।बैठक की अध्यक्षता विस्थापित नेता सह समाजसेवी कालेश्वर गंझू के द्वारा किया गया। वही इस बैठक की संचालन विस्थापित नेता सह समाजसेवी जागेश्वर गंझू ने किया। बैठक में बारी-बारी से उपस्थित अन्य कई विस्थापित प्रभावित रैयतों ने मांगों को लेकर प्रमुखता से अपने-अपने विचार रखें। सभी ने एक स्वर में कहा कि हम सबको एकजुट रहना है।और एक दूसरे पर विश्वास करते हुए पूरी तन, मन एवं धन से अपनी एकजुटता की मजबूती को बनाए रखना है। वहीं इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे विस्थापित नेता सह समाजसेवी कालेश्वर गंझू ने कहा कि यह बैठक मुख्य रूप से लोकल सेल को लेकर रखी गई है। हम सभी को अपने हक अधिकार की मांगों को लेकर एक जूटता के साथ बुलंदी के तहत रखना है। हमें अपने कान और आंख दोनों को हमेशा खुला रखना है। सामूहिकता भावना के साथ निस्वार्थ भाव से सभी को आगे बढ़ाना है। अपने साथ-साथ अपने आने वाले पीढ़ी के बारे में भी व्यवस्था करना है।सभी ने एक स्वर में सर्व समिति



से सहमति जताते हुए कहा कि विस्थापित प्रभावित रैयतों को छोड़कर अन्य लोगों को नहीं जोड़ना है। कालेश्वर गंझू ने आगे कहा की जल्द ही हम लोग सामूहिक तौर से हजारीबाग उपायुक्त को लोकल सेल चालू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने रैयतों से एसआईआर को लेकर भी अपील करते हुए विस्तार से तमाम बिंदुओं पर जानकारी दी और कहा की है एसआईआर सभी ग्रामिणों को करवाना है। किसी को भी इसमें पीछे नहीं रहना है। हम सब अपने एक जूटता को बनाए रखने के लिए प्रतिमाह बैठक करेंगे और जरूरत पड़ी तो बीच में भी आकाशमीक बैठक करेंगे। वहीं बैठक में विस्थापित नेता रमन गंझू , महमूद खान, जागेश्वर गंझू, मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र मांझी , राजेंद्र महतो किशुन तुरी , सोनू मुंडा सहित कई लोगों ने अपनी बहुमूल्य विचार को रखा। कालेश्वर गंजू के द्वारा ही धन्यवाद ज्ञापन के बाद आज बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।मौके पर मुख्य रूप से समाजसेवी सह मम स्थापित नेता कालेश्वर गंझू, रमन गंझू , मरम्मत भखान, राजेंद्र महतो, मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र मांझी, कृष्ण गंझू, जयनंदन गंझू , सोनू मुंडा ,रविंद्र गंझू , एतवा गंझू , विमल टुडू, शमशेर आलम , तमिल गंझू , विनोद खलखो , हेमंत किसपोटटा , विमल गंझू , विनोद मांझी मुनू राम मरांडी, शर्मा मरांडी, नागेश्वर महतो, पृथू गंझू ,बाबूलाल सोरेन, देवनाथ नायक, जगदीश मांझी, नागेश्वर गंझू, संजय मरांडी, अजय बेसरा, संजय उरांव , लालदेव महतो , दसई मुंडा , विमल गंझू , सुभाष सोरेन, गोविंद माझी, प्रेम मांझी, राजू मुंडा, सागर प्रसाद, अनिल गंझू एंव सहदेव गंझू सहित सैकड़ो विस्थापित एवं प्रभावित रैयत ग्रामीण शामिल थे।

## संक्षिप्त डायरी

### अगस्त से गंगा में दौड़ेगी वाटर मेट्रो, पटना को मिलेगा नये सफर का अनुभव



**पटना (एजेंसी)** पटना में गंगा के रास्ते सफर का नया विकल्प मिलने जा रहा है. अगस्त से दीघा घाट से कंगन घाट के बीच वाटर मेट्रो सेवा शुरू होगी. 15 लोमीटर के इस रूट पर हाईटेक सुविधाओं से लैस बोट चलेंगी. पटना के लोगों को नई सौगात मिलने जा रही है. अगस्त महीने से गंगा नदी में वाटर मेट्रो सेवा शुरू करने की तैयारी चल रही है. बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की देखरेख में शुरू होने वाली इस सेवा से लोगों को सड़क जाम से राहत मिलने की उम्मीद है. साथ ही गंगा की सैर का एक नया और खास अनुभव भी मिलेगा. वाटर मेट्रो का पहला रूट दीघा घाट से कंगन घाट के बीच होगा. करीब 15 किलोमीटर लंबे इस रूट पर आधुनिक सुविधाओं से लैस मेट्रो बोट का संचालन किया जाएगा. एक बार में करीब 100 पर्यटक इसमें सफर कर सकेंगे. चार जगहों पर तैयार हो रहे बोर्डिंग स्टेशन यात्रियों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग ने गंगा किनारे चार प्रमुख जगहों पर आधुनिक फ्लोटिंग जेटी तैयार की हैं. इनमें दीघा घाट, गांधी घाट, गायघाट और कंगन घाट शामिल हैं. यात्री इन्हीं स्टेशनों से वाटर मेट्रो में चढ़ और उतर सकेंगे. इसके बाद दीघा और सोनपुर के बीच भी मेट्रो बोट चलाने की योजना है. इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ गंगा किनारे बसे इलाकों के बीच कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी. मोबाइल ऐप से होगी टिकट बुकिंग वाटर मेट्रो की टिकट बुकिंग के लिए जल्द ही मोबाइल ऐप और वेबसाइट पोर्टल लॉन्च किया जाएगा. इसके जरिए लोग घर बैठे ऑनलाइन टिकट बुक कर सकेंगे. जानकारी के मुताबिक, वाटर मेट्रो का किराया 50 से 100 रुपये के बीच रहने की संभावना है. यह सेवा सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध रहेगी. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें हाईटेक सुविधाओं से लैस होगी मेट्रो बोट वाटर मेट्रो को आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाया गया है. इसमें एयर कंडीशनिंग की सुविधा होगी. गांधी घाट पर मेट्रो बोट को तेजी से चार्ज करने के लिए सुपर चार्जर भी लगाया जाएगा. इससे महज 10 से 15 मिनट में बोट चार्ज हो सकेगी. सुरक्षा के लिए ऑटोमेटिक लोकेशन सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों की सुविधा होगी. बोट की लगातार निगरानी रिमोट सिस्टम से की जाएगी. किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 3 से 4 रेस्क्यू बोट भी तैनात रहेंगी. पर्यटकों को मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधा वाटर मेट्रो के संचालन को लेकर बिहार राज्य पर्यटन निगम और भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की ओर से प्रक्रिया जारी है. पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जल्द ही पटना आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को गंगा में विश्वस्तरीय वाटर मेट्रो की सुविधा मिलेगी. इससे पटना के पर्यटन को नई पहचान मिलने की उम्मीद है.

# मुजफ्फरपुर को 1047 करोड़ की सौगात, सीएम सम्राट चौधरी ने किया मरीन ड्राइव का उद्घाटन, शहर को मिलेंगी कई नई सुविधाएं

**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुजफ्फरपुर को 1047 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी. उन्होंने सिकंदरपुर मरीन ड्राइव का उद्घाटन किया और नए टाउनशिप, एक्सप्रेस-वे समेत कई प्रोजेक्ट का ऐलान किया. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुजफ्फरपुर दौरे के दौरान जिले को विकास की कई सौगातें दीं. उन्होंने सिकंदरपुर लेक फ्रंट पहुंचकर मरीन ड्राइव का उद्घाटन किया. मरीन ड्राइव शुरू होने से शहर की खूबसूरती बढ़ने के साथ लोगों को एक नया पर्यटन स्थल भी मिलेगा. मुख्यमंत्री ने लेक फ्रंट का निरीक्षण कर वहां विकसित की गई सुविधाओं का जायजा भी लिया. 982 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास मुजफ्फरपुर के टक्ळ परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग और बुडको की 1047 करोड़ रुपये की



982 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इन योजनाओं में सड़क निर्माण, नाला व्यवस्था, पार्क, जल निकासी, शहरी सुविधाएं और सौंदर्यीकरण से जुड़े काम शामिल हैं. सरकार का कहना है कि इन परियोजनाओं के पूरा होने के बाद मुजफ्फरपुर समेत कई शहरों की तस्वीर बदलेगी. जीविका दीदियों के स्टॉल का किया निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों की ओर से लगाए गए स्टॉल का भी निरीक्षण किया. उन्होंने महिलाओं से बातचीत कर उनके काम और अनुभवों की जानकारी ली. वहीं, कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं भी पहुंचीं. कई महिलाओं ने सरकार की योजनाओं की सराहना की. साथ ही महिलाओं की सुरक्षा और अपराध पर सख्त कार्रवाई की मांग भी रखी. मुजफ्फरपुर में बनेगा नया टाउनशिप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि शहरों का विकास बिहार की समृद्धि के लिए जरूरी है. उन्होंने बताया कि मुजफ्फरपुर में तिरहुत के नाम से नया टाउनशिप विकसित किया जाएगा. उन्होंने कहा कि राज्य में कुल 12 नए टाउनशिप बसाने की योजना पर काम चल रहा है. पुराने शहरों को व्यवस्थित करने में समय लगता है, लेकिन सरकार लगातार बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में जुटी है. 1.70 करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली का दावा मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा रही है. उन्होंने बताया कि 1 करोड़ 70 लाख परिवारों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की योजना लागू की जा रही है. उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर पात्र परिवार तक सुविधा पहुंचाना है. मुजफ्फरपुर से जुड़ेगा नया एक्सप्रेस-वे, रैपिड रेल से पटना की दूरी घटेगी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि मुजफ्फरपुर के पास से नया एक्सप्रेस-वे गुजरेगा. इसके अलावा रैपिड रेल परियोजना पूरी होने के बाद पटना से मुजफ्फरपुर का सफर करीब 40 मिनट में पूरा हो सकेगा. उन्होंने यह भी कहा कि मुजफ्फरपुर में नए एयरपोर्ट का शिलान्यास जल्द किया जाएगा. अपराध और भ्रष्टाचार पर सख्त संदेश मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था को लेकर भी बयान दिया. उन्होंने कहा कि अपराधियों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा. अपराधी या तो जेल जाएंगे या बिहार छोड़ना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और साइबर अपराध के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है. सीएम ने कहा कि मुजफ्फरपुर उत्तर बिहार के विकास का केंद्र बनेगा और आने वाले समय में यहां तेजी से बदलाव देखने को मिलेगा.

## अपहरण के कुछ घंटों में ही हुई बंटी की हत्या, पांच दिन तक तलाशती रही SIT, जानिए कैसे खुला राज

**पटना (एजेंसी)** पटना के न्यू मार्केट से अगवा हुए कारोबारी बंटी कुमार की हत्या अपहरण वाले दिन ही कर दी गई थी. पांच दिनों की तलाश के बाद, लगातार हुई बारिश ने एक गड्ढे में दफन उनके शव का राज खोल दिया. पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित न्यू मार्केट इलाके से 6 जुलाई की रात अगवा किए गए कारोबारी बंटी कुमार की हत्या अपहरण वाले दिन ही कर दी गई थी. पुलिस की विशेष जांच टीम (रक्ळ) पांच दिनों तक उनकी तलाश करती रही. आखिरकार लगातार हुई बारिश ने उस राज से पर्दा उठा दिया, जिसे आरोपियों ने बालू में दफन कर छिपाने की कोशिश की थी. अथमलगोला में मिला सड़ा-गला शव शनिवार



को अथमलगोला थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे एक गड्ढे से बंटी कुमार का सड़ा-गला शव बरामद किया गया. शव की हालत बेहद खराब थी. चेहरे का बड़ा हिस्सा और एक हाथ गल चुका था, जबकि सिर मिट्टी में दबा हुआ मिला. शरीर पर केवल बनियान और अंडरवियर था. कलावा और कड़े से हुई पहचान शव की पहचान परिजनों ने हाथ में बंधे कलावा, कड़ा और पैर में लगी रॉड के आधार पर की. पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम (ऋ्रछ) को बुलाकर साक्ष्य भी जुटाए, ताकि हत्या से जुड़े अहम सुराग मिल सकें. शरीर पर मिले कई चोटों के निशान प्रारंभिक जांच में बंटी कुमार के शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान मिले हैं. आशंका है कि अपहरण के बाद आरोपियों ने उनकी बेरहमी से पिटाई की. जब वह अधमरी हालत में पहुंच गए, तब गला दबाकर उनकी हत्या कर दी गई. इसके बाद शव को अथमलगोला के सूर्यपुरा गांव के पास गड्ढे में डालकर बालू और पत्तों से ढंक दिया गया. पुलिस इस संभावना की भी जांच कर रही है कि बंटी को अथमलगोला ले जाकर प्रताड़ित किया गया और अधमरी हालत में ही दफना दिया गया हो. बारिश बनी हत्या का सबसे बड़ा गवाह पिछले दो दिनों में हुई बारिश के कारण गड्ढे में डाली गई बालू और पत्तियां हट गईं. इससे शव का कुछ हिस्सा बाहर दिखाई देने लगा. भैंस चरा रहे एक युवक की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही अथमलगोला थाना पुलिस और बाढ़ एसडीपीओ रामकृष्ण मौके पर पहुंचे. जांच के बाद परिजनों को बुलाया गया, जिन्होंने शव की पहचान बंटी कुमार के रूप में की. मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर बंटी कुमार के परिजनों ने 7 जुलाई को रवीश, रोहित, एक किन्नर सहित सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. पुलिस ने अब तक कच्ची दरगाह निवासी रितेश कुमार, रवीश के भाई बजरंगी और ऑटो चालक रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. हालांकि परिजनों का आरोप है कि इस पूरे मामले का मुख्य आरोपी रवीश अभी भी फरार है और पुलिस उसे गिरफ्तार करने में सफल नहीं हुई है. पुलिस हर पहलू से कर रही जांच पुलिस इस सनसनीखेज अपहरण और हत्या मामले की हर पहलू से जांच कर रही है. फॉरेंसिक रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर हत्या की पूरी साजिश का खुलासा होने की उम्मीद है.

## बिहार के इन 4 जिलों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी, IMD ने सभी जिलों के लिए जारी किया अलर्ट

**पटना (एजेंसी)** बिहार में मानसून फिर एक्टिव हो गया है. मौसम विभाग ने आज सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. 4 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है, जबकि पटना समेत कई जिलों में येलो अलर्ट है. : बिहार में मानसून एक बार फिर एक्टिव हो गया है. शनिवार को प्रदेश के कई हिस्सों में अच्छी बारिश दर्ज की गई. मौसम विभाग ने रविवार को भी सभी जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. इनमें 4 जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जबकि पटना समेत 34 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक राज्य में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रह सकता है. हालांकि, कुछ जिलों में बारिश के बीच धूप निकलने से उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर सकती है. इस मानसून सीजन में 1 जून से 11 जुलाई तक बिहार में 155.9 मिलीमीटर बारिश



रिकॉर्ड की गई है. जबकि इस अवधि में सामान्य बारिश 288.5 मिलीमीटर होनी चाहिए थी. यानी प्रदेश में अभी भी 46 फीसदी कम बारिश दर्ज हुई है. मानसून के एक्टिव होने के बाद कई जिलों में अच्छी बारिश हो रही है. इससे आने वाले दिनों में बारिश की कमी कम होने की उम्मीद जताई जा रही है. कई जिलों में बारिश के बाद जलजमाव बीते 24 घंटे में पटना समेत 15 जिलों में रुक-रुककर बारिश हुई. बांका, बक्सर, खगड़िया, किशनगंज, मधुबनी और जहानाबाद समेत कई जिलों में दिनभर बादल छाए रहे. बारिश के बाद कई शहरों में जलजमाव की समस्या सामने आई. दरभंगा में नगर निगम कार्यालय, टाउन हॉल रोड, उ्टउ्ल परिसर और मेडिसिन वार्ड तक पानी पहुंच गया. इससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानी हुई. बेगूसराय के कई इलाकों में सड़कों पर 2 से 3 फीट तक पानी भर गया. वहीं पटना के मोकामा रेफरल अस्पताल में बारिश का पानी वार्ड तक पहुंच गया. इसके चलते दवा वितरण केंद्र और रजिस्ट्रेशन काउंटर प्रभावित हुए. पटना में सचिवालय से अस्पताल तक पानी पटना में भी बारिश का असर देखने को मिला. मुख्य सचिवालय परिसर में पानी भर गया. राजवंशी नगर स्थित अस्पताल में भी जलजमाव की स्थिति बनी रही. डॉक्टरों के चेंबर तक पानी पहुंचने की बात सामने आई है. इसके अलावा राजीव नगर और पटना सिटी के कई इलाकों में घुटने तक पानी भर गया, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हुई. कैमूर रहा सबसे गर्म जिला मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में बिहार के ज्यादातर हिस्सों में बारिश की गतिविधियां सक्रिय रहीं. इस दौरान कैमूर सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. वहीं मुजफ्फरपुर में न्यूनतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें इन जिलों में अच्छी बारिश, यहां अब भी कमी मौसम विभाग के अनुसार पटना, खगड़िया, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, वैशाली, समस्तीपुर, लखीसराय, मुंगेर, भागलपुर, बांका और कटिहार में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है. वहीं मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, गया, जमुई, औरंगाबाद और सीवान में अभी भी बारिश की कमी बनी हुई है. 13 जुलाई को इन जिलों में बारिश और बिजली का अलर्ट 13 जुलाई को पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, रोहतास, भभुआ, भोजपुर, बक्सर, अरवल और औरंगाबाद में बारिश के साथ बिजली गिरने की संभावना जताई गई है. इन जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है. मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने की अपील की है.

## बिहार के इन 6 जिलों में 44 भूखंडों पर होगा पत्थर खनन, ई-नीलामी के जरिए होगी बंदोबस्ती, सम्राट सरकार ने दी मंजूरी

**पटना (एजेंसी)** बिहार में पत्थर खनन को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है. राज्य के 6 जिलों के 44 भूखंडों पर खनन की मंजूरी मिल गई है. नवादा में सबसे ज्यादा 17 जगहों पर खनन होगा. इससे पत्थर की उपलब्धता बढ़ने और निर्माण लागत कम होने की उम्मीद है. बिहार में पत्थर खनन को लेकर सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लिया है. सम्राट चौधरी सरकार ने राज्य के छह जिलों में 44 भूखंडों पर पत्थर खनन की मंजूरी दे दी है. इससे राज्य में पत्थर की उपलब्धता बढ़ेगी और निर्माण कार्यों की लागत कम होने की उम्मीद है. मंजूरी मिलने वाले जिलों में नवादा, शेखपुरा, गया, रोहतास, औरंगाबाद और बांका शामिल हैं. इनमें सबसे ज्यादा 17 भूखंड नवादा जिले में हैं. वहीं शेखपुरा में 10, गया में 9, रोहतास में 4, औरंगाबाद में 3 और बांका में 1 भूखंड पर खनन होगा. पर्यावरण विभाग से मिली हरी झंडी जिला



सर्वेक्षण प्रतिवेदन (DSR) की रिपोर्ट के आधार पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग और कला संस्कृति एवं पर्यटन विभाग ने इन भूखंडों पर खनन के लिए अनापत्ति दे दी है. इसके बाद खान एवं भूतत्व विभाग ने खनन पट्टों की बंदोबस्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है. ई-नीलामी से होगी खदानों की बंदोबस्ती सरकार ने खनन पट्टों की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल रखने का फैसला किया है. सभी भूखंडों की बंदोबस्ती केंद्र सरकार की एजेंसी MSTC के पोर्टल पर ई-नीलामी के जरिए की जाएगी. इससे प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और योग्य कंपनियां इसमें हिस्सा ले सकेंगी. सरकार को खनन से बेहतर राजस्व मिलने की भी उम्मीद है. पत्थर की कीमतों में आ सकती है कमी खान एवं भूतत्व विभाग के अनुसार, राज्य में पत्थर उत्पादन बढ़ने से बाहर के राज्यों से पत्थर मंगाने की जरूरत कम होगी. अभी दूसरे राज्यों से आने वाले पत्थरों पर परिवहन खर्च और अन्य शुल्क लगता है. स्थानीय स्तर पर उत्पादन बढ़ने से लोगों को सस्ते पत्थर मिल सकते हैं. साथ ही सरकारी निर्माण योजनाओं की लागत भी कम हो सकती है. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें नवादा के 8 खनन पट्टों की निकली निविदा विभाग के मुताबिक, नवादा के आठ खनन पट्टों के लिए निविदा जारी कर दी गई है. बाकी भूखंडों की निविदा प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी. फिलहाल राज्य में सिर्फ शेखपुरा और नवादा में दो पत्थर खदानें सक्रिय हैं

## बिहार के किसी भी कोने से महज साढ़े 3 घंटे में पहुंचेंगे पटना, बिछ रहा सड़कों का जाल, ये एक्सप्रेस-वे बदल देंगे सफर का अंदाज

**पटना (एजेंसी)** बिहार में सड़कों का नेटवर्क तैयार हो रहा है. कई एक्सप्रेस-वे और हाई स्पीड कॉरिडोर बनने से सफर आसान होगा. सरकार का लक्ष्य है कि 2028 तक राज्य के किसी भी कोने से पटना महज साढ़े 3 घंटे में पहुंचा जा सके. बिहार में सड़क कनेक्टिविटी को लेकर बदलाव होने जा रहा है. राज्य के पूरब-पश्चिम और उत्तर-दक्षिण हिस्सों को जोड़ने के लिए कई एक्सप्रेस-वे और हाई स्पीड कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं. सरकार का लक्ष्य है कि साल 2028 तक बिहार के किसी भी जिले से पटना पहुंचने में अधिकतम साढ़े 3 घंटे का समय लगे. वहीं, इस साल के अंत तक यह सफर 5 घंटे के अंदर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. इन परियोजनाओं पर केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैं. सड़क निर्माण पर केंद्र सरकार करीब 1.35 लाख करोड़ रुपये और राज्य सरकार करीब 35 हजार करोड़ रुपये खर्च कर रही है. गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे से बदलेगी उत्तर बिहार की तस्वीर उत्तर बिहार के लिए गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेस-वे बेहद अहम प्रोजेक्ट है. करीब 416 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे पर वाहन 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ सकेंगे. नेपाल बॉर्डर के समानांतर बनने वाला यह एक्सप्रेस-वे कई जिलों की कनेक्टिविटी बेहतर करेगा. इससे लोगों का सफर आसान होगा और व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा. पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे से घटेगा सफर का समय अभी पटना से पूर्णिया जाने में 5 से 6 घंटे लगते हैं. पटना-पूर्णिया एक्सप्रेस-वे बनने के बाद यह समय काफी कम हो जाएगा. 282 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेस-वे से कोसी क्षेत्र को बड़ा फायदा मिलेगा. कोसी नदी पर नया पुल बनने से पूर्णिया जैसे औद्योगिक और व्यापारिक केंद्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी. राम-जानकी मार्ग से बढ़ेगा पर्यटन और रोजगार राम-जानकी मार्ग बिहार में पर्यटन को नई रफ्तार देगा. यह मार्ग धार्मिक स्थलों को जोड़ने के साथ स्थानीय कारोबार को भी बढ़ावा देगा. इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और पड़ोसी देशों के साथ व्यापारिक संबंध भी मजबूत होंगे. पटना-बेतिया रोड से कई जिलों को फायदा पटना-बेतिया रोड बुद्ध सर्किट के लिए महत्वपूर्ण परियोजना है. इसके बनने से सारण, सीवान, गोपालगंज, चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली जैसे जिलों के लोगों को पटना आने में आसानी होगी. यह सड़क उत्तर बिहार और पटना के बीच यात्रा को काफी आसान बनाएगी.

## बिहार के जिला अस्पतालों में 7 दिन में शुरू होगा ICU, बिना वजह मरीजों को रेफर करने पर लगेगी रोक

**पटना (एजेंसी)** बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारी तेज हो गई है. स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिला अस्पतालों में 7 दिन के अंदर क्ठव और 24 घंटे इमरजेंसी सेवा शुरू करने का निर्देश दिया है. साथ ही बिना वजह मरीजों को बड़े अस्पतालों में रेफर करने पर रोक लगाई गई है. बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है. स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जिला अस्पतालों को लेकर नई व्यवस्था लागू करने का फैसला किया है. इसके तहत राज्य के सभी जिला अस्पतालों में अगले 7 दिनों के अंदर क्ठव और 24 घंटे इमरजेंसी सेवा शुरू करने का निर्देश दिया गया है. सरकार का लक्ष्य है कि लोगों को इलाज के लिए दूसरे बड़े शहरों या अस्पतालों का रुख न



करना पड़े. बिना वजह बड़े अस्पतालों में रेफर नहीं होंगे मरीज स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों को रेफर करने की व्यवस्था में भी बदलाव किया है. अब मरीजों को बिना पर्याप्त कारण उच्च संस्थानों में नहीं भेजा जाएगा. रेफर करने से पहले डॉक्टरों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिस अस्पताल में मरीज का इलाज चल रहा है, वहां जरूरी सुविधा उपलब्ध नहीं है. साथ ही हर रेफरल का स्पष्ट कारण दर्ज करना अनिवार्य होगा. भाव्या पोर्टल पर दर्ज होगी पूरी जानकारी स्वास्थ्य विभाग ने सभी अस्पतालों में डिजिटल रिकॉर्ड को अनिवार्य कर दिया है. डॉक्टर, पारा मेडिकल स्टाफ, ड्यूटी रोस्टर और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भाव्या पोर्टल पर दर्ज करनी होगी. मरीज के इलाज से जुड़ी सभी जानकारी भी पोर्टल पर अपडेट की जाएगी. इसमें मरीज का रजिस्ट्रेशन, जांच, दवा, इलाज और रेफरल की पूरी जानकारी शामिल होगी. इसके अलावा भर्ती मरीजों का आभा आईडी बनाकर इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्डतैयार किया जाएगा. इससे मरीजों के इलाज को भविष्य में बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी. जिला अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं का होगा बेहतर इस्तेमाल स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जिला अस्पतालों और सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में मौजूद संसाधनों, विशेषज्ञ डॉक्टरों और आधुनिक सुविधाओं का अधिकतम इस्तेमाल किया जाएगा. इससे आम लोगों को अपने ही जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी और बड़े अस्पतालों पर दबाव भी कम होगा. बिहार की ताजा खबरों के लिए यहां क्लिक करें रेफरल व्यवस्था की होगी लगातार निगरानी मरीजों को रेफर करने की प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए हर जिले में एक निगरानी समिति बनाई जाएगी. इसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे. यह समिति रेफरल मामलों की समीक्षा करेगी और अनावश्यक रेफरल रोकने के लिए कदम उठाएगी. इसके अलावा राज्य स्तर पर भी एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो सभी जिलों की व्यवस्था की निगरानी करेंगे. स्वास्थ्य विभाग का यह फैसला बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने और मरीजों को समय पर बेहतर इलाज उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.



# श्री हनुमानजी को खुश करने के शुभ उपाय

हनुमानजी की पूजा मंगलवार, त्रयोदशी, चतुर्दशी और खास दिनों होती है। हिन्दू धर्म के सबसे जाग्रत और सर्वशक्तिशाली देवताओं में एकमत्र हनुमानजी की कृपा जिस पर बरसरना शुरू होती है उसका कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता। दस दिशाओं और चारों युग में उनका प्रताप है। आओ जानते हैं कि उन्हें किस तरह प्रसन्न किया जा सकता है।

- हनुमान चालीसा : प्रतिदिन हनुमान चालीसा पढें। वह भी एक ही जगह बैठकर।
- तीन कोनों वाला दीपक : प्रतिदिन हनुमानजी के समक्ष तीन कोनों वाला दीपक जलाएं। दीपक में चमेली का तेल हो।
- चौला चढ़ाएं : जब भी इच्छा हो हनुमानजी को चौला चढ़ाएं। इसमें जनेऊ, लंगोट, सिंदूर, तुलसी की माला, ध्वज, चमेली का तेल, लाल फूल आदि सामग्री होती है।
- हनुमानजी का जाप करें : ऊँ श्री हनुमंते नम: का प्रतिदिन 108 बार जाप करें या साबरमंत्र को सिद्ध करें।
- श्रीराम का जाप करें : प्रतिदिन श्रीराम जी के नाम का विधिवत जाप करें।
- सुंदरकाण्ड पढ़ें : माह में एक बार सुंदरकांड और बजरंगबाण का पाठ करें।
- भोग लगाएं : हनुमानजी को मंगलवार, शनिवार या हनुमान जयंती पर पंच मेवा, केसरिया बूंदी लड्डू, इमरती, बेसन के लड्डू, चूरमा, रोठ, मालपुआ या मलाई-मिश्री के लड्डू का भोग लगाएं।
- हनुमान पूजा : प्रत्येक मंगलवार को व्रत रखकर विधिवत रूप से हनुमानजी की पूजा करें। यदि आप घोर संकट से घिरे हैं या आप हनुमानजी की पूर्ण भक्ति करना चाहते हैं तो फिर आपको मांस, मदिरा और सभी तरह का व्यवसन त्याग कर ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए प्रतिदिन विधि-विधान से हनुमानजी की पूजा या उनके मंत्र या नाम का जप करना चाहिए। हनुमानजी के साथ ही भगवान राम, लक्ष्मण और जानकी माता की भी पूजा अच्छे से करें।
- पान का बीड़ा : अपने सुनी होगी एक प्रचलित लोकोक्ति 'बीड़ा उठाना'। इसका अर्थ होता है- कोई महत्वपूर्ण या जोखिमभरा काम करने का उत्तरदायित्व अपने ऊपर लेना। यदि आपके जीवन में कोई घोर संकट है या ऐसा काम है जिसे करना आपके बस का नहीं है, तो आप अपनी जिम्मेदारी हनुमानजी को सौंप दें। इसके लिए आप मंगलवार के दिन किसी मंदिर में पूजा-पाठ करने के बाद उन्हें पान का बीड़ा अर्पित करें। रसीला बनारसी पान चढ़ाकर मांग लीजिए मनचाहा वरदान।
- गुड़-चने का प्रसाद : हनुमानजी को गुड़ और चने का प्रसाद तो अक्सर चढ़ाया ही जाता है। यह मंगल का उपाय भी है। इससे मंगल दोष मिटता है। यदि आप कुछ भी चढ़ाने की क्षमता नहीं रखते या किसी और कारण से चढ़ा नहीं पाते हैं तो सिर्फ गुड़ और चना ही चढ़ाकर हनुमानजी को प्रसन्न कर सकते हैं। हर मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी को गुड़ और चने का भोग लगाएं। इससे आपकी सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी। हालांकि आजकल गुड़ की जगह चिरौंजी ज्यादा मिलती है लेकिन चने के साथ गुड़ का ही संयोग होता है।



# छोटी-छोटी काली चीटियां किस्मत के बड़े बड़े दरवाजे खोल देती हैं

हर घर में कई बार थोड़ी-बहुत चीटियां दिखाई पड़ती हैं। कुछ लाल तो कुछ काली नजर आती ही है। ये चीटियां खासकर खाने के सामान के इर्द-गिर्द अधिक दिखाई पड़ती हैं। आपको बता दें कि घर में लाल चींटी और काली चींटी अलग-अलग बातों का संकेत देती हैं। आज हम आपके लिए लेकर आए हैं कुछ खास जानकारी, जिसमें आप जानेंगे कि छोटी-छोटी दिखाई देने वाली काली चींटियां कैसे आपकी किस्मत के बड़े-बड़े दरवाजे खोल सकती हैं।

- अगर आपके घर में काली चींटियां आ रही हैं तो सुख और ऐश्वर्य वाला समय आने के संकेत देती हैं।
- काली चींटियों को शकर या आटा खिलाना शुभ होता है। इससे पितृ देव प्रसन्न होते हैं।
- अगर चावल के भरे बर्तन से चींटियां निकल रही हैं तो यह शुभ संकेत है। कुछ ही दिनों में धन वृद्धि हो सकती है। यह आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी होने का संकेत है।
- वास्तु की मानें तो काली चीटियों में भगवान श्रीहरि विष्णु का वास माना जाता है। अत: घर में काली चींटियां निकलना एक तरह जीवन में खुशहाली तथा सुख-समृद्धि बढ़ने का संकेत माना जाता है।
- पूर्व दिशा से चींटियां आ रही हैं तो सकारात्मक सूचना आपके घर आ सकती है।
- पश्चिम दिशा से चींटियां आ रही हैं तो यात्रा के योग बन सकते हैं।
- काली चींटियां उत्तर दिशा से आती हैं तो धन के लिहाज से शुभ संकेत होते हैं।
- दक्षिण दिशा से आ रही हों तो मंगलकारी सूचना मिल सकती है।
- घर में रखें हुए गोल्ड की चीजों के आसपास यदि काली चींटियां निकलते दिखे तो यह बहुत ही शुभ माना जाता है, इसका अर्थ आपको नए आभूषण प्राप्त होने का संकेत समझा जाता है।
- काली चींटियां भौतिक सुख वाली चीजों के लिए शुभ मानी जाती है।



# वर्तमान में हिन्दू काल गणना के आधार पर कौन सा समय चल रहा है

**हिन्दू धर्म में ब्रह्मांड और समय को लेकर जो वृहत्तर धारणा है इसी के आधार पर पौराणिक इतिहास को प्रतिष्ठित और अनुष्ठानों को संपन्न किए जाने का क्रम प्रचलित रहा है। आओ पढ़ते हैं एक विशेष लेख को जिसके माध्यम से आप जान पाएंगे कि वर्तमान में हिन्दू काल गणना के आधार पर कौन सा समय चल रहा है।**

वैदिक ऋषि मण्डल के अनुसार वर्तमान सृष्टि पंच मण्डल क्रम वाली है। यह है- 1. चन्द्र मंडल, 2.पृथ्वी मंडल, 3.सूर्य मंडल, 4.परमेष्ठी मंडल और 5.स्वायम्भू मंडल। ये उत्तरोत्तर यानि एक के बाद दूसरे मण्डल का चक्कर लगा रहे हैं। जैसे चन्द्र पृथ्वी के, पृथ्वी सूर्य के, सूर्य परमेष्ठी के, परमेष्ठी स्वायम्भू की परिक्रमा करते हैं।

- चन्द्र द्वारा पृथ्वी की एक परिक्रमा- एक मास।
- पृथ्वी द्वारा सूर्य की एक परिक्रमा- एक वर्ष।
- सूर्य की परमेष्ठी (आकाश गंगा) की एक परिक्रमा- एक मन्वन्तर।
- परमेष्ठी (आकाश गंगा) की स्वायम्भू (ब्रह्मलोक ) की एक परिक्रमा- एक कल्प।
- स्वायम्भू मंडल ही ब्रह्मलोक है। स्वायम्भू का अर्थ स्वयं (भू) प्रकट होने वाला। यही ब्रह्माण्ड का उद्गम स्थल या केंद्र बिंदु माना जाता है।

अभी हम ''ब्रह्मा के 51वें वर्ष के 1 (पहले) दिन के 7वें मन्वन्तर के 28वें महायुग के चौथे युग (कलियुग)'' में मौजूद हैं।

हमारे पूर्वजों ने जहां खगोलीय गति के आधार पर काल का मापन किया, वहीं काल की अनंत यात्रा और वर्तमान समय तक उसे जोड़ना तथा समाज में सर्वसामान्य व्यक्ति को इसका ध्यान रहे इस हेतु एक अद्भुत व्यवस्था भी की थी, जिसकी ओर साधारणतया हमारा ध्यान नहीं जाता है।

हमारे यहां में कोई भी कार्य होता हो चाहे वह भूमिपूजन हो, वास्तुनिर्माण का प्रारंभ हो, गृहप्रवेश हो, जन्म, विवाह या कोई भी अन्य मांगलिक कार्य हो, वह करने के पहले कुछ पूजन संस्कार विधि करते हैं। उसमें सबसे पहले संकल्प कराया जाता है। यह संकल्प मंत्र यानी अनंतकाल से आज तक की समय और स्थान की स्थिति बताने वाला मंत्र है। इस दृष्टि से इस मंत्र के अर्थ पर हम ध्यान देंगे तो बात स्पष्ट हो जाएगी।-

**संकल्प मंत्र में कहते हैं.**

ऊँ अस्य श्री विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्य ब्राहृणां द्वितीये परार्धे।

अर्थात : महाविष्णु द्वारा प्रवर्तित अनंत कालचक्र में वर्तमान ब्रह्मा की आयु का द्वितीय परार्ध। वर्तमान ब्रह्मा की आयु के 50 वर्ष पूरे हो गए हैं। श्वेत वाराह कल्पे कल्प यानि ब्रह्मा के 51वें वर्ष का पहला दिन है।

श्री वैवस्वतमन्वंतरे- अर्थात ब्रह्मा के दिन में 14 मन्वंतर होते हैं। उसमें सातवां मन्वंतर वैवस्वत मन्वंतर चल रहा है।

अष्टाविंशतितमे कलियुगे- एक मन्वंतर में 71 चतुर्युगी होती हैं, उनमें से 28वीं चतुर्युगी का कलियुग चल रहा है।

कलियुगे कलि प्रथमचरणे- कलियुग का प्रारंभिक समय है।

कलिसंवते या युगाब्दे- कलिसंवत या युगाब्द वर्तमान में 5104 चल रहा है।

जम्बु द्वीपे, ब्रह्मावर्त देशे, भरत खंडे- देश प्रदेश का नाम

अमुक स्थाने- कार्य का स्थान
अमुक संवत्सरे- संवत्सर का नाम
अमुक अयने- उत्तरायन/दक्षिणायन
अमुक ऋतौ- वसंत आदि छह ऋतु हैं
अमुक मासे- चैत्र आदि 12 मास हैं
अमुक पक्षे- पक्ष का नाम (शुक्ल या कृष्ण पक्ष)
अमुक तिथौ- तिथि का नाम
अमुक वासरे- दिन का नाम
अमुक समये- दिन में कौन सा समय

उपरोक्त में अमुक के स्थान पर क्रमश: नाम बोलने पड़ते हैं। जैसे अमुक स्थाने में जिस स्थान पर अनुष्ठान किया जा रहा है उसका नाम बोल जाता है। उदहारण के लिए मालव मण्डले (स्थाने), शरद ऋतौ आदि।

इस तरह अमुक व्यक्ति- अपना नाम, फिर पिता का नाम, गोत्र तथा किस उद्देश्य से कौनसा काम कर रहा है, यह बोलकर संकल्प करता है। इस प्रकार जिस समय संकल्प करता है, सृष्टि आरंभ से उस समय तक का स्मरण सहज व्यवहार में भारतीय पद्धति में इस व्यवस्था के द्वारा आया है।

# दोष नहीं है मांगलिक प्रभाव वाली कुंडली

भले ही कुछ लोग मांगलिक होने को लेकर बड़ा हव्वा बनाते हों लेकिन शास्त्रों के अनुसार मांगलिक होना कोई चिंता की वजह नहीं है। यदि आपके पुत्र या पुत्री की कुंडली मांगलिक है, तो घबराएं नहीं, शास्त्रों में मंगल दोष दूर करने के उपाय लिखित में उपलब्ध हैं। मांगलिक विचार का निर्णय बारीकी से किया जाना चाहिए क्योंकि शास्त्रों में मांगलिक दोष निवारण के तरीके उपलब्ध हैं। शास्त्र वचनों के जिस श्लोक के आधार पर जहां कोई कुंडली मांगलिक बनती है, वहीं उस श्लोक की परिहार (काट) के कई प्रमाण हैं। ज्योतिष और व्याकरण का सिद्धांत है कि पूर्ववर्ती कारिका से परवर्ती कारिका (बाद वाली) बलवान होती है। दोष के सम्बंध में परवर्ती कारिका ही परिहार है। इसलिए मांगलिक दोष का परिहार मिलता हो तो जरूर विवाह का फैसला किया जाना चाहिए। परिहार नहीं मिलने पर भी यदि मांगलिक कन्या का विवाह गैर मांगलिक वर से करना हो तो शास्त्रों में विवाह से पूर्व घट विवाह का प्रावधान है। मांगलिक प्रभाव वाली कुंडली से भयभीत होने की जरूरत नहीं है। यह दोष नहीं है बल्कि इसी मंगल के प्रभाव से जातक कर्मठ, प्रभावशाली, धैर्यवान तथा सम्मानीय बनता है।

### घट विवाह है प्रभावी उपाय

कन्या की कुंडली में मांगलिक दोष का परिहार नहीं हो रहा हो तो उपाय के रुप में कन्या का प्रथम विवाह/सात फेरे किसी घट (घड़े) या वृक्ष के साथ कराए जाने का विधान है। इस प्रकार के उपाय के पीछे तर्क यह है कि मंगली दोष का मारक प्रभाव उस घट या वृक्ष पर होता है, जिससे कन्या का प्रथम विवाह किया जाता है। वर दूसरा पति होने के कारण उस प्रभाव से सुरक्षित रह पाता है। घट विवाह शुभ विवाह मुहूर्त और शुभ लग्न में पुरोहित द्वारा सम्पन्न कराया जाना चाहिए। कन्या का पिता पूर्वाभिमुख बैठकर अपने दाहिने तरफ कन्या को बिठाएं। कन्या का पिता घट विवाह का संकल्प ले। नवग्रह, गौरी गणेशादि का पूजन, शांतिपाठ इत्यादि करे। घट की षोडषोपचार से पूजा करें। शाखोच्चार, हवन, सात फेरे और विवाह की अन्य रस्म निभाएं। बाद में कन्या घट को उठाकर ह्रदय से सटाकर भूमि पर छोड़ दे जिससे घट फूट जाए। इसके बाद देवताओं का विसर्जन करें और ब्राह्मण को दक्षिणा दें। बाद में चिरंजीवी वर से कन्या का विवाह करें।






# क्यों हो रहा है विवाह में विलंब

विवाह में विलंब होने के कई कारण होते हैं। उनमें से एक कारण कुंडली के ग्रहों को भी माना जाता है। कहते हैं कि जीवन में विवाह के योग बनते हैं परंतु जब वे किसी कारणवश टल जाते हैं तो फिर दूसरी बार योग बनने में समय लगता है। आओ जानते हैं कि विवाह के योग कब कब बनते हैं।

**विवाह के योग :** ज्योतिष मान्यता के अनुसार विवाह के योग उम्र के 27, 29, 31, 33, 35 व 37वें वर्ष में बनते कर दिया जाता था। लड़की की कुंडली में गुरु और पुरुष की कुंडली में शुक्र बनाता है विवाह के योग।

## कैसे होता है विवाह में विलंब

- कई बार व्यक्ति विवाह करने से यूं ही इनकार कर देता है कि अभी नहीं करना विवाह। कई बार अच्छे रिश्ते के चक्कर में योग भी को टाल दिया जाता है। ऐसे भी होता है कि करियर के चक्कर में भी वह विवाह नहीं करता है।
- ज्योतिष मानता है कि मांगलिक होना, पितृदोष होना या काल सर्पदोष होना भी विवाह में विलंब का एक कारण है।
- कहते हैं कि जब सूर्य, मंगल या बुध लग्न या लग्न के स्वामी पर दृष्टि डालते हों और गुरु 12वें भाव में बैठा हो तो भी विवाह में देरी होती है।
- प्रथम या चतुर्थ भाव में मंगल हो और सप्तम भाव में शनि हो तो व्यक्ति की विवाह के प्रति उदासीनता के भाव रहते हैं।
- प्रथम भाव, सप्तम भाव में और बारहवें भाव में गुरु या शुभ ग्रह योग कारक न हो और चंद्रमा कमजोर हो तो विवाह में बाधाएं आती हैं।
- सप्तम भाव में शनि और गुरु की युति तो शादी देर से होती है। कई बार यह भी देखा गया है कि दोनों में से कोई एक ग्रह हो तो भी विवाह में अड़चन आती है।
- सप्तम भाव में बुध और शुक्र की युति हो तो भी विवाह तय होने में काफी अड़चने आती रहती है, जिसके चलते विवाह में विलंब हो जाता है।
- चंद्र की राशि कर्क से गुरु सप्तम हो तो विवाह में बाधाएं आती हैं।
- सप्तम में त्रिक भाव का स्वामी हो, कोई शुभ ग्रह योगकारक नहीं हो तो विवाह में बाधाएं आती हैं या विवाह देर से होता है।
- यदि गुरु कमजोर या नीच का होकर बैठा हो, शत्रु भाव में या शत्रुओं के साथ बैठा हो तब भी विवाह में अड़चने आती हैं।

## जल्दी शादी करके के उपाय

- मंगल दोष है तो उसका उज्जैन के मंगलनाथ में उपाय करें। कुंभ विवाह करें।
- पितृदोष या कालसर्पदोष हैं तो उसका नासिक का त्र्यंबकेश्वर में जाकर उपाय करें।
- सप्तम भाव का दोष है तो उपके उपाय करना चाहिए।
- लड़कों को शुक्र के उपाय करना चाहिए और लड़कियों को गुरु के उपाय करना चाहिए।
- शनिवार को पीपल की पूजा करें।
- गुरुवार को केले के युगल जोड़ों की पूजा करें।
- ग्यारह शुक्रवार को माता पार्वती या दुर्गाजी के मंदिर में श्रीफल व चुनरी को अर्पित करें।
- पूर्णिमा के दिन वट वृक्ष की 108 परिक्रमा करें।
- गाय को घी की रोटी में गुड़ लपेटकर खिलाएं और हल्दी के पानी में आलू को उबालकर उसे ठंडा करके गाय को खिलाएं।
- गुरुवार और शुक्रवार को व्रत करें।
- अपने माथे पर केसर, हल्दी या चंदन का तिलक लगाएं।
- शुक्रवार के दिन दही स्नान करें, फिटकरी का कुल्ला करके सोएं।



# कई तरह की परेशानियों को दूर रखने में मदद करते हैं ये शुभ चिन्ह

**इस त्योहार यदि आपको अपने घर में खुशियों का आगमन चाहिए, तो आपको हमारे शास्त्रों में बताए गए कुछ शुभ चिन्हों की जानकारी जरूर होनी चाहिए। ये ऐसे चिन्ह हैं जिन्हें यदि आपने घर के मुख्य द्वार पर लगा लिया, तो आपके घर में खुशियों को आने से कोई नहीं रोक सकेगा।**

हमारे शास्त्रों में ऐसे कई चिन्हों का वर्णन किया गया है जिन्हें घर के मुख्य द्वार पर लगाने से सुख-समृद्धि बनी रहती है। यह चिन्ह घर आने वाली कई तरह की परेशानियों को दूर रखने में हमारी मदद करते हैं। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ चिन्हों के बारे में, जिन्हें आपको अपने द्वार पर लगाना चाहिए।

## स्वस्तिक

मुख्य द्वार पर स्वस्तिक बनाने से हमारे आसपास से नकारात्मक ऊर्जा दूर हो जाती है।

## शुभ-लाभ

शास्त्रों के अनुसार, गणेशजी प्रथम पूज्य देवता हैं और शुभ व लाभ को उनका पुत्र माना गया है। इसीलिए शुभ-लाभ लिखना धनात्मक ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। स्वस्तिक के साथ जब सिन्दूर से शुभ-लाभ लिखा जाता है, तब घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है।

## श्रीगणेशजी

घर के मुख्य द्वार पर गणेशजी का चित्र लगाने से गणेशजी की कृपा बनी रहती है और धनधान्य की कमी नहीं होती।

## पंचमुखी हनुमान

यदि आपका मुख्य द्वार दक्षिण मुखी है, तो दरवाजे पर पंचमुखी हनुमानजी का चित्र लगाकर शुभता बढ़ाई जा सकती है।



# आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल हुए सौरव गांगुली और अंजुम चोपड़ा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गजों पूर्व पुरुष कप्तान सौरव गांगुली और पूर्व महिला कप्तान अंजुम चोपड़ा को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है। इनके साथ इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को भी इस सम्मान से नवाजा गया। यह घोषणा शनिवार को स्कॉटलैंड के एडिनबर्ग में आयोजित एक भव्य समारोह में की गई।

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ये सम्मान उन खिलाड़ियों को दिया जाता है जिन्होंने अपने प्रदर्शन और योगदान से क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा, 'सौरव गांगुली, अंजुम चोपड़ा और केविन पीटरसन ने अपने-अपने देशों का शानदार नेतृत्व किया है। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होकर उनकी उपलब्धियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेंगी।'

## क्रिकेट जगत का बड़ा सम्मानः भारत के लिए गर्व का पल





आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर सौरव गांगुली ने खुशी जताते हुए कहा कि यह उनके क्रिकेट करियर के सबसे खास पलों में से एक है। गांगुली ने कहा, 'आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। क्रिकेट के महान खिलाड़ियों के बीच अपना नाम देखना हमेशा मेरे लिए गर्व का विषय रहेगा। भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सौभाग्य रहा है और अब इस तरह सम्मानित होना बेहद विशेष अनुभव है।' उन्होंने आईसीसी चेयरमैन जय शाह का आभार जताते हुए कहा कि यह किसी भी क्रिकेटर के लिए सर्वोच्च सम्मान है। साथ ही उन्होंने भविष्य में भी क्रिकेट की सेवा करते रहने की इच्छा व्यक्त की।

### भारतीय क्रिकेट को नई दिशा देने वाले कप्तान

सौरव गांगुली ने ऐसे समय भारतीय टीम की कमान संभाली थी जब मैच फिक्सिंग विवाद के कारण भारतीय क्रिकेट कठिन दौर से गुजर रहा था। उनकी आक्रामक कप्तानी और युवा खिलाड़ियों पर भरोसे ने टीम इंडिया को नई पहचान दिलाई। अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में गांगुली ने लगभग 15 वर्षों में 18,575 रन बनाए और बाद में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष भी रहे।

### अंजुम चोपड़ा ने जताई खुशी

पूर्व भारतीय महिला कप्तान और मौजूदा क्रिकेट कमेंटेटर अंजुम चोपड़ा ने कहा कि बचपन से ही उनका सपना भारत के लिए खेलने का था और आज क्रिकेट के महान खिलाड़ियों के बीच सम्मानित होना उनके लिए बेहद गर्व की बात है।उन्होंने कहा, 'भारत की जर्सी पहनना मेरे लिए हमेशा गर्व का विषय रहा। आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होना उन सभी लोगों के प्रयासों का सम्मान है जिन्होंने मेरे करियर को आकार देने में योगदान दिया। मैं उन सभी की आभारी हूं।' अंजुम चोपड़ा ने भारत के लिए 12 टेस्ट, 127 वनडे और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। वह महिला वनडे क्रिकेट में 1000 रन पूरे करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर भी बनी थीं।

# अर्जेंटीना छठी बार सेमीफाइनल में



## स्विट्ज़रलैंड को 3-1 से हराया, एक्स्ट्रा टाइम में 2 गोल दागे, अब इंग्लैंड से मुकाबला

**कैंसस, एजेंसी।** डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने फुटबॉल वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उसने आखिरी क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड को 3-1 से हराया। लियोनेल मेसी की टीम छठी बार वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची है।कंसास सिटी स्टेडियम में अर्जेंटीना ने 10वें मिनट में बढ़त ले ली। मैक एलिस्टर ने मेसी के पास पर गोल किया। 67वें मिनट में डैन एनड्यॉय ने गोल कर स्विट्जरलैंड को 1-1 की बराबरी दिला दी। निर्धारित 90 मिनट तक यही स्कोर रहा। इंजरी टाइम में कोई गोल नहीं हुआ।मैच एक्स्ट्रा टाइम में गया। इसमें जूलियन अल्वारेज ने 112वें और एमी मार्टिनेज ने 121वें मिनट में गोल कर अर्जेंटीना को लगातार दूसरे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। अब 15 जुलाई को उसका मुकाबला इंग्लैंड से होगा।

अर्जेंटीना वर्ल्ड कप इतिहास की पहली टीम बन गई, जिसने एक ही वर्ल्ड कप में दो अलग-अलग मैचों के एक्स्ट्रा टाइम के एक ही हाफ में दो-दो गोल किए। उसने राउंड ऑफ 32 मैच में केप वर्डे के खिलाफ एक्स्ट्रा टाइम में डबल गोल किए थे।

अर्जेंटीना ने वर्ल्ड कप में लगातार 15वें मैच में गोल किया। इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे लंबी गोल करने की श्रृंखला केवल उरुग्वे (16 मैच, 1930-1962), हंगरी (17 मैच, 1934-1962), जर्मनी (18 मैच, 1934-1958 और 1986-1998) और ब्राजील (18 मैच, 1930-1958) के नाम दर्ज है।

स्विट्जरलैंड की लंबी बढ़त का सिलसिला टूट गया। टीम वर्ल्ड कप क्वालिफायर और 2026 वर्ल्ड कप मैचों 17 घंटे 10 मिनट (1,030 मिनट) तक किसी भी मैच में पीछे नहीं हुई थी। अर्जेंटीना के मैक एलिस्टर के गोल ने टीम को 0-1 से पीछे कर दिया।

### 90 मिनट तक स्कोर बराबर, इंजरी टाइम गोल रहित रहा

मैच के निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। रेफरी ने 8 मिनट का इंजरी टाइम दिया, लेकिन इसमें भी गोल नहीं आया। इंजरी टाइम के 8वें मिनट में स्विट्जरलैंड के गोलकीपर ग्रेगर कोबेल ने शानदार सेव किया। कोबेल ने कॉर्नर से लिसेंड्रो मार्टिनेज की किक को रोकने के लिए शानदार डाइव लगाई। उन्होंने गेंद को बहुत देर से देखा था। 72वें मिनट में स्विट्जरलैंड के फॉरवर्ड ब्रील एम्बोलो को मैदान से बाहर भेज दिया गया। वीडियो रीव्यू से पता चला कि उन्होंने ऐसा दिखाने की कोशिश की थी कि वे किसी टैकलिंग की वजह से गिरे, जबकि ऐसा कुछ नहीं हुआ। हाफ टाइम के बाद स्विस टीम ने डैन एनड्यॉय के गोल के दम पर बराबरी हासिल कर ली। टीम ने गोल करने के कई प्रयास किए। आखिरकार, रेड जर्सी की मेहनत रंग लाई। 67वें मिनट में डैन एनड्यॉय बाईं ओर से तेजी से आगे बढ़े और रिकार्डो रोड्रिग्ज के साथ पास का आदान-प्रदान किया और एमिलियानो मार्टिनेज को पछाड़ते हुए बेहद कंट्रोल गोल किया। डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना ने मैच की शुरुआत में ही 1-0 की बढ़त ले ली। 10वें मिनट में एलिस मैक एलिस्टर ने लियोनेल मेसी के शानदार पास पर गोल दागा। अर्जेंटीना ने मौजूदा एडीशन में अपना सबसे तेज गोल किया है। मेसी ने पेनल्टी कॉर्नर पर पास दिया था। इस पर एलिस्टर ने हेडर लगाकर गोल दागा। मेसी ने 10वां गोल असिस्ट किया है, जबकि एलिस्टर ने लगातार दूसरे वर्ल्ड कप एडीशन में गोल स्कोर किया है। उन्होंने 2022 में पोलैंड के खिलाफ ग्रुप मैच में गोल किया था।

## इंग्लैंड 8 साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचा



- नॉर्वे का सफर समाप्त, हालैंड नहीं कर पाए गोल

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में को इंग्लैंड ने नॉर्वे को हराकर 8 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। जूड बेलिंगहैम ने एक्स्ट्रा टाइम के तीसरे मिनट में गोल करके इंग्लैंड को नॉर्वे पर 2-1 से जीत दिलाई। इससे पहले इंग्लैंड 2018 सेमीफाइनल में पहुंचा था। इंग्लैंड के लिए दोनों गोल बेलिंगहैम ने किए। उन्होंने पहले हाफ के आखिर में पहला गोल करके स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

रियल मैड्रिड के स्टार के इस फुटबॉल वर्ल्ड कप में साथी खिलाड़ी हैरी केन के बराबर छह गोल हो गए हैं। वह फ्रांस के किलियन एम्बाप्पे और अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी के 8-8 गोल से पीछे हैं। बेलिंगहैम ने राउंड ऑफ 16 में 2 गोल किए थे, जिससे इंग्लैंड ने सह-मेजबान मेक्सिको को हराया था। 1966 वर्ल्ड कप का जीतने वाले इंग्लैंड का सेमीफाइनल में अर्जेंटीना या स्विट्जरलैंड से सामना होगा।

एंड्रियास श्जेल्डरुप ने 36वें मिनट में नॉर्वे के लिए गोल किया। 6 फुट 5 इंच के स्ट्राइकर एरलिंग हालैंड की करिश्माई प्रदर्शन के दमपर नॉर्वे की टीम पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची और दुनिया को हैरान कर दिया। मैनचेस्टर सिटी के स्टार खिलाड़ी हालैंड ने इस टूर्नामेंट में सात गोल किए थे। क्वार्टर फाइनल में पहली बार ऐसा हुआ कि वह वर्ल्ड कप में गोल नहीं कर पाए। एक्स्ट्रा टाइम के दूसरे हाफ में जॉर्जन स्ट्रैंड लार्सन ने उनकी जगह ली। नॉर्वे 56वें मिनट में लगभग 2-1 से आगे हो गया था जब कॉर्नर किक के बाद टोरब्योर्न हेगेम ने गोलकीपर जॉर्डन पिकफोर्ड को छकाते हुए रिबाउंड शॉट लगाकर गोल किया। वीडियो रिव्यू के बाद बॉक्स में हालैंड के फाउल के कारण गोल को नामंजूर कर दिया गया।

### अर्जेंटीना के पूर्व कप्तान का हुआ निधन, फुटबॉल जगत में शोक

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर और पूर्व कप्तान एंटोनियो उबाल्डो रैटीन का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से अर्जेंटीना और विश्व फुटबॉल जगत में शोक की लहर है। रैटीन की गिनती देश के सबसे बेहतरीन मिडफील्डरों और कप्तानों में की जाती थी। उन्होंने 1959 से 1969 तक अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व किया और 1962 तथा 1966 के फीफा विश्व कप में भी हिस्सा लिया।



अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। एएफए ने एक बयान में कहा, अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन अपने अध्यक्ष क्लाउडियो तापिया के जरिए एंटोनियो उबाल्डो रैटीन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करता है। वे अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम के इतिहास के सबसे बड़े प्रतीकों में से एक और अर्जेंटीना फुटबॉल के आइकन थे, जिनका 89 साल की उम्र में निधन हो गया। रैटीन 1966 में इंग्लैंड में हुए विश्व कप में अर्जेंटीना के कप्तान थे और एक ऐसी घटना के मुख्य पात्र थे जो हमेशा के लिए विश्व फुटबॉल की यादों में बस गई।

### विश्वकप के बीच बुरी खबर, अफ्रीका के एडम्स का निधन

**जोहानिसबर्ग।** फीफा विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व करने वाले मिडफील्डर जेडन एडम्स का 25 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की पुष्टि शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खेल, कला एवं संस्कृति मंत्री गेटन मैकेंजी ने की। एडम्स मौजूदा फीफा विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल थे। एडम्स ने दक्षिण अफ्रीका को पहली बार विश्व कप के नॉकआउट चरण में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनके निधन के कारण का अभी खुलासा नहीं हुआ हैमैकेंजी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गहरे सदमे और भारी मन से मुझे यह जानकारी मिली कि मामेलोडी सनडाउन्स और बाफाना बाफाना के मिडफील्डर जेडन एडम्स का 25 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉल ने अपने सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक को खो दिया है और पूरा देश उनके परिवार, साथियों तथा लाखों प्रशंसकों के साथ शोक में डूबा है। जेडन की मौत के कारण की अभी पुष्टि नहीं हुई है। मैं मीडिया और आम जनता से अपील करता हूं कि वे संयम और संवेदनशीलता बरतें तथा किसी भी तरह की अटकलों से बचें।



## इन पांच कारणों के चलते भारतीय टीम को मिली हार

# 1600 दिन की बादशाहत खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आयरलैंड के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी भारतीय टीम को एक जीत तक नसीब नहीं हो सकी। पांचवें टी20 में इंग्लैंड ने 56 रनों से जीत दर्ज करने के साथ ही मेजबान टीम ने सीरीज को 4-0 से अपने नाम कर लिया। टी20 विश्व कप की चैंपियन भारतीय टीम ने कप्तानी में बदलाव किया था और सूर्यकुमार यादव की जगह श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी थी। लेकिन श्रेयस कप्तान के तौर पर अब तक विफल रहे हैं और शुरुआती सात मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में मिली हार के साथ ही भारतीय टीम की फरवरी 2022 से चली आ रही टी20 क्रिकेट की नंबर-1 बादशाहत भी समाप्त हो गई। इंग्लैंड ने सीरीज 4-0 से अपने नाम करते हुए आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया, जबकि भारत दूसरे स्थान पर खिसक गया।

इस हार का असर सिर्फ मैच या सीरीज तक सीमित नहीं रहा। आयरलैंड के खिलाफ 0-2 और इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 की हार के बाद भारत आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान गंवा बैठा। भारतीय टीम करीब 1600 दिनों तक दुनिया की नंबर-1 टी20 टीम रही, लेकिन अब यह स्थान इंग्लैंड ने अपने नाम कर लिया। इंग्लिश टीम ने शानदार प्रदर्शन के दम पर न सिर्फ सीरीज में क्लीन स्वीप किया, बल्कि टी20 क्रिकेट में नई नंबर-1 टीम बनने का गौरव भी हासिल कर लिया।

### वैभव को बाहर करना नहीं आया काम

इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी टी20 मैच में भारतीय क्रिकेट टीम ने एक ऐसा हैरान करने वाला फैसला लिया था। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को सिर्फ तीन मैच खिलाने के बाद प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया। उनकी जगह अनुभवी खिलाड़ी संजू सैमसन की एकादश में वापसी हुई, जिन्हें पहले सूर्यवंशी के लिए ही टीम से ड्रॉप किया गया था। सूर्यवंशी ने ब्रिटेन दौरे के भारत दौरे पर सात में से तीन मैच खेले और इंग्लैंड के खिलाफ अपनी तीन छोटी पारियों में कुल 42 रन बनाए। तेज स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करने के बावजूद, वैभव अपनी तीन पारियों में इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों की गेंदों से मिलने वाले अतिरिक्त उछाल का सामना नहीं कर पाए। सैमसन को वैभव की जगह पांचवें टी20 मैच में मौका दिया गया, लेकिन उनका बल्ला इस मैच में भी नहीं चला। सैमसन 14 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए।

### इस वजह से करना पड़ा हार का सामना



1. **शीर्ष क्रम की नाकामी:** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम का शीर्ष क्रम बुरी तरह से फेल रहा। अभिषेक शर्मा ने शुरुआती दो टी20 में रन बनाए, लेकिन अगले तीन मुकाबलों में उनका बल्ला खामोश रहा। संजू सैमसन रनों के लिए संघर्ष करते नजर आए, तो वैभव सूर्यवंशी इस सीरीज में मिले तीन मौकों को भुनाने में पूरी तरह से नाकाम रहे। शीर्ष क्रम की नाकामी का असर मध्यक्रम के बल्लेबाजों पर साफतौर पर नजर आया।
2. **खोखला नजर आया मध्य क्रम:** टीम इंडिया का मध्य क्रम इस टी20 सीरीज में पूरी तरह से खोखला नजर आया। ईशान किशन सीरीज के आखिरी टी20 मैच को छोड़कर बाकी चार मुकाबलों में रनों के लिए जूझते दिखाई दिए। यही हाल तिलक वर्मा का रहा। खुद कप्तान श्रेयस अय्यर भी अपने नाम के अनुरूप निरंतरता के साथ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।
3. **लगातार बल्लेबाजी क्रम से छेड़छाड़ पड़ी भारी:** इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में भारतीय टीम को बल्लेबाजी क्रम से लगातार छेड़छाड़ करना महंगा पड़ा। तिलक वर्मा और शिवम दुबे के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया गया। तीसरे टी20 में तो तिलक और शिवम से ऊपर बल्लेबाजी के लिए अक्षर पटेल तक को भेजा गया। अक्षर पटेल की भी एक स्थान पक्का नजर नहीं आया।
4. **तेज गेंदबाज रहे विफल:** इंग्लैंड की मददगार परिस्थितियों में भारतीय तेज गेंदबाज बुरी तरह से फ्लॉप रहे। भारत के मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पांच मुकाबलों में सिर्फ चार विकेट ही निकाल सके और उनकी इकोनॉमी 9.47 की रही। ऐसा ही कुछ हाल हर्षित राणा का भी रहा, जिन्होंने 10 की इकोनॉमी से रन देने के बाद महज तीन विकेट निकाले। प्रसिद्ध कृष्णा सिर्फ एक ही विकेट चटका सके और उनकी इकोनॉमी भी 9 के ऊपर की रही। युवा गेंदबाज प्रिंस यादव ने भी 10.72 की इकोनॉमी से रन खर्च किए। इंग्लैंड में भारत को जसप्रीत बुमराह की कमी साफतौर पर खली। प्रिंस यादव के लिए तो टी20 अंतरराष्ट्रीय में करियर की शुरुआत ही बेहद निराशाजनक रही है। वह अंबाती रायुडू के बाद दूसरे ऐसे भारतीय खिलाड़ी हैं जिन्होंने अपने शुरुआती चारों टी20 मैच गंवाए हैं। प्रिंस को आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में डेब्यू का मौका मिला था।
5. **अय्यर की खराब कप्तानी:** श्रेयस अय्यर की कप्तानी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में बेहद साधारण नजर आई। गेंदबाजों के फेरबदल के साथ-साथ फील्डिंग सेटअप में अय्यर बुरी तरह फेल नजर आए। कप्तानी का दबाव उनकी बल्लेबाजी पर भी कुछ हद तक दिखाई दिया। इसके साथ ही वह हेड कोच गौतम गंभीर संग मिलकर सही टीम संयोजन उतारने में भी नाकाम रहे। अय्यर की कप्तानी पर भी लगातार सवाल खड़े होते रहे हैं। अय्यर पहले ऐसे भारतीय कप्तान हैं जिन्होंने शुरुआती सात टी20 मुकाबले गंवाए हैं।



### क्या बीसीसीआई लेगा कड़ा फैसला?

गौतम गंभीर जब से भारतीय टीम के मुख्य कोच बने हैं, तभी से टीम का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा है। भारत ने गंभीर के नेतृत्व में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और टी20 विश्व कप 2026 का खिताब अपने नाम किया था। लेकिन टेस्ट प्रारूप में उसका प्रदर्शन निरंतर खराब रहा है। भारत को न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घर में टेस्ट सीरीज में हार मिली थी। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी भारत ने गंवा दी थी। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराने में सफल रही। अब तक सीमित ओवर में भारत का दबदबा नजर आ रहा था, लेकिन पहले आयरलैंड और अब इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में मिली हार ने टी20 टीम में भी कमियों को उजागर करके रख दिया है। आने वाले दिनों में भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है और फिर सितंबर-अक्तूबर में एशियाई खेलों में भी उतरना है। जिस हिसाब से टीम खेल रहे हैं, उसके लिए आने वाले दिन काफी चुनौतीपूर्ण रहने वाले हैं। हाल ही में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा था कि हम सीरीज खत्म होने के बाद भारतीय टीम के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। यह भी खबर है कि टीम के फील्डिंग कोच टी. दिलीप को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है और उनके कार्यकाल को विस्तार नहीं दिया जाएगा। जाहिर है कि गंभीर और श्रेयस भी बोर्ड के रडार पर होंगे। अब देखना दिलचस्प होगा कि लगातार दो हार के बाद क्या बीसीसीआई कोई कड़ा फैसला लेगा या इसी कोचिंग स्टाफ और टीम को वापसी के लिए थोड़ा और समय देगा।

## सीएम योगी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में किया पौधरोपण, 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। इसके बाद वे गोरखपुर जिले में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।इस मौके पर सीएम राज्य में महा वृक्षारोपण 2026 अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसके तहत पूरे यूपी में 35 करोड़ पौधे लगाने का बड़ा लक्ष्य रखा गया है।गोरखपुर में एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत साल 2026 के इस अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के लॉन्च के मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पर्यावरण और धरती के महत्व को समझाया। सीएम योगी ने कहा कि यह धरती मां के प्रति आभार जताने का एक बहुत बड़ा और शानदार प्रयास है। धरती मां हम सभी को एक अच्छा और अनुकूल पर्यावरण देती हैं और आगे बढ़ने का मौके देती है। वह हमें जिंदा रखने के लिए अनाज और फल पैदा करती हैं। वह हमारे पीने के लिए पानी देती हैं और हमारी सभी जरूरतों को पूरा करती हैं।



## ताज होटल में बम होने की फर्जी सूचना से मचा हड़कंप

मुंबई (एजेंसी)। दुनियाभर में मशहूर मुंबई की प्रतिष्ठित ताज होटल में बम रखे जाने की एक फर्जी सूचना ने रविवार तड़के पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर ला दिया। एक अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर दावा किया कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम ने ताज होटल में बम लगवाया है। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ते और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए होटल में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। कई घंटों की जांच के बाद कोई संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिलने पर पुलिस ने कॉल को फर्जी करार दिया। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस के हवाले से बताया गया, कि देर रात करीब 12-13 बजे नवी मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में यह फोन कॉल प्राप्त हुआ था। कॉल करने वाले ने दावा किया कि दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित ताज होटल में बम लगाया गया है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए कोलाबा पुलिस, मुंबई क्राइम ब्रांच और बम निरोधक दस्ते की टीमें तुरंत होटल पहुंचीं और सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा करते हुए होटल परिसर के विभिन्न हिस्सों की गहन तलाशी ली। तलाशी अभियान के दौरान होटल के कमरों, सार्वजनिक क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील स्थानों की सावधानीपूर्वक जांच की गई, लेकिन कहीं भी कोई विस्फोटक सामग्री या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने इसे अफवाह फैलाने के उद्देश्य से किया गया फर्जी कॉल बताया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने फोन कॉल का स्रोत नवी मुंबई के तुर्भे क्षेत्र में चिन्हित किया है। पुलिस का कहना है कि कॉल करने वाले की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम रवाना की गई है। फिलहाल किसी आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हो सकी। उल्लेखनीय है कि टाटा समूह के स्वामित्व वाला ताज महल पैलेस होटल देश के सबसे प्रतिष्ठित होटलों में गिना जाता है। वर्ष 2008 के 26/11 मुंबई आतंकी हमले के दौरान यह होटल आतंकवादियों का प्रमुख निशाना बना था, जिसमें कई लोगों की जान गई थी। इसी कारण होटल की सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत सुदृढ़ रखी जाती है और किसी भी प्रकार की धमकी या संदिग्ध सूचना मिलने पर सुरक्षा एजेंसियां तत्काल उच्च स्तर की सतर्कता बरतती हैं।

## सुप्रीम कोर्ट की महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी, चार साल मे चार्जशीट नही

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने एक आपराधिक मामले में महाराष्ट्र सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है। न्यायालय ने कहा, घटना के चार वर्ष बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक चार्जशीट दाखिल नहीं कर सकी है। जो आपराधिक न्याय व्यवस्था की गंभीर खामी को दर्शाता है। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है,जांच में इतनी असामान्य देरी क्यों हुई। कौन इसके लिए जिम्मेदार है, अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है। न्यायालय ने टिप्पणी की, समयबद्ध जांच और शीघ्र चार्जशीट न्याय व्यवस्था की मूल आवश्यकता है। अनावश्यक विलंब से पीड़ित और आरोपी दोनों के अधिकार प्रभावित होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को मामले की प्रगति संबंधी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश देते हुए जांच में तेजी लाने और लंबित प्रक्रिया शीघ्र पूरी करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जज इतने नाराज थे कि उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर स्थिति जल्द ही नहीं बदली तो वह सरकार को बेनकाब कर देंगे।

## 16 से शुरू होगी जगन्नाथ रथ यात्रा, आयोजन को सफल बनाने तैयारियों में जुटा प्रशासन

पटना(एजेंसी)। 16 जुलाई से शुरू हो रही जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिर प्रशासन, ओडिशा सरकार, पुलिस प्रशासन, सेवायतों और लोगों के प्रयासों से इस भव्य आयोजन को सफल बनाने की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और बहन देवी सुभद्रा को तीन विशाल लकड़ी के रथों में विराजमान कर श्रद्धालु गुंडिचा मंदिर तक खींचकर ले जाएंगे। जहां भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभ्रद्रा एक हफ्ते तक रहते हैं। फिर उसके बाद जगन्नाथ मंदिर लौट आते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जगन्नाथ मंदिर, पुरी के सेवायत दैतापति भबानी दास महापात्रा ने कहा कि रथ यात्रा के सफल आयोजन के लिए सभी पक्ष एकजुट होकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दैतापति परिवार, मंदिर प्रशासन, ओडिशा सरकार और पुरी के सभी लोग महाप्रभु की कृपा से इस आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। भगवान जगन्नाथ स्वयं इस रथ यात्रा का मार्गदर्शन और आशीर्वाद देते हैं।

उन्होंने सीएम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम स्वयं तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। साथ ही पुलिस प्रशासन की सराहना करते हुए बताया कि यात्रा की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर अब तक 20 से 30 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। महापात्रा ने विश्वास जताया कि इस वर्ष की रथ यात्रा ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन भक्तों, सेवायतों, मंदिर प्रशासन, ओडिशा सरकार और पुरी के नागरिकों के सामूहिक सहयोग और मिले-जुले प्रयासों को दिखाती है। उन्होंने कहा कि जगन्नाथ मंदिर में इस दिव्य और भव्य उत्सव की सभी तैयारियां पूरे जोश और उत्साह के साथ जारी हैं।

# पंजाब कांग्रेस में बगावत: बागियों को नहीं मना पाए बघेल

### 12 विधायकों और तीन सांसदों के साथ चन्नी ने दिखाई ताकत

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब कांग्रेस में बगावत के सुर और तेज हो गए हैं। आलाकमान की कोशिशें नाकाम हो गई हैं। मोरिंडा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी गुट के नाराज नेताओं ने चंडीगढ़ में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल के सामने शक्ति प्रदर्शन किया। बघेल इन नेताओं को मनाने विधायक राणा गुरजीत सिंह के आवास पहुंचे थे, लेकिन वहां उन्हें नाराज नेताओं की ताकत का सामना करना पड़ा। बैठक के बाद भी बगावत के सुर शांत नहीं हुए। बघेल ने नेताओं को भरोसा दिया कि उनकी भावनाओं से हाईकमान को अवगत कराया जाएगा। ऐसे में पंजाब कांग्रेस की इस अंदरूनी खींचतान को खत्म करने की जिम्मेदारी अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पाले में पहुंच गई है। नाराज नेताओं ने एक सुर में कहा कि उन्हें मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग का नेतृत्व कतई स्वीकार नहीं है।

नेताओं ने कहा कि उन्हें पंजाब में कॉम्प्रोमाइज्ड (समझौतावादी) नेता नहीं चाहिए। विधानसभा चुनाव जीतना है तो प्रदेश संगठन का नेतृत्व ऐसे नेता के हाथ में होना चाहिए, जो सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ सके। नेताओं ने बघेल से साफ कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी पंजाब में बड़ा और सर्वस्वीकार्य चेहरा हैं।



### कई बार फैसले वापस लेने पड़ते हैं: रंधावा

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि उनकी प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है, लेकिन प्रदेश नेतृत्व राज्य सरकार के खिलाफ अपेक्षित आक्रामकता नहीं दिखा रहा। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं ने अपनी बात प्रभारी भूपेश बघेल के सामने रख दी है और उनसे आग्रह किया है कि वह नेताओं की भावनाओं से हाईकमान को अवगत कराएं। कई बार परिस्थितियों के अनुसार हाईकमान को अपने फैसले वापस लेने पड़ते हैं। यदि पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनानी है तो इस फैसले पर भी पुनर्विचार करना होगा। हम कॉम्प्रोमाइज्ड नेताओं के साथ आगे नहीं बढ़ सकते।

### तेल देखेंगे, तेल की धार देखेंगे: चन्नी

पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि प्रभारी भूपेश बघेल के साथ बातचीत हो गई है। सभी नेताओं ने अपने मन की बात उनके सामने रख दी है। अब फैसला हाईकमान को करना है। उन्होंने कहा कि अब तेल देखेंगे, तेल की धार देखेंगे, यानी आगे पार्टी नेतृत्व की प्रतिक्रिया का इंतजार करेंगे।

### मैं कॉम्प्रोमाइज्ड नहीं: वड़िंग

पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने उनका नाम नहीं लिया। वह और रंधावा पिछले साढ़े चार वर्षों से साथ काम कर रहे हैं। यदि दोनों में से कोई कॉम्प्रोमाइज्ड होता तो इतनी लंबी राजनीतिक साझेदारी संभव नहीं होती। उन्होंने कहा कि वह भी मानते हैं कि पंजाब में कांग्रेस कॉम्प्रोमाइज्ड नेताओं के साथ आगे नहीं बढ़ सकती।

## ओमान तट पर व्यावसायिक जहाज पर हुए ईरानी हमले का भारत ने किया विरोध

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ओमान के तट के पास व्यावसायिक जहाज पर हुए कथित ईरानी हमले का भारत ने कड़ा विरोध किया है। विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि जहाज पर मौजूद 11 भारतीय नागरिकों में से 10 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि एक भारतीय नाविक लापता है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक ओमान स्थित भारतीय दूतावास पूरे घटनाक्रम पर नजर रख रहा है और स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर खोज एवं बचाव अभियान चलाया जा रहा है। सरकार ने कहा कि लापता भारतीय नागरिक का पता लगाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। बयान में कहा गया है कि हम ओमान के तट के पास व्यावसायिक जहाज पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारा दूतावास ओमानी अधिकारियों के साथ लगातार संपर्क में है और बचाव अभियान पर करीबी नजर रखे हुए है। भारत ने बचाव अभियान में सहयोग के लिए ओमान सरकार और स्थानीय अधिकारियों का आभार माना है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय मिशन प्रभावित नाविकों और उनके परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करा रहा है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब होर्मुज और ओमान के आसपास के समुद्री क्षेत्रों में सैन्य तनाव लगातार बढ़ रहा है। बतादें हाल के दिनों में व्यापारिक जहाजों पर हमलों की घटनाओं ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। भारत ने दोहराया कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना वैश्विक समुदाय की साझा जिम्मेदारी है और निर्दोष नागरिकों और व्यापारिक जहाजों पर हमले किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जा सकते हैं।




## बीजेपी नेशनल कॉन्फ्रेंस में फूट डालकर सरकार को गिराने की कोशिश कर रही: उमर



**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस में फूट डालकर उनकी सरकार को गिराने की कोशिश कर रही है। उमर अब्दुल्ला ने दावा किया कि उनकी पार्टी के विधायकों को पाला बदलने के लिए 20 से 30 करोड़ रुपए तक की पेशकश की गई है।

श्रीनगर के हजरतबल में अपनी दादी बेगम अकबर जोहरा की 26वीं पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उनके विधायकों को खरीदने के लिए धनबल का इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पैसे और मंत्री पद का लालच काम नहीं आया, तो भाजपा बंद दरवाजों के पीछे विधायकों से कह रही है कि वे उनके साथ आ जाएं और वे उन्हें राज्य का दर्जा दिला देंगे।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने एक विशिष्ट घटना का जिक्र करते हुए दावा किया कि जम्मू क्षेत्र के नेशनल कांफ्रेंस के एक विधायक ने खुद उन्हें इसकी जानकारी दी। विधायक के अनुसार, भाजपा के एक पदाधिकारी और उच्चतम न्यायालय के एक वकील ने उनसे समर्थन मांगा और इसके बदले में 20 से 30 करोड़ रुपये, एक मंत्री पद और राज्य का दर्जा देने का वादा किया।

अपनी पार्टी के सहयोगियों और विधायकों पर पूरा भरोसा जताते हुए उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नेशनल कांफ्रेंस का कोई भी विधायक खुद को नहीं बेचेगा। उन्होंने कहा कि एक भी ऐसा विधायक नहीं है जो 20 करोड़ या 100 करोड़ रुपये के लिए भी अपनी ईमानदारी बेच दे, क्योंकि वे जानते हैं कि उन्हें अल्लाह को जवाब देना है। उन्होंने भाजपा को चेतावनी देते हुए कहा कि वे पिछले दरवाजे से सत्ता हासिल करने की कोशिश न करें।

इस सम्मेलन के बाद, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने भी अपनी पार्टी को तोड़ने की कोशिशों की बात स्वीकार की और कहा कि ऐसी कोशिशें अतीत में भी की जा चुकी हैं। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इन सब बातों से निराश न हों।

# बांग्लादेश में आतंकी प्रशिक्षण शिविर होने के दावे से बढ़ी चिंता

**-चिकन नेक को लेकर पूर्व रॉ अधिकारी के दावों से रणनीतिक बहस हुई तेज**

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** बांग्लादेश में कथित आतंकी प्रशिक्षण शिविरों और भारत के रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर (चिकन नेक) को लेकर पूर्व रॉ अधिकारी लकी बिष्ट के दावों के बाद सुरक्षा संबंधी चर्चाएं तेज हो गई हैं। हालांकि, इन दावों की भारत सरकार या किसी आधिकारिक एजेंसी की ओर से फिलहाल पुष्टि नहीं की गई है।

दरअसल लकी बिष्ट ने सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट में दावा किया कि बांग्लादेश के विभिन्न क्षेत्रों में कथित आतंकी प्रशिक्षण शिविर संचालित हो रहे हैं, जहां पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और उसके सहयोगियों की भूमिका है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वर्ष 2025 में पाकिस्तान की आईएसआई के प्रमुख आसिम मलिक ने बांग्लादेश यात्रा के दौरान इन कथित शिविरों का गुप्त दौरा किया था। इन दावों के समर्थन में कोई आधिकारिक साक्ष्य सार्वजनिक नहीं किया गया है।



पूर्व रॉ अधिकारी ने रंगपुर, चटगांव हिल ट्रैक्ट्स, सिलहट और नेत्रोकोना क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि इन इलाकों में विभिन्न चरमपंथी संगठनों से जुड़े तत्व सक्रिय हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे आम तौर पर चिकन नेक कहा जाता है, पश्चिम बंगाल में स्थित भारत का एक अत्यंत महत्वपूर्ण भू-भाग है। यह संकरा गलियारा देश के पूर्वोत्तर के आठ राज्यों– अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा–को शेष भारत से जोड़ता है। सबसे संकरे हिस्से में इसकी चौड़ाई लगभग 22 किलोमीटर है, जिसके कारण इसे सामरिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील माना जाता है।

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, सिलीगुड़ी कॉरिडोर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और पूर्वोत्तर राज्यों से संपर्क बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे में इस क्षेत्र से जुड़े किसी भी सुरक्षा दावे का मूल्यांकन आधिकारिक खुफिया सूचनाओं और सरकारी जांच के आधार पर ही किया जाना चाहिए। फिलहाल बांग्लादेश में कथित आतंकी शिविरों और उनके भारत की सुरक्षा पर संभावित प्रभाव को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी से ध्यान भटकाने बीजेपी यूसीसी का मुद्दा उठा रही

**-शिवसेना (यूबीटी) के आदित्य ठाकरे ने कहा-बीजेपी बाबर जनता पार्टी बन गई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति गर्मा गई है। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) इस मुद्दे को लेकर बीजेपी के खिलाफ खुलकर मैदान में आ गई है। शिवसेना (यूबीटी) महाराष्ट्र में राम रक्षा आंदोलन चला रही है, वहीं पार्टी के प्रमुख नेताओं ने बीजेपी के खिलाफ जमकर बयानबाजी की है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे और पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की घटना को लेकर बीजेपी पर हमला बोला। आदित्य ने कहा है कि हम भगवान राम को बीजेपी से बचा रहे हैं। उन्होंने कहा है कि बीजेपी अब बाबर जनता पार्टी बन गई है। आदित्य ने आरोप लगाया है कि बीजेपी राम मंदिर में हुई लूट से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी इस मुद्दे से देश का ध्यान भटकाने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का मुद्दा उठा रही है। आदित्य ने कहा कि हम ऐसा नहीं होने देंगे। उन्होंने यूसीसी को लेकर पार्टी का रुख स्पष्ट करते हुए कहा कि इसके गुण-दोष के आधार पर बहस होनी चाहिए। हम इसका समर्थन करेंगे। आदित्य ने राम मंदिर में चढ़ावा चोरी और कई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की।

रिपोर्ट के मुताबिक आदित्य ठाकरे ने कहा कि राम मंदिर में हुई लूट की निष्पक्ष जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट को हस्तक्षेप करना चाहिए। बता दें शिवसेना के राम रक्षा आंदोलन की शुरुआत पिछले दिनों पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दादर के हनुमान मंदिर से की थी। इस मौके पर मंदिर आंदोलन में बालासाहेब ठाकरे की भूमिका को याद करते हुए उन्होंने चढ़ावा चोरी को हिंदू आस्था के साथ विश्वासघात बताया था।




# नरोत्तम मिश्रा ने ऐसा क्या कह दिया कि उमा भारती ने की सराहना

### -दतिया उपचुनाव के लिए भाजपा के घोषित प्रत्याशी को रार

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा की खुले मन से सराहना की है। वहीं उन्होंने दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा से घोषित प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को जीत का आशीर्वाद भी दे दिया है।

दरअसल भाजपा प्रत्याशी घोषणा को लेकर नरोत्तम मिश्रा समर्थकों ने विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया था। जो आगे चलकर हिंसक हो गया। इसी बीच शीर्ष नेतृत्व के दखल के बाद नरोत्तम मिश्रा ने पार्टी प्रत्याशी के नामांकन में शामिल होने का ऐलान किया, जिसे उमा भारती ने संगठनात्मक मर्यादा और राजनीतिक परिपक्वता का आदर्श उदाहरण बताया है। यहां बताते चलें कि इन दिनों उमा भारती वृंदावन प्रवास पर हैं। वहीं से उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कि भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी ने उन्हें फोन कर चुनाव में जीत का आशीर्वाद मांगा था। उन्होंने कहा कि उन्होंने उन्हें पूरे मन से विजय का आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।



इसी के साथ ही उमा भारती ने अपनी पोस्ट में नरोत्तम मिश्रा का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्याशी की घोषणा के बाद उन्होंने नरोत्तम मिश्रा को यह कहते सुना कि वे आशुतोष तिवारी के नामांकन में शामिल होंगे। उन्होंने इस कदम को लोकतांत्रिक मूल्यों और पार्टी अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि यही किसी बड़े नेता की पहचान होती है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने लिखा कि वह नरोत्तम मिश्रा का अत्यंत सम्मान करती हैं और उनके प्रति स्नेह रखती हैं। उन्होंने कहा कि जो बात वह स्वयं कहना चाहती थीं, उसे नरोत्तम मिश्रा ने अपने व्यवहार से पहले ही सिद्ध कर दिया। उनके अनुसार, यह नरोत्तम मिश्रा के बड़प्पन और संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उल्लेखनीय है कि दतिया उपचुनाव में भाजपा ने पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के स्थान पर आशुतोष तिवारी को उम्मीदवार बनाया है। टिकट की घोषणा के बाद कुछ समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया था। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने और पथराव की घटना भी हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक सहित कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। हालांकि, इसके बाद पार्टी नेतृत्व ने स्थिति को संभालने का प्रयास किया है, जिसका असर भी नजर आया है।

## फिल्म सतलुज में किए गए दावों के समर्थन में प्रमाण सार्वजनिक करें मेकर्स

**-केंद्रीय राज्यमंत्री बिट्टू ने कहा- प्रमाण सही पाए गए तो माफी मांगने को तैयार**

**चंडीगढ़(एजेंसी)।** केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने फिल्म सतलुज को लेकर फिल्म निर्माताओं पर सवाल उठाते हुए उनसे फिल्म में किए गए कुछ दावों के समर्थन में दस्तावेजी प्रमाण सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि फिल्म में दिखाए गए तथ्यों के पर्याप्त सबूत नहीं हैं, तो दर्शकों के सामने उन्हें ऐतिहासिक सत्य के रूप में पेश करना उचित नहीं है। बिट्टू ने विशेष तौर पर फिल्म में कथित तौर पर दर्शाए गए 25 हजार लापता या अवैध रूप से दाह-संस्कार किए गए शवों के दावे पर आपत्ति जताई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बिट्टू का कहना है कि यदि इस आंकड़े के समर्थन में आधिकारिक रिकॉर्ड या ठोस दस्तावेज उपलब्ध हैं, तो उन्हें सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि ऐसे प्रमाण सामने आते हैं तो वह सार्वजनिक रूप से अपनी बात वापस लेने और माफी मांगने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास से जुड़े विवादित मामलों को बिना ठोस सबूत के दिखाना सही नहीं है। उनके मुताबिक पंजाब के आतंकवाद के दौर की कहानी दिखाते समय सभी पक्षों को बराबर जगह मिलनी चाहिए।




बिट्टू ने कहा कि फिल्म में आतंकवाद का सिर्फ एक पक्ष दिखाया गया है, जबकि निर्दोष लोगों, बस यात्रियों, दुकानदारों, सरकारी कर्मचारियों और मजदूरों की हत्याओं को उतनी अहमियत नहीं दी गई, जितनी दी जानी चाहिए थी। बिट्टू ने यह भी सवाल उठाया कि फिल्म में आतंकवाद के दौरान मारे गए निर्दोष लोगों और पुलिस व सुरक्षा बलों के जवानों के बलिदान को कितना दिखाया गया है। उन्होंने फिल्म मेकर्स से कहा कि अगर उनके पास 25 हजार शवों के दावे के सबूत हैं तो उन्हें सामने लाएं। अगर सबूत नहीं हैं, तो इस दावे पर पंजाब के लोगों से माफी मांगें।

# चीन ने ऑर्बिटल-क्लास रॉकेट बूस्टर को वापस हासिल किया, भारत अभी कई साल दूर

**-इस बूस्टर के इस साल के आखिर में दोबारा उड़ान भरने की उम्मीद**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन ने ऑर्बिटल-क्लास रॉकेट बूस्टर को वापस हासिल कर लिया है। इसके साथ ही वह उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है जो दोबारा इस्तेमाल होने वाले लॉन्च सिस्टम पर काम कर रहे हैं। वहीं इसरो के दोबारा इस्तेमाल होने वाले नेक्स्ट जेनरेशन लॉन्च व्हीकल की डेमो-फ्लाइट में अभी कई साल और लगेंगे। चीन ने हैनान तट के पास वर्टिकल पावर्ड डिसेंट के बाद अपने लॉन्ग मार्च-10बी रॉकेट के पहले चरण के बूस्टर को वापस हासिल कर लिया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी के हवाले से बताया कि इस बूस्टर के इस साल के आखिर में दोबारा उड़ान भरने की उम्मीद है। इस कामयाबी से ग्लोबल लीडर्स के साथ अंतर कम तो हुआ है, लेकिन पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्पेस-एक्स अभी भी इस मामले में बेंचमार्क बना हुआ है; इसने करीब एक दशक से फाल्कन-9 बूस्टर को लगातार रिकवर करके दोबारा इस्तेमाल किया है, जिससे लॉन्चिंग की लागत और तौर-तरीके पूरी तरह बदल गए हैं। ब्लू ओरिजिन भी अपने भारी-भरकम न्यू ग्लेन रॉकेट के लिए दोबारा इस्तेमाल होने वाले पहले चरण पर काम कर रहा है। चीन की यह कामयाबी दिखाती है कि दोबारा इस्तेमाल होने वाले ऑर्बिटल लॉन्च सिस्टम अब सिर्फ अमेरिका तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कमर्शियल और लूनर प्रोग्राम चलाने वाली बड़ी स्पेस ताकतों के लिए यह एक जरूरी क्षमता बनती जा रही है।

स्पेस एजेंसी की ताजा जानकारी के विश्लेषण से पता चलता है कि एनजीएलवी का विकास शुरू हो गया है। एनजीएलवी को आंशिक रूप से दोबारा इस्तेमाल होने वाला, इंसानों को ले जाने में सक्षम और व्यावसायिक रूप से व्यावहारिक लॉन्चर बताया गया है। इस तीन-स्टेज वाले व्हीकल को लो-अर्थ ऑर्बिट तक 30 टन तक का पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया जा रहा है और इसके दो वेरिएंट की योजना है। इसरो ने बताया कि पहले स्टेज को वर्टिकल लैंडिंग और दोबारा इस्तेमाल के जरिए रिकवरी के लिए कॉनफ़िगर किया जाएगा। यह रिकवरी का तरीका मोटे तौर पर फाल्कन-9 जैसा ही है, जिसे सबसे पहले अपनाया गया था और अब चीन भी इसी रास्ते पर चल रहा है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**